सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 54, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 307 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 307 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 95 अंक टूटा। } 10

## निराशावादी हुए नाकाम, खिल उठा भारत : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि की सराहना की और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसते हुए कहा निराशावादी नाकाम हुए और भारत एक बार फिर खिल उठा। } 12

# मानवता को हर दिन पीछे धकेलता है युद्ध

## बिश्केक में प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति पुतिन की अहम मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर बिश्केक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अहम मुलाकात हुई। मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के तत्काल और शांतिपूर्ण समाधान की अपील करते हुए कहा कि अब अंतहीन युद्ध से आगे बढ़कर युद्ध के अंत की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने शांति के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन के अलावा व्यापार, निवेश, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की। यह मुलाकात पुतिन की आगामी भारत यात्रा और वार्षिक इफकउर शिखर सम्मेलन से पहले हुई है।

मोदी ने कहा, 'युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेलता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नई उम्मीद और उत्साह भरता है। हमें अंतहीन युद्ध से दूर हटकर युद्ध के अंत की ओर बढ़ना चाहिए।' यह मानवता के कल्याण के लिए बेहद ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सीएम योगी ने नानपारा-बहराइच रेल खंड व ट्रेन सेवा को दिखायी हरी झंडी

## दुख की घड़ी में हम सभी नेपाल के साथ, दोनों देशों के बीच साझी सांस्कृतिक विरासत

एस.पी. मिश्र



बहराइच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीएम ने कहा कि बहराइच कभी भारत की सत्ता का संचालन भी करता था, लेकिन आजादी के बाद भी यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा। एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने बहराइच में ही सालार मसूद को मिट्टी में मिलाया था और भारत को विदेशी आक्रांताओं से मुक्त किया था, लेकिन आजादी के बाद भी दशकों तक महाराजा सुहेलदेव को विस्मृत किया गया। सालार मसूद के नाम पर उर्स व मेले लगवाकर देश को अपमानित किया जाता रहा। किंतु आज यहां विदेशी आक्रांता के नाम पर कोई आयोजन नहीं होता, बल्कि महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनकर तैयार हो गया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ नेपालगंज रोड (रुपईडीहा)-नानपारा-बहराइच रेल खंड और इस पर ट्रेन सेवा की शुरूआत की। दोनों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को वाराणसी के लिए रवाना किया। रेलमंत्री ने बहराइच नानपारा-नेपालगंज रोड के रेलखंड को ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़ने की घोषणा की। सीएम ने चार अन्य ट्रेनों की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री व रेलमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि रेलमंत्री ने बहराइच से नानपारा और नेपालगंज रोड के रेलवे ब्रॉडगेज कार्य (56 किमी का रेलखंड) को 730 करोड़ से समय-सीमा के अंदर पूरा कराया। पहली ट्रेन रूपईडीहा से बाबा विश्वनाथ के धाम वाराणसी सिटी तक जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बहराइच ने भारत की गौरव-गाथा को बढ़ाया था, वह विकास से वंचित हो गया। रेल कनेक्टिविटी न के बराबर थी, जो थी वह मीटरगेज (छोटी लाइन) के रूप में थी। मित्र राष्ट्र नेपाल से भी कनेक्टिविटी नहीं हो पाई। आजादी के बाद कई स्थानों पर रेल लाइन को मीटरगेज से ब्रॉडगेज किया गया। शताब्दी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## आईएनएस निपुण नौसेना में शामिल



मुंबई। भारतीय नौसेना ने जटिल समुद्री अभियानों में सहायता के लिए पोत आईएनएस निपुण को अपने बेड़े में शामिल किया जो समुद्र की गहराई में जाने में सक्षम है। इसके शामिल होने से नौसेना गोताखारी अभियानों से जुड़ी विशेष क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल आईएनएस निस्तार के शामिल होने के बाद आईएनएस निपुण भारतीय नौसेना में शामिल किया गया इस श्रेणी का दूसरा पोत है। इसे मुंबई में नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की उपस्थिति में नौसेना में शामिल किया गया।

## मणिपुर में गोलीबारी तीन लोगों की मौत

गइंफाल/कांगपोकपी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पहाड़ी पर स्थित एक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों की गोलीबारी में दो महिलाओं समेत तीन नागरिकों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुकी बहुल जिले के टी. वाइचोंग उप-मंडल के एन. तेइखांग गांव में सुबह करीब साढ़े नौ बजे अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों ने हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने कई घरों में आग भी लगा दी। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों और दूसरे समुदाय से जुड़े सशस्त्र समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई।

# अंकित बालियान की हत्या करने वाले दोनों शूटर मुठभेड़ में ढेर

## ○ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर ○ यूपी को नहीं बनने देंगे किसी भी गैंग की शरणस्थली : डीजीपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यूपी पुलिस ने हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड के दो आरोपी शूटरों को शामली कोतवाली क्षेत्र में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इस संबंध में यूपी पुलिस मुख्यालय में डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश की धरती को किसी भी गैंग की शरणस्थली नहीं बनने दिया जाएगा। प्रदेश की सीमा से बाहर व विदेशों से साजिश रचने वाले अपराधी भी किसी गलतफहमी में न रहें।



अंकित बालियान के हत्यारों को ढेर करने के बाद जांच-पड़ताल करते फोरेंसिक विभाग व पुलिसकर्मी (इनसेट) मुठभेड़ में ढेर बदमाश

थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत पुलिस टीम की ओर से चेकिंग के दौरान 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर दोनों संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की टीम की ओर से परीक्षण के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। डीजीपी के मुताबिक मुठभेड़ में मारे गए आरोपियों की पहचान मोहित निवासी सोनीपत और सुमित निवासी कुंडली, सोनीपत के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों की फायरिंग में शामली स्वाट टीम के हेड कांस्टेबल हरविंदर और हेड कांस्टेबल प्रदीप भी गोली लगने से घायल हुए हैं, जिनका शामली के जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। मृत आरोपी मोहित के खिलाफ हरियाणा में करीब 14 मुकदमे और सुमित के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस को मिली है। दोनों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 2 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं और साजिशों के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस की कठोर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पूर्व नियोजित साजिश थी अंकित की हत्या



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को कहा कि शामली में हरियाणवी गायक और यूट्यूबर अंकित बालियान की हत्या पूर्व नियोजित साजिश थी, जिसमें हमलावरों ने उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई, बाहर से हथियार मंगवाए और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार होने की योजना बनाई। डीजीपी ने यहां पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि अब तक की जांच में 26 अगस्त को हुई बालियान की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चलती बस में सामूहिक दुष्कर्म, चालक और परिचालक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। इस महीने की शुरुआत में बारिश के बीच रात में ग्रेटर नोएडा से बस में सवार हुई 17 वर्षीय एक लड़की के साथ बस के चालक और परिचालक ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और बाद में उसे 40 किलोमीटर से अधिक दूर राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में छोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना चार अगस्त की रात की है, जब उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की रहने वाली पीड़िता नोएडा में अपने रिश्तेदार से मिलने जा रही थी। इस वारदात ने 2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले की यादों को ताजा कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, तीन अगस्त को लड़की की मां ने उसे डांटा था, जिससे नाराज होकर चार अगस्त को उसने अपना घर छोड़ दिया था। वह नोएडा सेक्टर 63 के लिए बस में चढ़ी, जहां उसका करीबी रिश्तेदार रहता है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि बारिश हो रही थी और वह गलती से रात नौ बजे के आसपास परी चौक पर उतर गई। वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तेज़ बारिश हो रही ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कौशांबी : पटाखा फैक्टरी में धमाका, 11 की मौत

## 18 से अधिक घायल, एक घंटे तक रोका रेल यातायात

जिला संवाददाता



कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक पटाखा फैक्टरी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही फैक्टरी में रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में फैक्ट्री से उठे धुएं के गुबार ने आसपास के इलाके को ढक लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में कई परिवारों के मकान धराशायी हो गए। 11 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब दर्जन भर लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इसमें तीन वेंटिलेटर पर हैं। मौके पर प्रयागराज के एडीजी, आईजी, डीआईजी, अपर पुलिस आयुक्त के अलावा कौशाम्बी के डीएम और एसपी पहुंच गए हैं। झुलसे लोगों को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद पांच घायलों की प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में 18 से अधिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जेम खरीद में यूपी का नया रिकॉर्ड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक खरीद व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर वर्ष 2017 में इसकी स्थापना से अब तक 1 लाख करोड़ (1 ट्रिलियन) रुपये से अधिक की खरीद दर्ज कर नया रिकॉर्ड बनाया है। देश के सभी राज्यों द्वारा जेम के माध्यम से की गई कुल खरीद में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस, ट्रांसपेरेंसी, एफिशियंसी और इन्क्लूसिव पब्लिक प्रोक्योरमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार की नीतियों की प्रभावशीलता को दशार्ती है। उत्तर प्रदेश की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास को नयी दिशा दे सकते हैं युवा : धामी

## विद्यार्थियों ने भर्ती परीक्षाओं, नशे, रोजगार, पलायन व समान नागरिक संहिता पर पूछे सवाल

प्रमुख संवाददाता




चंपावत (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को विकास के नए आयामों तक ले जाने में प्रदेश की युवा शक्ति की भूमिका निर्णायक है। युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को उचित अवसर, बेहतर शिक्षा तथा रोजगार और स्वरोजगार के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो वे न केवल अपने भविष्य को संवार सकते हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास को भी नई दिशा दे सकते हैं। बनबसा स्थित होटल शुमंगलम में आयोजित युवा संवाद एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों और युवाओं से सीधे संवाद किया। इस दौरान छात्रों ने मुख्यमंत्री से बेबाकी से विभिन्न मुद्दों पर सवाल किए। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, नकल विरोधी कानून, नशे की बढ़ती समस्या, समान नागरिक संहिता, युवा आयोग के गठन, रोजगार के अवसर तथा पहाड़ से पलायन जैसे विषय संवाद के केंद्र में रहे। मुख्यमंत्री ने युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए सरकार की प्राथमिकताओं और किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री से ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 27.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

○ संघ की शताब्दी यात्रा में मातृशक्ति की अहम भूमिका : महाना (पृष्ठ-02)
○ जीपीएस से होगी ढुलाई वाहनों की ट्रैकिंग (पृष्ठ-02)
○ रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
○ बैंकों में अतिरिक्त नकदी पांच लाख करोड़ रुपये पर (पृष्ठ-10)
○ केंद्र का राजकोषीय घाटा 26.8 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** शिविर में बने 10 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड, जरूरतमंदों तक पहुंचायी गयीं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

# राजनाथ सिंह के सेवा-संकल्प को धरातल पर उतारना हमारा प्रयास : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता



लखनऊ। युवाओं की प्रेरणा और वृद्धजनों के सम्मान को समर्पित 40 दिवसीय जनसेवा शिविर अभियान का 41वें दिन सफलतापूर्वक समापन

**○ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन से शुरू जनसेवा यात्रा का भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिन पर समापन**

हुआ। बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष, जनसेवक एवं भाजपा युवा नेता विराज सागर दास के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान की शुरूआत 10 जुलाई को लखनऊ मध्य क्षेत्र के बर्लिंगटन चौराहा, नजरबाग से हुई थी। अभियान का समापन भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस पर हुआ। अभियान के दौरान लखनऊ के विभिन्न वार्डों और बस्तियों में दो से तीन दिवसीय जनसेवा शिविर आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। शिविरों में विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 हजार से अधिक निःशुल्क ...शेष पृष्ठ 10 पर

> भाजपा युवा नेता विराज सागर दास ने कहा कि जनसेवा ही उनके सामाजिक और सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के सेवा व समर्पण के संकल्प को धरातल पर उतारने का विनम्र प्रयास रहा। उन्होंने कहा कि अभिवावक समान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस से शुरू होकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस पर इस सेवा यात्रा का पूर्ण होना हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है।

## अनाथ छात्र को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दी छात्रवृत्ति

अभियान के दौरान सामाजिक उत्तरदायित्व की एक महत्वपूर्ण मिसाल भी पेश की गई। श्रीमद् दयानंद बाल सदन अनाथ आश्रम, मोती नगर, लखनऊ के एक प्रतिभावान छात्र को बीबीडी यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 41 दिनों तक चले इस सेवा अभियान के दौरान लखनऊ के 10 हजार से अधिक नागरिकों, ...शेषपृष्ठ 10 पर

## हापुड़ : गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटी थार, चार की मौत

हापुड़ (उप्र)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार पलटने से चार युवकों की मौत हो गई और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा रविवार रात 11 बजकर 56 मिनट पर उस समय हुआ जब दिल्ली में पंजीकृत इस एसयूवी में सवार बदायूं जिले के पांच लोग दिल्ली की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे गिरने से पहले पांच से छह बार पलटा। उसने बताया इस हादसे में एसयूवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस एवं डायल-112 के कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भाई ने बतायी बहन की तकलीफ तो सीएम ने कराया भर्ती

## मुख्यमंत्री आवास से तत्काल अस्पताल भेजी गईं पीड़िता, शुरू हुआ इलाज

- सीएम योगी ने कहा- धन की कमी के कारण नहीं रुकेगा किसी का इलाज
- सीएम योगी और बच्ची के बीच संवाद से खिलखिला उठे हॉल में मौजूद लोग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानवीय रूप देख अन्य आगंतुक अपनी पीड़ा भूल गए। सीएम योगी का यह रूप देख किसी की भावनाएं आंसुओं के जरिए निकल पड़ीं तो किसी ने अपनी कुर्सी से ही हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के प्रति आभार जताया। दरअसल अयोध्या से आए एक भाई-बहन जनता दर्शन में पहुंचे। भाई ने मुख्यमंत्री से बताया कि उनकी बहन गंभीर रूप से बीमार हैं। वह बहन को लेकर लखनऊ आए हैं, उन्हें जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने पीड़िता को तत्काल लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज भी शुरू हो गया है।

अयोध्या से आए श्याम सोनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बहन बबिता कुछ दिनों से अयोध्या में भर्ती थीं, डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है। परिवार अत्यंत गरीब है, इसलिए इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने आवास से तत्काल पीड़िता को एंबुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान गोमती नगर भिजवाया। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद डॉक्टरों की देख-रेख में मरीज का इलाज प्रारंभ हो गया।

मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिजनों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। बहन बबिता के एडमिट होते ही उनके भाई श्याम ने चैन की सांस ली। डॉक्टरों को उन्होंने पूरी बीमारी आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही श्याम की आंखों में आंसू आ गए।

उन्होंने फोन करके मुख्यमंत्री आवास को इसकी जानकारी भी दी और धन्यवाद भी ज्ञापित किया। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि धन की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

जनता दर्शन में एक मासूम अपनी मां के साथ आई थी। सीएम ने उनकी मां की समस्या सुनी, फिर बच्ची से मुखातिब हुए और दुलारा-पुचकारा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने चॉकलेट मंगाई और उसके सामने रैपर खोलना शुरू कर दिया। सीएम के हाथ में चॉकलेट देखकर बच्ची खिलखिला उठी। बाबा और बच्ची के संवाद को देख अपना दर्द भूल सभी पीड़ित व अनय लोग मुस्कुरा उठे। सभी ने बच्चों के प्रति मुख्यमंत्री योगी के वात्सल्य की खूब प्रशंसा की।

# संघ की शताब्दी यात्रा में मातृशक्ति की भूमिका अहम : महाना

- परिचर्चा में शतायु संघ व महिला सहभागिता पुस्तक में नारी शक्ति के योगदान को सामने लाने का प्रयास



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शतायु संघ और महिला सहभागिता पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, कथाकार एवं लेखिका डॉ. शोभा विजेंद्र सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। संघ के कार्य में मातृशक्ति की भूमिका को किसी भी दृष्टि से कम करके नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि संघ में बहन की भूमिका स्नेह, वात्सल्य, श्रद्धा और समर्पण से जुड़ी है। जहां श्रद्धा होती है, वहीं आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि संघ की विचारधारा में महिलाओं के सम्मान और उनकी सहभागिता को सदैव विशेष स्थान मिला है।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके गांव में विद्यालय नहीं था और उनकी शिक्षा लड़कों के विद्यालय में हुई, जहां वह अकेली छात्रा थीं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रही हैं। समाज क्या कहेगा, इस चिंता में रहने के बजाय महिलाओं को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

डॉ. शोभा विजेंद्र ने कहा कि यह पुस्तक संघ के दर्शन को एक सीमा तक प्रतिबिंबित करते हुए विशेष रूप से महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और स्वाभाविक सहभागिता को सामने लाती है। उन्होंने कहा कि पुस्तक देशभर की उन बहनों के संघर्ष, निष्ठा और अनदेखे योगदान को दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है, जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रही हैं। उनके अनुसार, महिला केवल दर्शक नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की यात्रा की सक्रिय सहभागी है।

अपर्णा यादव ने भी मातृशक्ति की सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में पुस्तक के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ और उपस्थित वक्ताओं ने इसे महिलाओं की सक्रिय भूमिका, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के अनुभवों को दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

# जीपीएस से होगी ढुलाई वाहनों की ट्रैकिंग

- क्रय केंद्रों से लेकर मिल गेट तक वाहनों पर गन्ना विभाग के कंट्रोल रूम की रहेगी नजर

**लखनऊ।** योगी सरकार गन्ना किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में गन्ना किसानों के हितों की रक्षा और चीनी उद्योग की कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग ने प्रभावी पहल की शुरूआत की है। इस व्यवस्था के लागू होने से गन्ना ढुलाई की प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी।

गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत गन्ना क्रय केंद्रों से लेकर चीनी मिल गेट तक गन्ने का परिवहन करने वाले सभी वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग की जायेगी। इसके लिए केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा, जहाँ से अधिकारी गन्ने से लदे वाहनों की आवाजाही पर 24 घंटे नजर रखेंगे। इस रियल-टाइम निगरानी से वाहनों के रास्ते में अनावश्यक रुकावट, अनधिकृत ठहराव या किसी भी प्रकार की हेराफेरी पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। यह कदम चीनी उद्योग में गन्ना आपूर्ति में पारदर्शिता लाने की दिशा में बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव माना जा रहा है। इस पूरी प्रणाली का प्रत्यक्ष लाभ गन्ना किसानों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि गन्ना आपूर्ति श्रृंखला को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए विभाग ने वाहनों की लाइव ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम पर विचार कर रहा है।

गन्ना आयुक्त ने बताया कि अक्सर खेत से गन्ने की कटाई के बाद मिल तक पहुँचने में काफी समय लग जाता था, जिससे धूप और हवा के कारण गन्ना सूखने लगता था। अब व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लागू होने से गन्ने की कटाई के बाद 24 घंटे के भीतर चीनी मिलों तक आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। समयबद्ध परिवहन से गन्ने की ताजगी और प्राकृतिक वजन बरकरार रहेगा, जिससे किसानों को वजन में होने वाली कटौती और वित्तीय नुकसान से पूरी सुरक्षा मिलेगी।

# योगी सरकार अपराधी की जाति नहीं, अपराध के अनुसार करती है कार्रवाई

- अंकित बालियान हत्याकांड पर अखिलेश के आरोपों का भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं ने दिया करारा जवाब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शामली के अंकित बालियान हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों पर भाजपा और सहयोगी नेताओं ने तीखा पलटवार किया है। प्रदेश सरकार के मंत्री से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों ने अखिलेश यादव के बयान को गलत नैरेटिव करार देते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। योगी सरकार अपराधियों की जाति देखकर कार्रवाई नहीं करती बल्कि उसके द्वारा किए गए अपराध के अनुसार एक्शन लेती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विपक्ष और खासकर अखिलेश यादव को अब किसी भी संस्था पर विश्वास नहीं रह गया है। उन्होंने कहाकि विपक्ष केवल आरोप लगाने की राजनीति कर रहा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जाति की राजनीति कर रहे हैं।

**अपराधी चाहे किसी भी जाति या वर्ग का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा :** मंत्री संजय निषाद ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती, अपराधी सिर्फ अपराधी होता है। अपराधी चाहे किसी भी जाति या वर्ग का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। किसी अपराधी की पहचान कर उसे पकड़ने, जांच करने और उसके खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाने में समय लगता है, लेकिन कुछ लोग इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास करते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और पीड़ित को न्याय मिले।



**अखिलेश यादव के कार्यकाल में नहीं था कानून का राज :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिन अपराधियों को पहले राजनीतिक संरक्षण मिलता था, उनमें कई प्रदेश छोड़कर भाग गए, कई जेल में हैं और कई मुठभेड़ में मारे गए हैं।



यही कारण है कि अखिलेश यादव बौखलाहट में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। अखिलेश के कार्यकाल में कानून का राज नहीं था। उस समय समाजवादी पार्टी के संरक्षण में गुंडे खुलेआम गुंडागर्दी करते थे। उन्होंने कहा कि आज वही पुलिस, वही एसएसपी और वही डीजीपी हैं, लेकिन व्यवस्था बदल गई है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित है।

**अपराधियों को दंड मिलने पर सवाल क्यों :** भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंकित बालियान की हत्या करने वाले अपराधियों को दंड देने के लिए पुलिस अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रही थी। ऐसे में पुलिस की आलोचना करना दुखद है। अंकित बालियान लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे और उनकी जघन्य हत्या की गई थी। अपराधी सीसीटीवी में भी कैद हुए थे। ऐसे अपराधियों को विधिक प्रक्रिया के तहत दंड मिला तो इसमें गलत क्या है। अगर कोई पुलिस के साथ छेड़छाड़ करेगा तो पुलिस उसका जवाब देगी।



**अखिलेश की सरकार ने आतंकवादियों के 14 मुकदमे वापस लेने की कोशिश की :** भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलाल ने अखिलेश यादव के आरोपों को फर्जी नैरेटिव बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सरकार में आतंकवादियों के 14 मुकदमे वापस लेने की कोशिश की गई थी, जिनमें रामपुर हमले से जुड़े दो पाकिस्तानी आरोपियों के मामले भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि एसटीएफ और एटीएस पर सवाल उठाने के बजाय उनके काम को देखा जाना चाहिए।



**पीड़ित परिवारों को मिला न्याय :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पूजा पाल ने कहा कि अखिलेश यादव शायद भूल जाते हैं कि उनकी और उनके पिता की सरकारों में प्रदेश में किस तरह की स्थिति थी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराध की घटनाएं होने पर भी अपराधियों को सजा मिल रही है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जिस तरह कार्रवाई हो रही है, वह पिछली सरकारों में देखने को नहीं मिली।



**कानून व्यवस्था से समझौता नहीं :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव लगातार गलत नैरेटिव गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर रखा है कि कानून-व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि माफिया और शूटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी और सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।



**अपराधी की कोई जाति नहीं होती :** भाजपा विधायक राजेश चौधरी ने सपा पर जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया। सपा सरकारों में जाति चिन्हित करके भर्ती, जमीन और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निष्पक्षता के साथ काम कर रही है। अपराधी की कोई जाति नहीं होती।

# 60 सेकंड की रील में सुनायें अपने शहर की कहानी

- यूपी के युवा बनेंगे सांस्कृतिक दूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन ने युवाओं को अपने-अपने शहरों की संस्कृति, विरासत और खासियतों का डिजिटल माध्यम से प्रतिनिधि बनाने की अनूठी पहल शुरू की है। विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान के तहत युवाओं से अपने शहर की अनकही कहानियों, स्थानीय संस्कृति, खान-पान, परंपराओं और अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को अधिकतम 60 सेकंड की रील के जरिए दुनिया के सामने लाने का आह्वान किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान केवल प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक सीमित नहीं है। प्रदेश के हर जिले, शहर और गांव की अपनी अलग कहानी है। स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प, त्योहार, रीति-रिवाज और उनसे जुड़ी कहानियां प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिए जेन-जी समेत अन्य युवाओं को अपने शहरों का सांस्कृतिक दूत बनाने की पहल की जा रही है। अभियान में प्रतिभागी को अधिकतम 60 सेकंड की रील तैयार करनी होगी। वीडियो में प्रतिभागी का स्वयं कैमरे के सामने होना और चेहरा स्पष्ट दिखाई देना जरूरी है। रील की पृष्ठभूमि में शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल या उसकी पहचान से जुड़ा स्थान नजर आना चाहिए। कहानी किसी तय स्क्रिप्ट में नहीं, बल्कि प्रतिभागी अपने शब्दों और अंदाज में बताएंगे। रील हिंदी या अंग्रेजी में बनाई जा सकती है।

वीडियो के अंत में विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश कहना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के माध्यम से भेज सकते हैं। अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात ने कहा कि ऐसी छोटी-छोटी कहानियां मिलकर उत्तर प्रदेश की आस्था, विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, खान-पान और हस्तशिल्प को देश-दुनिया तक पहुंचाने में मदद करेंगी। अभियान के जरिए लखनऊ की चिकनकारी और खान-पान से लेकर ब्रज, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई की स्थानीय परंपराओं और कम चर्चित पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत अभियान, भोजन से लेकर सुरक्षित ठिकाने तक इंतजाम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ की चुनौती के बीच योगी सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और करीब 1.70 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार अब तक बाढ़ से किसी जनहानि और पशुहानि की सूचना नहीं है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब तक 1,633 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए 525 नाव और मोटरबोट लगाई गई हैं। प्रशासन ने प्रभावित लोगों के लिए 254 बाढ़ शरणालय स्थापित किए हैं, जिनमें 46 वर्तमान में संचालित हैं। इन शरणालयों में 1,151 लोग रह रहे हैं। प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाने के लिए अब तक 3.02 लाख से अधिक लंच पैकेट और 55,572 खाद्यान्न पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। रविवार को भी 10,784 लंच पैकेट और 2,024 खाद्यान्न पैकेट वितरित किए गए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 200 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 5,432 क्लोरीन टैबलेट और 5,441 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। इससे दूषित पानी और संक्रमण से होने वाली बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल रही है। राहत अभियान में पशुधन को भी शामिल किया गया है। प्रभावित 20,556 पशुओं के लिए 425.89 क्विंटल भूसा वितरित किया जा चुका है। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 12 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें 11 मामलों में सहायता वितरित की जा चुकी है। 30 अगस्त तक अयोध्या, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, बदायूं, चित्रकूट, फरुर्खाबाद, हमीरपुर, हरदोई, कासगंज, कन्नौज, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और वाराणसी बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रशासन की टीमें इन जिलों में लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं।

# शहरी स्वच्छता को मिली रफ्तार, 9 लाख से अधिक घरेलू शौचालय बने

- 2017-18 तक नगरीय क्षेत्रों में 3.10 लाख शौचालय थे, संख्या बढ़कर 9 लाख के पार
- 10 हजार से अधिक सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल ब्लॉक्स का भी निर्माण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में शहरी स्वच्छता अभियान को नई गति मिली है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण के साथ सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017-18 तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 3,09,924 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बने थे। अब यह संख्या बढ़कर 9,00,113 हो गई है।

इस तरह 2017-18 के बाद शहरी क्षेत्रों में करीब 5.90 लाख अतिरिक्त घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ है। इससे बड़ी संख्या में शहरी परिवारों को घर में ही सुरक्षित और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधा उपलब्ध हुई है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय तथा यूरिनल ब्लॉक्स का निर्माण कराया गया है। इनके माध्यम से 70 हजार से अधिक शौचालय सीटें तैयार की गई हैं। बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इन सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों को स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अगले चरण में भी यह अभियान जारी है। वर्ष 2024-25 से अब तक 2,623 सार्वजनिक शौचालय सीटों और 1,104 यूरिनल सीटों, यानी कुल 3,727 अतिरिक्त सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण किया गया है। नगर विकास विभाग के सचिव अनुज कुमार झा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शौचालयों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराना है। शहरी क्षेत्रों में घरेलू और सार्वजनिक स्वच्छता ढांचे का विस्तार इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# संगठित होकर रालोद को करें मजबूत : त्रिलोक त्यागी




**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद सूर्यवंशी ने की। बैठक में प्रदेशभर से आए प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विश्वनाथ प्रताप ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि रालोद को प्रदेश में मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी ताकत से कार्य करना होगा। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि रालोद के संगठन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता और गांव-किसान के हितों से जुड़ी रही है। इस विचारधारा को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए हम सभी को दिन-रात एकजुट होकर कार्य करना होगा।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि संगठन का विस्तार और उसे जमीनी स्तर पर मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जयंत चौधरी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ को प्रदेश के प्रत्येक जिले में सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी कर्नल ब्रह्मपाल तोमर, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम कृष्ण पटेल, एससी/एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, एससीएसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी निगम, राजेंद्र कुमार चक, पारसनाथ यादव, महेंद्र कुमार विश्कर्मा, सतीश कुमार, रामबचन सिंह, जगपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रेमचंद भारती, मोहन वेदी सहित प्रदेशभर से आये प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 का चयन

- योगी सरकार शिक्षकों को देगी सम्मान
- 61 जनपदों के शिक्षकों को मिला सम्मान का अवसर, उत्कृष्ट कार्य और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जो शिक्षक कक्षा कक्ष में प्रदेश के भविष्य को गढ़ रहे हैं, योगी सरकार उनके उत्कृष्ट कार्य को राज्य स्तर पर पहचान और सम्मान दे रही है। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं के नामों का चयन किया है। राज्य स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर चयनित शिक्षक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की सीख और विद्यालयी व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं।

राज्य स्तरीय चयन समिति की बैठकों में विभिन्न जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार के बाद इन 61 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के नाम अनुमोदित किए गए हैं। शासन द्वारा जारी सूची में प्रत्येक शिक्षक का नाम, पदनाम, विद्यालय और विकासखंड का विवरण दर्ज है। यह पहल विद्यालयों में बेहतर शिक्षण, नवाचार और विद्यार्थियों की सीख को केंद्र में रखकर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। चयनित शिक्षकों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शिक्षक शामिल हैं।

आगरा से संगीता शर्मा, अलीगढ़ से अमर सिंह, अम्बेडकर नगर से राम मिलन गुप्ता, अमरोहा से गीता वर्मा, अयोध्या से पंकज कुमार द्विवेदी, आजमगढ़ से प्रदीप कुमार सिंह, बहराइच से प्रीति मिश्रा, बलिया से अजीत कुमार श्रीवास्तव, बलरामपुर से सलमा खान और बाराबंकी से राहुल कुमार शुक्ल चयनित हुए हैं। इसी क्रम में भदोही से ऊर्मिला देवी, बिजनौर से रचना कपूर, बदायूं से किरन देवी, बुलंदशहर से जूली मलिक, चंदौली से उषा सिंह, चित्रकूट से हरीशंकर त्रिपाठी, एटा से ओमबीर सिंह, इटावा से वीरेंद्र सिंह, फरुर्खाबाद से गीता वर्मा और फतेहपुर से आनंद कुमार मिश्र शामिल हैं। गौतमबुद्ध नगर से अर्चना पांडेय, गाजियाबाद से ज्योत्सना गोस्वामी, गाजीपुर से संतोष कुशवाहा, गोंडा से सुनीत मित्र पाण्डेय, गोरखपुर से नवीन कुमार त्रिपाठी, हमीरपुर से नीतिराज सिंह, हापुड़ से शुचि त्यागी, हरदोई से विजया अवस्थी, हाथरस से पल्लवी चतुर्वेदी और जौनपुर से संजय कुमार मिश्र का चयन किया गया है।

झांसी से प्रीति श्रीवास्तव, कन्नौज से सुमन लता यादव, कानपुर देहात से विनीत कुमार मिश्र, कानपुर नगर से डॉ. कामायनी शर्मा, कासगंज से धनंजय प्रताप सिंह, कौशांबी से सुमन कुशवाहा, लखीमपुर खीरी से प्रमोद कुमार, ललितपुर से प्रीति गुप्ता, लखनऊ से विनीता और महाराजगंज से राजेश कुमार उपाध्याय को भी सूची में स्थान मिला है। इसी तरह महोबा से ओमप्रकाश तिवारी, मैनपुरी से सीमा कुमारी, मऊ से अनिल कुमार मौर्य, मेरठ से प्रतिभा रानी भारती, मिर्जापुर से दयानन्द मिश्र, मुरादाबाद से सुनीता रानी, पीलीभीत से सय्यदा, मुजफ्फरनगर से आरती शर्मा, प्रतापगढ़ से डॉ. देवेन्द्र सिंह, प्रयागराज से राम लखन मौर्य, रामपुर से वैलेन्टीना विक्टर, संभल से बृजकिशोर, शाहजहांपुर से अरुण कुमार गुप्ता, शामली से दिनकर चौहान, श्रावस्ती से अमिता टंडन, सिद्धार्थनगर से महेश कुमार, सीतापुर से अतुल शर्मा, सोनभद्र से मीरा सिंह, सुलतानपुर से सत्येंद्र कुमार सिंह, उन्नाव से प्रीति भारती और वाराणसी से नीलम राय चयनित हुए हैं।

**शिक्षक सम्मान से मजबूत होगी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति :** योगी सरकार की शिक्षा नीति में शिक्षक के योगदान को सम्मान देने और उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिक्षक हमारे बच्चों के भविष्य और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। योगी सरकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान देकर नवाचार को पहचान दे रही है, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षक समुदाय को शिक्षा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा भी दे रही है।

**संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

# कांग्रेसियों ने निकाला विरोध मार्च



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की उत्तराखंड में जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एवं उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विरोध मार्च निकाला गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मार्च का नेतृत्व करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार दलित विरोधी सरकार है। पार्टी अध्यक्ष एवं दलित समाज से आने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक हैं। हल्द्वानी में उनके जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया गया जो संविधान विरोधी और आपराधिक दण्डनीय कृत्य है। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार द्वारा इस अपराध के विरूद्ध दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के बजाए कार्यवाही की मांग करने वाले राहुल गांधी के विरूद्ध फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी है जिसका पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

उन्होने मांग की कि तत्काल राहुल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाए। विरोध मार्च में सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, शिव पाण्डेय, प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष उत्तरी अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहर अध्यक्ष दक्षिणी डॉ. शहजाद आलम, एचएल दुसाध सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# बढ़ रहा है स्वाइन फ्लू का संक्रमण, चार नये मरीजों में पुष्टि

- पीजीआई व लोहिया संस्थान में दो-दो मरीज भर्ती
- डाक्टरों की सलाह संक्रमण को लेकर घबराने की नहीं, बचाव की जरूरत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में स्वाइन फ्लू का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को चार नए मरीजों में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) की पुष्टि हुई, इनमें दो मरीज पीजीआई और दो लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मिले हैं। सभी मरीजों को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि संक्रमण को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन बचाव जरूरी है।

हाल ही में बलरामपुर अस्पताल में तीन मरीज पॉजिटिव मिल चुके हैं, जिनमें एक महिला की मौत हो चुकी है। एक माह में कुल 17 लोगों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। नए संक्रमित मरीजों में तीन पुरुष और एक महिला हैं। सभी की हालत स्थिर है। किसी को विशेष परेशानी नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह के अनुसार सभी जिला स्तरीय अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए बेड रिजर्व किए गए हैं। दवाओं का पर्याप्त स्टाक रखने के साथ संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए टीमें भी लगायी गयी हैं। किसी भी आपात स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के हेल्पलाइन नम्बर 0522-2622080 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बुखार, जुकाम, खांसी या इस तरह के दूसरे लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉक्टर से सलाह लें और जरूरत पड़ने पर जांच और इलाज कराएं। उन्होंने लोगों से खुद दवा लेने या किसी अप्रशिक्षित व्यक्ति से इलाज कराने से बचने की भी अपील की।

दूसरी तरफ किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डा. शीतल वर्मा ने बताया कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। यह अब मनुष्यों में नियमित रूप से फैलने वाले मौसमी इन्फ्लुएंजा वायरस का हिस्सा है। स्वस्थ लोगों में अधिकांश संक्रमण हल्के होते हैं। खुद ठीक हो जाते हैं। सिर्फ एच1एन1 पॉजिटिव होने का मतलब यह नहीं कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ेगी। हर बुखार और खांसी वाले व्यक्ति की एच1एन1 जांच भी जरूरी नहीं है। हल्के और बिना जटिलता वाले मामलों में जांच की आवश्यकता नहीं होती है। गंभीर या जटिल बीमारी वाले मरीजों में डाक्टर की सलाह पर जांच करायी जाती है।




छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पुरानी बीमारियों या कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा है। सांस में तकलीफ, लगातार तेज बुखार, सीने में दर्द, ऑक्सीजन कम होना या हालत अचानक बिगड़ने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डा. शीतल वर्मा ने मास्क लगाने, हाथों की स्वच्छता और पर्याप्त वेंटिलेशन अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि जहां प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि आवश्यक हो, वहां रियल-टाइम आरटी-पीसीआर अनुशंसित आणविक जांच है। इसकी रिपोर्ट मिलने में सामान्यतः 2 व 3 दिन लग सकते हैं।

जांच के लिए नाक-गले से उपयुक्त स्वाब लिया जाता है। गंभीर निमोनिया वाले कुछ रोगियों में निचले श्वसन तंत्र से नमूना लेना आवश्यक हो सकता है। नमूना लक्षण शुरू होने के बाद यथाशीघ्र, प्राथमिक रूप से पहले 48 घंटों के भीतर, तथा जहां संभव हो एंटीवायरल दवा शुरू करने से पहले लिया जाना चाहिए। हालांकि, गंभीर रूप से बीमार रोगी का उपचार केवल जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा में विलंबित नहीं किया जाना चाहिए।

**किन लोगों को बतरनी चाहिए विशेष सावधानी :** छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा फेफड़े, हृदय, गुर्दे, यकृत या तंत्रिका तंत्र की पुरानी बीमारियों, मधुमेह, अत्यधिक मोटापे, कैंसर अथवा कम प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। यदि सांस लेने में कठिनाई, लगातार या बढ़ता हुआ बुखार, सीने में दर्द, होंठ या शरीर का नीला पड़ना, अत्यधिक सुस्ती या चेतना में बदलाव, पर्याप्त पानी/तरल न ले पाना या डिहाइड्रेशन, ऑक्सीजन स्तर कम होना अथवा प्रारंभिक सुधार के बाद अचानक स्थिति बिगड़ना दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## अनिवार्य दो वर्षीय सेवा बांड के विरोध में एमबीबीएस डाक्टरों का धरना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के अनिवार्य दो वर्षीय सेवा बांड के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात एमबीबीएस डाक्टरों ने वेतन और सुविधाओं में असमानता का आरोप लगाते हुए सोमवार से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। गोमतीनगर विभूति खंड स्थित चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय पर एमबीबीएस डॉक्टरों ने धरना दिया। डाक्टरों का कहना है कि समान बॉन्ड, समान सेवा अवधि और समान काउंसलिंग प्रक्रिया के बावजूद मेडिकल कॉलेजों में तैनात डॉक्टरों को ग्रेड पे 5400, लेवल-10 के तहत करीब एक लाख रुपये तक वेतन मिल रहा है। उन्हें 24 घंटे बिजली, आवास और सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम कर रहे कई मेडिकल ऑफिसरों को 50 से 55 हजार रुपये ही मिल रहे हैं। डॉक्टरों ने कहा कि इस अंतर को दूर किया जाए। इस संबंध में कई बार चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय को पत्र भेजा गया। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। अपनी मांगें शासन-प्रशासन तक शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से पहुंचाने के लिए ही धरना शुरू किया गया है।

## जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में जल्द जांच पूरा करने का आश्वासन

**लखनऊ।** इंदिरानगर के तकरोही स्थित निजी हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में डेढ़ माह बाद भी कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों में नाराजगी है। सीएमओ ने सप्ताहभर में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन लौट गए। सीतापुर निवासी चांद बाबू के मुताबिक पत्नी शाजिया खातून को प्रसव पीड़ा होने पर आशा बहू अंजुम से संपर्क किया था। आशा गर्भवती को स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। आरोप है कि इसके बाद आशा बहू ने शाजिया को तकरोही स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। चांद बाबू ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल के मैनेजर ने इलाज के लिए 60 हजार रुपये मांगे। आर्थिक परेशानी के बावजूद परिवार ने 40 हजार रुपये जमा किए। ऑपरेशन के बाद 20 हजार रुपये और मांगे। इसी दौरान नवजात की हालत गंभीर बताकर उसे दूसरे अस्पताल भेज दिया गया। शाजिया की हालत भी बिगड़ती गई। परिजनों का आरोप है कि रेफर कराने और इलाज जारी रखने के लिए भी उनसे अतिरिक्त रकम मांगी गई। बाद में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने जल्द ही जांच पूरी कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा नियुक्ति विभाग पहुंचा, केंद्र को भेजा जायेगा

**लखनऊ।** यूपी कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का इस्तीफा सोमवार को नियुक्ति विभाग को मिल गया। इस्तीफे में उन्होंने इसके कारण पारिवारिक और निजी बताए हैं। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, उनका त्यागपत्र केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को भेजा जाएगा, जहां से आगे की प्रक्रिया पूरी होगी। दिव्या मित्तल को मई में देवरिया के जिलाधिकारी पद से हटाकर राजस्व विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात किया गया था। इसके बाद से उनके असहज होने की चर्चा थी। सूत्रों के अनुसार, इस्तीफे की फाइल निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे भेजी जाएगी और अंतिम निर्णय केंद्र स्तर पर होगा। आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति प्राधिकारी राष्ट्रपति होने के कारण प्रक्रिया आगे राष्ट्रपति भवन तक भी जा सकती है।

## जियो से 7.10 करोड़ ग्राहक जुड़े

**लखनऊ।** रिलायंस जियो ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के टेलीकॉम बाजार में एक दशक में बड़ा विस्तार किया है। कंपनी के अनुसार, सितंबर 2016 में 17.4 लाख ग्राहकों से शुरू हुआ सफर जून 2026 तक 7.10 करोड़ मोबाइल सब्सक्राइबर तक पहुंच गया। यूपी ईस्ट में 4.48 करोड़ और यूपी वेस्ट, जिसमें उत्तराखंड शामिल है, में 2.62 करोड़ ग्राहक हैं। दोनों क्षेत्रों में जियो की वायरलेस कनेक्शन हिस्सेदारी करीब 39.8 प्रतिशत है। जियो ने 38 लाख से अधिक घरों और व्यावसायिक परिसरों को फाइबर व एयर फाइबर से जोड़ा है। कंपनी के अनुसार, सस्ती डेटा दरों और 5जी नेटवर्क ने डिजिटल कनेक्टिविटी को नई गति दी है।

## जनता दर्शन में विधायक ने सुनीं समस्याएं

**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित पुरनिया कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कूड़ा उठान, साफ-सफाई, जलभराव, नाली निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़क और मार्ग प्रकाश से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। जनता दर्शन में पहुंची शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से मोबाइल फोन पर ही वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## रेड क्रॉस सोसाइटी को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**लखनऊ।** राजभवन में आयोजित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक एजीएम में लखनऊ रेड क्रॉस सोसाइटी को वर्ष 2025-26 में किए गए सर्वांगीण सामाजिक एवं मानवीय कार्यों के लिए राज्यपाल की ओर से पुरस्कृत किया गया। सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र लखनऊ रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता एवं आपदा प्रबंधन अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंच पर राज्यपाल के साथ उपमुख्यमंत्री एवं सभापति ब्रजेश पाठक, उपसभापति अमर नाथ मिश्र, सचिव रामानंद कटियार, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, भारत दिल्ली की संयुक्त सचिव बांसुरी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। लखनऊ रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अमर नाथ मिश्र ने बताया कि वर्ष 2025-26 में संस्था की टीम ने सेवा एवं मानवीय सहायता के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इस दौरान 297 यूनिट रक्तदान कराया गया, जबकि 486 क्षय रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि संस्था ने सदस्यता अभियान के तहत आठ पैट्रन मेंबर बनाए। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों को छह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए। अस्पतालों को 50 व्हीलचेयर और 50 स्ट्रेचर प्रदान किए गए, वहीं सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। दिव्यांगजनों को संस्था की ओर से 10 ट्राई साइकिल भी वितरित की गईं। रेड क्रॉस सोसाइटी की इन गतिविधियों का उद्देश्य जरूरतमंदों, मरीजों, दिव्यांगजनों और वंचित वर्गों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराना रहा। सचिव अमर नाथ मिश्र ने कहा कि लखनऊ रेड क्रॉस सोसाइटी को मिला यह सम्मान संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और स्वयंसेवकों के लिए उत्साहवर्धन है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी रेड क्रॉस की सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य जारी रहेगा।

## पार्टी का बूथ स्तर पर प्रचार होगा शुरू : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में अब समय नहीं बचा है। पार्टी का बूथ स्तर पर प्रचार कल से शुरू हो जाएगा। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। जिलों-जिलों में बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष अगले दो सप्ताह में जिलों-जिलों में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और अन्याय का खुलासा करेंगे।

पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी के सभी जिला-महानगर अध्यक्षों और एप के माध्यम से बूथ स्तर पर काम कर रहे पदाधिकारियों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि वोटर लिस्ट के एसआईआर के बाद भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से साजिश करके दोबारा एसएआर (एनुअल रिवीजन) कराने की साजिश करेगी। नियमों के विपरीत काम किया जा रहा है। अभी-अभी एसआईआर हुआ है उसके बाद भी फार्म सात भराए जा रहे हैं। यूपी में बड़ा षडयंत्र हो रहा है। चुनाव से पहले भाजपा एनुअल रिवीजन के नाम पर अपने वोटों को एडजस्ट करने का प्रयास कर रही है। बड़े पैमाने पर अपने लोगों को वोटरलिस्ट में शामिल करने की साजिश होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए के साथ बड़ा भेदभाव और अन्याय हो रहा है। मुख्यमंत्री की स्वजातीय टार्चर फोर्स (एसटीएफ) के जरिए पीडीए का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। फर्जी एनकाउंटर हो रहा है। पुलिस हिरासत में निर्दोषों की मौतें हो रही हैं। हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर वन हो गया है। सपा सरकार में प्रदेश में हुए सभी फर्जी मुठभेड़ों की जांच होगी। अखिलेश यादव ने एआई के जरिए उनकी छवि खराब करने के लिए भाजपा की तरफ से बनाए जा रहे वीडियो को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इस तरह बच्चों का खेल न खेलें। आजकल बहुत वीडियो बन रहे हैं। मेरे खिलाफ वीडियो बनाया गया। हमारे लोग भी वीडियो बना सकते हैं।

## पीजीआई में स्मारिका का विमोचन

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के जनरल हॉस्पिटल का 42वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। जनरल हॉस्पिटल की नोडल अधिकारी डॉ. अंजू रानी ने बताया कि संस्थान की विकास यात्रा में जनरल हॉस्पिटल का विशेष स्थान है। यह संस्थान में प्रारंभिक क्लीनिकल सेवाओं का प्रमुख आधार रहा है। जनरल हॉस्पिटल में ही संस्थान की पहली सर्जिकल एवं स्त्री एवं प्रसूति संबंधी शल्य प्रक्रियाएं की गई थीं। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने जनरल हॉस्पिटल के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने अपने प्रारंभिक कार्यकाल में एंडोस्कोपी के क्षेत्र में योगदान दिया। जनरल हॉस्पिटल में उपलब्ध इन आधारभूत सेवाओं के इर्द-गिर्द धीरे-धीरे न्यूरोसर्जरी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन और पीडियाट्रिक्स जैसी सेवाओं का विस्तार हुआ।

## बलरामपुर अस्पताल में किशोरी की मौत पर हंगामा

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार की शाम किशोरी की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। डॉक्टरों के मुताबिक परिवारीजन किशोरी को मृत अवस्था में लेकर पहुंचे थे। जांच के बाद उसे मृत घोषित किया गया। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजन नाराज हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस से भी उनकी नोकझोंक हुई। 16 वर्षीय समीरा खान को शाम करीब साढ़े पांच बजे इमरजेंसी लाया गया था। डाक्टरों ने जांच की तो उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। किशोर की मौत से गुस्साए परिवारीजनों ने इलाज को लेकर सवाल उठाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों और परिवारीजनों के बीच नोकझोंक भी हुई। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक मरीज को मृत अवस्था में लाया गया था। मामले में डॉक्टरों की ओर से की गई जांच के आधार पर उसे मृत घोषित किया गया।

## डॉ. राजेश्वर ने छात्राओं को बनाया वित्तीय व साइबर जागरूकता का संवाहक

- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से उप्र वित्तीय साक्षरता जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सोमवार को फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया तथा फिनएक्स-सीआईईएल के सहयोग से आयोजित उत्तर प्रदेश वित्तीय साक्षरता जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने छात्राओं से संवाद किया तथा वित्तीय साक्षरता, डिजिटल दक्षता, साइबर सुरक्षा और भविष्य के रोजगारों के लिए कौशल विकास के महत्व पर अपने विचार साझा किए। साथ ही उन्होंने कॉलेज में छात्राओं की सुविधाओं और शैक्षणिक संसाधनों के विस्तार के लिए सीएसआर के माध्यम से 10 लाख की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कॉलेज की डिजिटल साक्षरता प्रयोगशाला को अधिक आधुनिक और उपयोगी बनाने में सहयोग का संकल्प भी व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता केवल बचत और निवेश की जानकारी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य की आधारशिला है। आय का नियोजन, बजट निर्माण, बैंकिंग, बीमा, ऋण, म्यूचुअल फंड, व्यवस्थित निवेश योजना (सिप), जोखिम और प्रतिफल की समझ प्रत्येक युवा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार के संसाधनों और बजट का अत्यंत कुशलता से प्रबंधन करती हैं। यदि उनकी इस स्वाभाविक क्षमता को आधुनिक वित्तीय ज्ञान, निवेश की समझ और डिजिटल साधनों से जोड़ा जाए, तो वे न केवल स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, बल्कि पूरे परिवार और समाज की आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेंगी। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, आपको अपने माता-पिता के सहयोग और श्रेष्ठ शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे संस्थान से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है इसलिए आपकी जिम्मेदारी केवल स्वयं जागरूक होने तक सीमित नहीं है। आप अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक भी वित्तीय समझ एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का संदेश पहुंचाएं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज बैंकिंग, निवेश, खरीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार सहित जीवन की लगभग प्रत्येक महत्वपूर्ण सेवा डिजिटल माध्यम से जुड़ चुकी है। डिजिटल तकनीक ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इसके साथ साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है।

## विधायक ने फहराया 30 मीटर ऊंचा तिरंगा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार का दिन राष्ट्रभक्ति, जनसेवा, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहा। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ग्राम मकदूमपुर कैथी स्थित अविकल्प एस्टेट में 30 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर शोकाकुल परिवारों से व्यक्तिगत भेंट की, उनकी पीड़ा में सहभागी बने तथा जरूरतमंद परिवारों की शिक्षा एवं आर्थिक आवश्यकताओं के लिए सहयोग प्रदान किया। अविकल्प एस्टेट में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं वीर सैनिकों को नमन किया और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया। उन्होंने 1947 में कश्मीर की रक्षा से लेकर कारगिल युद्ध और आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेनाओं के अदम्य शौर्य का स्मरण किया।

## पीएमएस के चुनाव में डा. वाईके सिंह बने अध्यक्ष, डा. रुपेंद्र सचिव



**लखनऊ।** प्रोविंशियल मेडिकल एसोसिएशन (पीएमएस) की लखनऊ जिला शाखा के चुनाव में सोमवार को बलरामपुर अस्पताल में सम्पन्न हो गया। मतदान में कुल 260 वोट पड़े। मतगणना के बाद डॉ. वाईके सिंह बने अध्यक्ष चुने गये जबकि सचिव पद डॉ. रुपेंद्र कुमार निर्वाचित घोषित किये गये। उपाध्यक्ष महिला पद डॉ. शोभना यादव एवं वित्त सचिव पद पर डॉ. अरुण चौधरी को जिम्मेदारी मिली है। उपाध्यक्ष पद डा. हिमांशु पी सिंह को चुना गया। चुनाव अधिकारी डा. एमएच उस्मानी के अनुसार चुनाव में वोट के लिए जिले को अपनी पहचान और पीएमएसए की सदस्यता का प्रमाण देना अनिवार्य था।

## ओवर ब्रिज निर्माण से यातायात डायवर्जन आज

**लखनऊ।** विक्रमादित्य मार्ग, लेवल क्रॉसिंग संख्या 213 स्पेशल पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के कारण मंगलवार को यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता के अनुसार पीपराघाट से गौतमपल्ली की ओर आने वाला यातायात दिलकुशा तिराहे से बाएं मुड़कर कटाईपुल, लालबागी चौराहा एवं बंदरियाबाग चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएगा। अर्जुनगंज मार्ग से दिलकुशा तिराहे की ओर आने वाला यातायात दिलकुशा तिराहा होते हुए गोमतीपल्ली से बाएं मुड़कर कटाईपुल, लालबत्ती चौराहा एवं बंदरियाबाग चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएगा। दिलकुशा तिराहे की ओर न जाकर बैंडीखेड़ा चौराहा से बाएं मुड़कर कटाईपुल तिराहा, दिलकुशा चौराहा से पीपरा घाट अथवा अर्जुनगंज बाजार होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएगा।

## यात्रियों के लिए विशेष अनारक्षित ट्रेन का संचालन

**लखनऊ।** यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए एक अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने की व्यवस्था की गई है। ट्रेन संख्या 04203 लखनऊ-दिल्ली एकतरफा अनारक्षित विशेष ट्रेन का संचालन 31अगस्त को किया जाएगा। यह ट्रेन लखनऊ से 21:10 बजे रवाना होकर आलमनगर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद होते हुए अगले दिन 06:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन अनारक्षित श्रेणी की होगी।

## 43 रेल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 43 रेल कर्मचारी सोमवार को अपनी दीर्घ एवं समर्पित रेल सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर मंडल कार्यालय के सभागार में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरिमा भट्टनागर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वागत के साथ किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालीन एवं निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सेवाकाल में किए गए योगदान एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई दी।

## भाजपा पार्षद नगर निगम में धरने पर बैठे

**लखनऊ।** महानगर वार्ड की सफाई व्यवस्था को लेकर नाराज भाजपा पार्षद हरिश्चंद्र लोधी सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में धरने पर बैठ गए। उन्होंने फर्श पर बैठकर विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि उनकी सहमति के बिना वार्ड की सफाई व्यवस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) कंपनी को सौंप दी गई। पार्षद का कहना है कि कंपनी के जिम्मेदारी संभालने के बाद वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है। हरिश्चंद्र लोधी ने आरोप लगाया कि वार्ड में तैनात सफाई कर्मचारियों को जून महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी है और इसका सीधा असर सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा है।

# पोषण का रखें खास ख्याल, जीवन बनेगा खुशहाल : मुकेश

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह आज से**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बेहतर स्वास्थ्य नियमित आहार-विहार के पालन से ही प्राप्त हो सकता है। इसके लिए जहाँ जीवनशैली को नियमित बनाने और शारीरिक श्रम को तरजीह देने की जरूरत है वहीं खानपान का भी खास ख्याल रखने की जरूरत है। हर साल एक से सात सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है।



पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश शर्मा का कहना है कि सही पोषण हालांकि सभी आयु वर्ग के लिए बहुत ही जरूरी है किन्तु गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोर-किशोरियों के पोषण का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है क्योंकि यह ऐसी अवस्था होती है जहाँ पर इस वर्ग को एक बड़े बदलाव का सामना करना होता है। गर्भवती को अपने साथ ही गर्भस्थ शिशु के पोषण का ख्याल रखना होता है तो वहीं बच्चों को शारीरिक वृद्धि के लिए पोषण खास अहमियत रखता है। किशोरावस्था में शरीर के सम्पूर्ण विकास के लिए आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन की अधिक मात्रा की जरूरत होती है। ऐसे में उनके भोजन में हरे पत्तेदार सब्जियों को जरूर शामिल करें ताकि भरपूर मात्रा में शरीर को आयरन की मात्रा मिल सके।

इन सब्जियों में स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मात्रा में मिलने वाली भिंडी, मटर, सेम की फलियाँ, चौलाई, पालक, बथुआ, मेथी, सहजन और सरसों के साग को शामिल किया जा सकता है। यह सब्जियां हीमोग्लोबिन बढ़ाने में बहुत ही मददगार साबित होती हैं। इनके अवशोषण को बढ़ाने के लिए इनमें नींबू या टमाटर के साथ पकाकर खाना ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। पालक और सहजन में जहाँ आयरन की मात्रा भरपूर होती है वहीं मेथी में आयरन के साथ फाइबर और अन्य पोषक तत्व भी उच्च मात्रा में होते हैं। बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध मोटा अनाज और दाल को भी जरूर प्राथमिकता दें। इनमें मक्का, बाजरा, रागी, ज्वार, राजमा, नट्स, चना दाल, काला चना, सोयाबीन और मसूर आदि को भोजन में शामिल कर बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है।

दैनिक आहार में पीले एवं नारंगी फलों को भी शामिल करके शरीर को आकर्षक बनाया जा सकता है। इनमें पपीता, आम, खरबूज, कद्दू, गाजर आदि को शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तिल, गुड़, चना और अलसी भी शरीर के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। थाली में विटामिन-सी युक्त आहार को भी शामिल करना आवश्यक होता है क्योंकि बेहतर स्वास्थ्य में यह बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसके लिए जरूरी है कि अंकुरित चना/दाल, आंवला, नींबू, संतरा, टमाटर, अंगूर, अमरूद आदि से युक्त विविधता वाली थाली को जरूर अपनायें।

# चेयरमैन साहब का आदेश भी लेसा मध्य जोन के चीफ ने कर दिया खारिज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** 'संईया भये कोतवाल तो अब डर काहे का' यह कहावत लेसा मध्यजोन लेबल-2 मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल पर फिट बैठ रही है। चेयरमैन का आदेश हो या एमडी मध्यांचल का इनको कोई फर्क नही पड़ता है। पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि स्थानांतरण हो चुके कर्मचारी और अभियंताओं को निर्धारित समय में कार्यमुक्त किया जाए। आदेश का पालन नहीं होने पर संबंधित मुख्य अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही गई है। इसके बावजूद लेसा मध्य जोन में आदेश का असर दिखाई नहीं दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक राजभवन क्षेत्र में एसडीओ 11 केवी एलटी के पद पर तैनात अश्वनी कुशवाहा का प्रमोशन होने के बाद दूसरे स्थान पर स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन उन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। इसी तरह 11 केवी एलटी का काम देख रहे अवर अभियंता प्रखर सिंह का स्थानांतरण करीब एक माह पहले लेसा सिस गोमती में हो चुका है, लेकिन वह भी मौजूदा तैनाती स्थल पर ही कार्यरत हैं। वहीं, अंकित पाण्डेय 11 केवी एलटी बालाघाट और आजादनगर का कार्य देख रहे हैं। उनका भी करीब एक माह पहले स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन उन्हें भी अब तक रिलीव नहीं किया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब उच्च स्तर से स्थानांतरण के बाद तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश हैं तो स्थानीय स्तर पर इन आदेशों को अमल में क्यों नहीं लाया जा रहा है।

इस संबंध में लेसा मध्य जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही स्थानांतरण के बाद संबंधित अभियंताओं को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। हालांकि, चेयरमैन के आदेश में तय समय पर कार्यमुक्त नहीं किए जाने पर मुख्य अभियंता के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी.एण्ड डब्ल्यू. लखनऊ के द्वारा **ई-टेंडर संख्या 283-Mech-CW-ACWP-26-2** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **21.09.2026, 15:00 बजे** है जो उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 3 नम्बर्स ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्टस (एसीडब्लयूपीएस) विद प्रोविजन आफ इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (ईटीपी) एण्ड वाटर रिसाइकिलिंग प्लान्ट (डब्लयूआरपी) एण्ड मेन्टेनेन्स एण्ड आपरेशन फार टू इयर्स इन वारन्टी पीरियड फ्राम द डेट आफ कमिशनिंग एण्ड आपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स आफ एसीडब्लयूपीएस फार थ्री इयर्स विद ईटीपी आफ्टर वारन्टी पीरियड ऐट लखनऊ, वाराणसी एण्ड अयोध्या कैन्ट डिपो आफ लखनऊ/एनआर डिवीजन। | | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविद बंद होने की दिनांक एवं समय | 21.09.2026 15:00 बजे | | अपलोडिंग दिनांक | 01.09.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 8,16,69,872.60 (Including GST) | | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी. एण्ड डब्ल्यू. |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिडयूल आइटम | | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 16,33,400.00 | | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | कार्य की अवधि | (180 days + 60 Months) As per delivery schedule chart, 180 days from date of award to prove out test + 60 Months for maintenance and operation. | |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 07.09.2026 | | | |

सं.: 283-Mech-CW-ACWP-26-2 दिनांक: 31.08.2026 2996/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# चौकीदार की चाकू से गोदकर हत्या, छत से नीचे फेंका

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महिंगवा थाना क्षेत्र के परसहिया गनेशपुर गांव में प्लॉटिंग साइट के चौकीदार सतीश (26) को बदमाशों ने रविवार देर रात चाकू से गोदा और छत से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पुलिस अफसरों और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने उठाए। पुलिस रुपयों के लेनदेन, सम्बंधों समेत कई अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। हालांकि पुलिस ने आशंका जताई है कि शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद चौकीदार की हत्या की गई है। पुलिस की तीन टीमें बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही हैं।

परसहिया गनेशपुर निवासी सतीश परसहिया गांव के सामने एक निजी हॉस्पिटल के पास प्लाटिंग साइट पर चौकीदारी करता था। रविवार देर रात प्लाटिंग एरिया में छत पर सो रहा था। इस बीच बदमाश ने सतीश पर चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार किए और चाकू से गोदकर नीचे फेंक दिया। हमले में सतीश खून से लथपथ हो गया। काफी देर तक नीचे पड़ा रहा। हिम्मत जुटाकर वह उठा और प्लाटिंग साइट के बाहर निकला। ग्रामीणों ने उसके घरवालों को सूचना दी। घरवाले और ग्रामीण सतीश को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस उपायुक्त उत्तरी अमित कुमार आनंद के मुताबिक, घटना के सम्बंध में रंजिश, रुपयों के लेनदेन और अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। हालांकि प्राथमिक जांच में पता चला है कि सतीश किसी परिचित के साथ प्लाटिंग साइट पर बने एक निर्माणाधीन मकान की छत पर शराब पी रहे थे। नशेबाजी के दौरान उसका विवाद हुआ। विवाद में सतीश पर चाकू से प्रहार किए। इसके बाद छत से नीचे फेंक दिया। उधर, डीसीपी नॉर्थ अमित कुमार आनंद बोले-चाकू से घायल सतीश की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मुकदमा दर्ज कर हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**मृतक का मोबाइल फोन भी है गायब :** ग्रामीणों के मुताबिक प्लाटिंग साइट बलिया के रहने वाले अजरा फिरदौस की है। रिवांत के नाम से प्लाटिंग की साइट है। प्लाटिंग एरिया पर एक महिला के मकान का निर्माणकार्य चल रहा था। उसी मकान की छत पर सतीश सोया था। पुलिस को घटनास्थल से सतीश का मोबाइल गायब मिला है। मौके से एक टार्च मिली है। खून भी पड़ा था। फोरेंसिक टीम घटनास्थल से नमूने उठाए है। परिवार में मां शकुंतला, भाई दीपू, सतीश, रिंकू और शिवम थे। सतीश चार भाई में दूसरे नम्बर पर था। उसकी एक बहन भी है।

**5 दिन पहले ही चौकीदार की नौकरी शुरू की थी:** परिजनों के मुताबिक, सतीश करीब 5 दिन पहले ही गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर बन रहे निर्माणाधीन मकान में चौकीदार की नौकरी करने लगा था। उसे अशोक नाम के ठेकेदार ने काम पर रखा था। मकान एक महिला का बताया जा रहा है, जो लखनऊ में रहती हैं। सतीश रात में मकान की छत पर ही सोता था।

**दो दिन पहले दौड़ाकर दी थी धमकी:** मृतक के छोटे भाई शिवम यादव ने बताया कि सतीश का गांव के ही सुनील और धीरज से लंबे समय से विवाद चल रहा था। शिवम के मुताबिक, दो दिन पहले दोनों ने सतीश को दौड़ाया था और उसे देख लेने की धमकी दी थी। परिवार को आशंका है कि पुराने विवाद के चलते ही सतीश की हत्या की गई हो सकती है। हालांकि, अभी हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है। शिवम ने बताया कि रात करीब 1 बजे परिवार को सूचना मिली कि सतीश की हत्या कर दी गई है। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सतीश प्लॉट पर सोने के लिए गया था, जहां उस पर हमला किया गया।

**दो संदिग्ध हिरासत में:** घटना की सूचना मिलते ही महिंगवां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस पुराने विवाद समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## सड़क किनारे मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

लखनऊ। मानकनगर थाना क्षेत्र में आरडीएसओ कालोनी के पास सोमवार सुबह करीब 9 बजे सड़क किनारे महिला का शव मिला है। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को संदिग्ध देखते हुए उच्च अधिकारियों को बताया। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। इस बीच घटनास्थल पर पहुंचे एडीसीपी सेंट्रल जितेंद्र दुबे ने बताया कि इंस्पेक्टर मानकनगर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया है। महिला के गले पर कसाव के निशान मिले हैं, जिसकी जांच में टीम लगी हुई है। महिला की पहचान के लिए, टीमें जुट गई हैं। महिला की हत्या कर हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। महिला के गले पर कसाव के निशान से लग रहा है उसकी हत्या कर शव फेंका गया है। महिला का पहला गला कसा गया, जिससे उसकी मौत हुई। शव को ठिकाने लगाने के लिए सुनसान जगह पर फेंका गया। पुलिस लूटपाट के बाद हत्या के एंगल से भी जांच की जा रही है।

## नहर में उतराता मिला छात्र का शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र की इंदिरा नहर में सोमवार सुबह युवक का शव उतरता मिला। शव की पहचान चिनहट थाना क्षेत्र के नंदपुर निवासी मोहित पुत्र लक्ष्मी प्रसाद के रूप में हुई है। मोहित 29 अगस्त से लापता था, जिसके नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही थी।

पिता लक्ष्मी नारायण ने बताया कि 29 अगस्त को मोहित कश्यप (20) अपने फुफेरे भाई दीपू, सुमित, दोस्त आदर्श वह अन्य के साथ गांव के पास नहाने के लिए गया था। इसी दौरान तैरना ना आने के चलते भी वह गहरे पानी में उतर गया डूबने लगा तो उसको डूबता देखकर उसका भाई दीपू व एक अन्य साथी भी बचाने में कूद गया था। मगर पानी में तेज बहाव के चलते वह बह गया उसके बाद भाइयों ने जब उन्हें सूचना दी तो लगातार खोजबीन हो रही थी सोमवार सुबह नगराम स्थित समेसी गांव के पास नहर में उतराता देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवा कर शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया जहां पहुंचकर पिता ने नहर में मिले शव की पहचान अपने बेटे मोहित के रूप में की वह एक प्राइवेट स्कूल से हाई स्कूल का छात्र था परिवार में तीन भाई एक बहन में वह बड़ा था पिता मेहनत मजदूरी करते हैं मां गीता देवी हैं। सोमवार को नगराम थाना क्षेत्र में इंदिरा नहर में एक शव उतरता हुआ दिखाई दिया। मृतक के पिता ने डायल-112 पर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। परिजनों ने मौके पर शव की पहचान मोहित के रूप में की। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हाईकोर्ट ने उन्नाव एसपी को सौंपी जांच

### थाने में अवैध हिरासत और 14 लाख के जेवर लूटने के आरोप

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उन्नाव के हसनगंज थाने में एक व्यक्ति को कथित रूप से अवैध हिरासत में रखने और उसके 14 लाख रुपये के जेवर, नकदी व अन्य सामान गायब करने के आरोपों को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने उन्नाव के पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की जांच करने तथा 27 से 30 जुलाई 2026 के बीच थाने की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर जांच रिपोर्ट के साथ हाईकोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति रजनीश कुमार और न्यायमूर्ति बबिता रानी की पीठ ने यह आदेश राम कुमार की ओर से दाखिल आपराधिक रिट याचिका पर दिया। याची का आरोप है कि उसे 27 जुलाई से 30 जुलाई तक हसनगंज थाने में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया, जबकि उसके विरुद्ध कोई अभियोजन शुरू नहीं किया गया। याची ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों और अनामिका उर्फ मधु नाम की महिला ने उसकी 14 लाख रुपये कीमत के जेवर, 35 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और करीब 15 कारतूस कथित तौर पर ले लिए। याची ने कोर्ट से थाने की उक्त अवधि की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने और उसे अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश देने की मांग की थी। पीठ ने याचिका में लगाए गए आरोपों और मांगी गई राहतों को देखते हुए मामले पर विचार की आवश्यकता मानी। कोर्ट ने बाल कल्याण समिति उन्नाव एवं अनामिका उर्फ मधु को नोटिस जारी करते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने एसपी उन्नाव को निर्देश दिया कि वह हसनगंज थाने की 27 से 30 जुलाई की सीसीटीवी फुटेज की जांच करें और उसे सुरक्षित भी रखें। जांच रिपोर्ट के साथ फुटेज कोर्ट में प्रस्तुत करनी होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी के विरुद्ध कोई आपत्तिजनक या दोष सिद्ध करने वाली सामग्री मिलती है तो एसपी संबंधित दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। राज्य का जवाबी हलफनामा एसपी के शपथपत्र के साथ दाखिल किया जाना है। इसके बाद मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है।

## भातखण्डे में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन

**लखनऊ।** जनभवन, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत खेलेगा भारत, जीतेगा भारत तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत इस वर्ष एक घंटा, खेल के मैदान में को केंद्रबिंदु बनाकर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आज रस्साकशी प्रतियोगिता के साथ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा खेल भावना, अनुशासन, सहयोग एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# नगवा नाले में डूबे हाई स्कूल के छात्र का शव 23 घण्टे बाद हुआ बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र स्थित खुर्रमपुर गाँव के पास नगवा नाले में रविवार को नहाने के दौरान डूबे हाईस्कूल के छात्र साहिल (18) का शव सोमवार को करीब 23 घण्टे बाद नाले से बरामद हो गया। उसकी तलाश में सोमवार सुबह करीब 9:45 बजे एसडीआरएफ टीम ने दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी देर तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोपहर 12:35 बजे उसका शव घटना स्थल से 100 मीटर दूर ही मिल गया।

गौरतलब है कि कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडितखेड़ा निवासी मजदूर जितेंद्र का बेटा साहिल कनौसी स्थित सर्वांगीण इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। रविवार दोपहर वह घर से स्विमिंग पूल में नहाने की बात कहकर निकला था। बाद में वह सरोजनीनगर के अमौसी निवासी अपने दोस्त कृष्णा सिंह, आशु रावत व दो अन्य साथियों के साथ आशु रावत की रिश्तेदारी में बंथरा के भदोई गांव पहुंचा। वहां से सभी खुर्रमपुर के पास नारायणपुर-फतेहगंज रोड स्थित नगवा नाले पर पहुंचे। जहाँ दोपहर करीब 2 बजे नहाने के लिए तीनों ने पुलिया से बारी-बारी छलांग लगा दी। लेकिन साहिल को तैरना नहीं आता था, जिससे वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के कारण वह पानी में बह गया। तब दोस्तों ने मदद के लिए शोर मचाया। शोर सुनकर राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बंथरा पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उनकी मदद ली, मगर साहिल का पता नहीं चल सका। उधर लंबा समय बीतने के बाद भी एसडीआरएफ टीम मौके पर नहीं पहुंची। जिससे नाराज साहिल के परिजनों ने नाले के पास ही नारायणपुर-फतेहगंज रोड पर बैठकर सड़क जाम कर दी। हालाकि पुलिस ने किसी तरह समझा कर उन्हें सड़क के किनारे किया। इस दौरान शाम करीब 5:45 बजे पहुंची एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू शुरू किया और रात 9:30 बजे तक तलाश जारी रखी। बाद में रात और अधिक अंधेरा हो जाने के कारण रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया। वहीं सोमवार सुबह 9:45 बजे एसडीआरएफ टीम ने फिर घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तब काफी देर तक चले सर्च अभियान के दौरान दोपहर करीब 12:35 बजे साहिल का शव एसडीआरएफ टीम को घटना स्थल से करीब 100 मीटर दूर नाले में बबूल की झाड़ी से फंसा मिला। इसके बाद शव को बाहर निकाल कर पुलिस ने उसे कब्जे में लिया और सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक साहिल के परिवार में उसके पिता जितेंद्र और मां शशि के अलावा बड़ा भाई समीर व छोटी बहन बिट्टो है।

## आम के पेड़ पर गमछे से लटक कर दी जान

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में फांसी का फंदा लगाकर जान देने की घटनाएं बढ़तीजारही हैं। आये-दिन क्षेत्र में फांसी लगाने की घटनाएं घटित हो रही हैं। इसी क्रम में माल थाना क्षेत्र के थावर गांव में सायं लगभग पांच बजे एक साधु वेषधारी लगभग (48) अड़तालिस वर्षीय युवक ने बड़े बाग में आम के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने की जानकारी जानवरों के लिए घास काटने गये नटो (कंकड़ों) द्वारा हुई। उन्होंने गांव में घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि मृतक रामप्रसाद गिरि उन्नाव जनपद के मुरुई गांव का निवासी था। जो बीते पांच छह वर्षों से अपने बहनोई थावर गांव निवासी श्रीपाल गिरि के घर पर रहने लगा था। रामप्रसाद ने बीते तीन वर्षों से साधु वेष में रहने लगा था, जिसने सोमवार को अज्ञात कारणों से थावर गांव के पश्चिम स्थित बड़े बाग में गमछे के सहारे आम के पेड़ में फांसी का फंदा लगा कर जान दे दी। सूचना पाकर बहनोई श्रीपाल ने परिवार सहित पहुंचकर शव को उतार कर पुलिस को बिना सूचना दिये ही आनन फानन अंतिम संस्कार कर दिया।

## सम्मान एवं काव्य समारोह आयोजित




**लखनऊ।** अलीगंज स्थित अविरल सेवा संस्थान में सामाजिक, साँस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षणिक उपक्रम का सम्मान एवं काव्य समारोह संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित भावना के संस्थान कार्यालय, दयाल फोर्ट, विष्णुपुरी, अलीगंज 'अविरल सभागार' में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता साहित्यिक विभूति डॉ उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' व मुख्य अतिथि साहित्य भूषण डॉ अशोक शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ सत्या सिंह 'सत्या' मौजूद रहे। समारोह का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष हरिमोहन बाजपेयी 'माधव' व महासचिव चन्द्र देव दीक्षित ने किया। समारोह का प्रारम्भ हरिमोहन बाजपेयी 'माधव' की वाणी वन्दना दीजिए कर खोलकर वरदान वीणा वादिनीसे हुआ। समारोह में साहित्यिक उपलब्धियों हेतु डॉ शोभा त्रिपाठी को अविरल - काव्य गंगा एवं विकास शुक्ल 'अक्षत' को अविरल - काव्य गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह में डॉ उमा शंकर शुक्ल 'शितिकंठ', डॉ अशोक शर्मा, डॉ सत्या सिंह 'सत्या', डॉशोभा त्रिपाठी, डॉशोभा दीक्षित 'भावना', विकास शुक्ल 'अक्षत', हरी मोहन बाजपेई 'माधव', मनोज कुमार सिह 'मनुज', अंबरीश ठाकुर, डॉ शरला शर्मा 'अस्मा', डॉदिनेश चंद्र अवस्थी, रेनू वर्मा 'रेणु', मधु पाठक 'मांझी', राम मूर्ति सिंह 'अधीर', सुरेश गुप्त 'श्याम' जी, चन्द्र देव दीक्षित 'चन्द्र', आदि स्वनामधन्य कवि -कवयित्रियों द्वारा अपने मनमोहक काव्य पाठ प्रस्तुत किये।

## पुलिस ने पति-पत्नी के बीच कराया समझौता

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने आपसी घरेलू विवाद में पति-पत्नी के बीच समझौता कराया और उन्हें एक साथ रहने की नसीहत दी, जिसपर वे सहमत हो गये। उसके बाद उन्हें एक साथ घर भेंज दिया गय्या। पुलिस का कहना है कि 30 जुलाई को थाना आशियाना की महिला हेल्प डेक्स में एक प्रार्थना पत्र आवेदिका ने अपने पति के विरूद्ध दिया था, जिसमें आवेदिका का अपने पति से चल रहे पारिवारिक एवं घरेलू विवाद के संबंध में शिकायत की गयी थी। आवेदिका की शादी के 13 वर्ष पूर्ण करने के बाद करीब 11 वर्ष की पुत्री भी है।


### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश आदो शर्मा पुत्र बसन्त कुमार नि-हैदराबाद, थाना-हैदराबाद, तहसील गोला जिला खीरी अंकित हो गया है। जबकि उसके अन्य अभिलेखों जैसे परिवार रजिस्टर व अंकपत्र में उसका सही नाम त्रितुराज पुत्र बंसत कुमार अंकित है। आधार कार्ड में भी उसका सही नाम त्रितुराज व पता-मो. गोपाल नगर कॉलोनी निकट नया बाईपास भुमौरिया रोड गोला व परगना हैदराबाद, तहसील गोला खीरी ही अंकित किया जाये। बसन्त कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी-मो. गोपाल नगर कॉलोनी निकट नया बाईपास भुमौरिया रोड गोला व परगना हैदराबाद, तहसील गोला खीरी।

### न्यायालय सूचना

**नोटिस निस्वत दिखाने वजह के**
**(आम तौर पर)**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज/एफ.टी.सी. आगरा**
**आपराधिक निगरानी सं. 312/2026**

**श्रीमती यश्मी यादव पत्नी डॉ. ब्रजेश स्वरूप निवासी-12 डब्ल्यू-1, एच आर. स्टेट बोदला बिचपुरी रोड, राधारानी अपार्टमेंट के पीछे, कलवारी, पोस्ट ऑफिस शाहगंज, थाना जगदीशपुरा आगरा**

............निगरानीकर्ता

बनाम

1. उ.प्र. राज्य
2. मैसर्स गरवित इन्नोवेटिव प्रमोटर्स लि. प्लॉट नं. 1 विलेज चित्ती, गौतमबुद्ध नगर 203202 प्रबन्धक संजय भाटी निवासी-H8J6+GVG मैट्रो स्टेशन रोड, विलेज नया बांस, सेक्टर 15, थाना सेक्टर-20, नोएडा जी.बी. नगर

............विपक्षीगण

हरगाह निगरानीकर्ती ने विपक्षी सं. 2 के नाम एक आपराधिक निगरानी सं.312/2026 दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि जो आप व तारीख 16/09/2026 वक्त 10.00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई किया गया हो और कुल मुकदमा का जवाब दे सके या उसके साथ में कोई और सख्श हो जो कि ऐसे सवालों की जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जवाब देही के इस्तदलाल पेश करना चाहतो हो- आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हाजिर न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी।

व सिब्त मेरे और मुहर अदालत में आज व तारीख 26 माह 08 सन 2026 ई. जारी किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश


## नाबालिग से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। इटौंजा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि 30 अगस्त को वादी मुकदमा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उनकी पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष के साथ अभियुक्त अभिषेक पुत्र विनोद लोधी निवासी ग्राम करौंदी थाना इटौजा द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना में धारा 64(1)/333 बीएनएस व 3 पाक्सो एक्ट के तहत अभिषेक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल पीड़िता का बयान अंकित करते हुये, निरीक्षण घटनास्थल, पीड़िता का मेडिकल व अन्य साक्ष्य संकलन कराया गया। घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मिली एक सूचना के आधार पर सोमवार को समय करीब 08.45 बजे जमखनवां मोड़ के पास से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अभिषेक पुत्र विनोद लोधी निवासी ग्राम करौंदी थाना इटौजा उम्र करीब 19 वर्ष को अन्तर्गत धारा 64(1)/333 बीएनएस व पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।


### सार्वजनिक सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, लखीमपुर की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करना है कि रामू वर्मा पुत्र महेश चंद्र अपने प्लॉट नंबर 18 & 19 जो खसरा नंबर 315 का हिस्सा है के मालिक हैं, रकबा 1960 वर्ग फुट स्थित ग्राम शाहजानी, परगना & तहसील- महमूदाबाद और जिला सीतापुर में है" और रामू वर्मा अपनी उक्त सम्पत्ति को सौरभ वर्मा और अभिषेक कुमार वर्मा पुत्रगण राम मिलन वर्मा को विक्रय कर रहे है और वे आधार हाउसिंग फाइनेंस लि०, स्थित ग्राउण्ड फ्लोर, श्री मंगल प्लाजा, मोहल्ला आगापुरम, खीरी रोड, राजापुर, नियर मंडी समिति, लखीमपुर खीरी, 262701 में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार या अन्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयवधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव, आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि०, मो0-7355544102, 9559667676


# सेवा संकल्प अभियान के जरिए चुनावी रिहर्सल करेगी भाजपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा सेवा संकल्प अभियान के जरिए यूपी में चुनावी रिहर्सल करेगी। पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्तूबर के बीच घर-घर जाएगी। हर लाभार्थी तक पहुंचेगी। सरकार के काम गिनाएगी। मौका होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में 25 साल का कार्यकाल पूरा करने पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान का। इस दौरान 13 प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर बूथ पर पीएम के लिए आशीर्वाद का दिया जलेगा। कार्यक्रमों के केंद्र में जेन अल्फा और जेन-जी रहेंगे। अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल का उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाना नहीं, बल्कि इन उपलब्धियों से आम नागरिकों के जीवन में आए परिवर्तन की कहानियों को समाज के सामने रखना है। चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता युवाओं से संवाद करें कि जिस भारत और उत्तर प्रदेश को वे आज देख रहे हैं, वह पहले ऐसा नहीं था। हम युवाओं के बीच ह्यतब और अबह्ल की तुलना के माध्यम से बिजली, सड़क, कानून-व्यवस्था, कनेक्टिविटी, निवेश, रोजगार, स्टार्टअप और विकास के क्षेत्र में हुए बदलावों को सामने रखें। चौधरी ने कहा कि अभियान के तहत प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले और वर्तमान स्थिति के बीच हुए बदलावों को भी जनता के सामने रखा जाएगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण के अद्वितीय उदाहरण हैं। उनका नेतृत्व प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला, युवा, श्रमिक और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। आज देश का आम नागरिक स्वयं को विकास की प्रक्रिया का सहभागी महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री ने ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्ल के मंत्र को धरातल पर उतारकर देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन किया है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि अभियान के तहत हमें सेवा कार्यो के माध्यम से जनता के बीच पहुंचना है। अधिकतम पहुंच, अधिकतम सहभागिता, अधिकतम सेवा, और उसका प्रभावी क्रियान्वयन ही अभियान का उद्देश्य है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**लखनऊ।** हुसैनगंज पुलिस दो वारंटी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का कहना है कि न्यायलय ने एक मामले में सचिन मिश्रा उर्फ भोलू पुत्र स्व0 विनोद मिश्रा निवासी सुदामापुरी नहर का किनारा थाना हुसैनगंज के खिलाफ गैर जमानतीय अधिपत्र निर्गत किया था।

## काकोरी स्टेशन पर गूंजा देशभक्ति का स्वर

लखनऊ। ऐतिहासिक काकोरी रेलवे स्टेशन पर हर्षोल्लास के साथ भव्य काकोरी स्टेशन महोत्सव मनाया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े अमर क्रांतिकारियों के योगदान और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली स्मृतियों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक वंदे मातरम् गायन से हुई। मुरादाबाद मंडल के एडीआरएम (परिचालन) परितोष गौतमने पद्मश्री कलीमुल्लाह, अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अफाक उल्ला खां और महान क्रांतिकारी सचिन्द्र नाथ बख्शी की पौत्री मीता बख्शी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त रेलकर्मी एके सिंह, ओपी मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, राजपाल सिंह और हैदर अली को भी सम्मानित किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की मुरादाबाद मंडल टीम ने अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया। सांस्कृतिक टीम के वंदे मातरम्‌के बाद रेलवे सुरक्षा बल और जनसमूह ने तिरंगा फ्लैग मार्च निकाला और तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

## धीरेन्द्र के दोनों हत्यारोपी गये जेल

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में धीरेन्द्र प्रताप सिंह के अपहरण कर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, मैनुअल साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर टीमों ने कार्रवाई करते हुए रवि किशन उर्फ रवि तिवारी मूल निवासी ग्राम मानपुर डेहवा, थाना जैतपुर, जनपद बाराबंकी व हाल पता पटेल नगर, आइसक्रीम फैक्ट्री, नीलमथा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपित के पास से पुलिस ने मृतक की काले रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# 10 आईपीएस अफसर हुए रिटायर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। यूपी के 10 आईपीएस अफसर सोमवार को रिटायर हो गए। इसमें डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के अफसर शामिल हैं। इन अफसरों के रिटायरमेंट के साथ ही कुछ प्रमोशन भी होंगे और जल्द ही बड़े पैमाने पर आईपीएस और पीपीएस अफसरों के तबादले हो सकते हैं।

सोमवार को रिटायर हुए अधिकारियों में डीजी फायरसर्विस आईपीएस मुथा अशोक जैन रिटायर हो गए। इससे डीजी पद की एक कुर्सी खाली हो गई। अब सीनियर लेवल का एक आईपीएस डीजी बनेगा। इसी तरह आईपीएस रवि जोसेफ लोक्कू, बीपीआर एंड डीके एडीजी भी रिटायर हो गए। सीआईडी के आईजी डा. अखिलेश कुमार निगम, यूपी 112 के डीआईजी शहाब रशीद खान, वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में तैनात डीआईजी आलोक प्रियदर्शी, पीएसी मुख्यालय की डीआईजी सुनीता सिंह, लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी वेस्ट कमलेश कुमार दीक्षित, ईओडब्ल्यू में एसपी अरविंद मिश्रा, ट्रेनिंग मुख्यालय के एसपी हरि गोविंद, पीएसी 49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर में एसपी राम नयन सिंह रिटायर हो हुए हैं।

## पुलिस की कार्रवाई से नाराज युवक चढ़ा टावर पर, फायर फाइटर्स ने नीचे उतारा

लखनऊ। हजरतगंज क्षेत्र स्थित दारुलशफा के बाहर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब युवक टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। जब युवक नीचे नहीं उतरा तो फायर फाइटर्स उसे उतारने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की मदद से उसे उतारने का प्रयास किया गया। काफी देर तक बातचीत की गयी, लेकिन वह टावर से नीचे आने को तैयार नहीं हुआ। उसका आरोप है कि मेरे साथ मारपीट की गई और मुझ पर ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया। मुझे न्याय नहीं मिल रहा है। अब केवल मौत ही इसका हल है। फायर फाइटर्स ने उसे कार्रवाई कराने का भरोसा दिया और किसी तरह उसे राजी कर टावर से निकाल कर हाइड्रोलिक प्लेट फार्म पर खड़ा कर नीचे उतरा गया।


**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निम्न सबस्टेशनों की स्क्रैप विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित करता है :**

220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सैफई
220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र भरथना
132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र कुनैरा, इटावा, जिला-इटावा (उ.प्र.)
ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 11.09.2026
132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र दिबियापुर जिला-औरैया (उ.प्र.)
ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 11.09.2026

● ई-ऑक्शन वर्तमान दशा (**'as is where is'**) के आधार पर, इस खण्ड के अन्तर्गत उपलब्ध परिवर्तक एवं स्क्रैप सामग्री का अलग-अलग लॉट में M/s M.S.T.C. के माध्यम से किया जाएगा। ● स्क्रैप का स्थल :- * 220के.वी. उपकेन्द्र, भरथना, इटावा पर 100 एम.वी.ए. परिवर्तक * 220 के.वी. उपकेन्द्र, सैफई, 132के.वी. उपकेन्द्र कुनैरा, इटावा एवं 132के.वी. उपकेन्द्र दिबियापुर पर विभिन्न स्क्रैप सामग्री ● ई-ऑक्शन विवरण * विभिन्न परिवर्तकों हेतु ई-ऑक्शन सं.- MSTC/LKO/ UPPTCL/4/Etawah/26-27/28565 * नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शर्तें www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है। * नीलामी से सम्वन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे। ● सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूचना :- * harivir.singh@upptcl.org/Mobile No.-8874204732 * rachit.maurya@upptcl.org/Mobile No. 8874203563 * murtaza.ali@upptcl.org/Mob. No. 8874204731

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**(पत्रांक : 863, दि. 31.08.2026)**

# जन्माष्टमी : गुब्बारों से सजेगा मंदिर, जन्मोत्सव पर फूटेंगे पटाखे



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 4 सितंबर को आयोजित होने वाली डालीगंज स्थित श्रीमाधव मंदिर में श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव पर श्रीराधामाधव भव्य फूलों का श्रंगार, ब्रजरुपी कलाकारो द्वारा महारास एवम बाल लीलाओं का मंचन, इलेक्ट्रॉनिक झालरो व 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन, दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक, 56 प्रकार के भोग झाकी, दही हांडी फोड़ने, श्री कृष्ण जन्माउत्सव पर सुप्रसिद्ध भजन गायक धनजय मित्तल द्वारा भजनों की वर्षा, लॉर्ड कृष्णा संग सेल्फी प्वाइंट तथा आनंद उत्सव पर खुशी में जमकर प्रसाद लुटाने का कार्यक्रम ब्रज की तर्ज पर आयोजन किया गया जाएगा ये जानकारी संयोजक अनुराग साहू ने दिया।

संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि लखनऊ शहर के श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव सूफियान अंदाज में सूफी भजन गायक धनंजय मित्तल, नितीश सिंह ने शमा बंधेगे माधव मन्दिर के एफबी पेज राधामाधवएलकेओ से घर बैठे भक्तो ने लाइव दर्शन किया राकेश साहू ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मष्टमी का सीधा प्रासरण किया गया श्री राधामाधव के श्वेताम्बर बनारसी वस्त्रों, चॉदी के मुकूट धारण किये आलौकिक दर्शन व जन्म से पहले दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक च्चरण के साथ अभिषेक किया जाएगा।

**पांच हजार गुब्बारों व झालरों से सजेगा मंदिर:** देशी विदेशी फूलों का श्रृंगार के साथ पूरें मन्दिर परिसर में एल.इ.डी, तेजर लाइटो व इलेक्टानिक झालरो से जगमागता श्री माधव मन्दिर बाहर का परिसर तथा अनन्द जन्मोत्सव की थीम पर 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन बच्चे व लोगो को अपनी ओर आकर्षित करेगा। श्री राधा माधव सेवा संस्थान के सदस्य बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, धनश्याम दास अग्रवाल, गोविन्द साहू, श्यामजी साहू, ओमकार जायसवाल, राकेश साहू, मनोज साहू, दिनेश अग्रवाल, दीपक महरोत्रा, माया आनंद ने 56 प्रकार के भोग की झांकी में लडडू, बर्फी, रसगुल्ला स्वीठर्स से लेकर ड्राई फ्रुडर्स, फल केला, आम, अनार, अंगूर, इस प्रकार के 56 भोग संस्था के सदस्यों द्वारा लगाया जाएगा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य महाआरती के बाद पंचमेल प्रसाद वितरण किया गया। फिर यहा दही हाडी फोरी गयी जो कि 15 फिट की ऊचाई पर 15 ग्वालो के साथ प्रभु श्रीकृष्ण रुपी निकुंज साहू ने ग्वालो पर चढकर मटकी फोड़ेगा।



**यहां भी होंगे आयोजन:** अवध नगरी के बासमंडी स्थित श्री गौर राधाकृष्ण मंदिर, डालीगंज स्थित श्रीमाधव मंदिर के राधा माधव सेवा संस्थान, नाका चौराहे से न्यू गणेशगंज मार्ग पर डिजिटल मूविंग झांकी, रिजर्व पुलिस लाइन, महानगर स्थित 35वीं बटालियन पीएसी परिसर आदि जगह पर विशेष आयोजन होंगे। सभी मंदिरों की सफाई, रंगाई-पुताई आदि का काम भी लगभग पूजा हो चुका है। बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग चढ़ाया जाएगा।

## जन्माष्टमी पर ग्रहों का दुर्लभ संयोग, 4 राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इस बार जन्माष्टमी का पर्व ज्योतिषीय दृष्टि से भी खास माना जा रहा है। 4 सितंबर 2026 को जन्माष्टमी के दिन कई प्रमुख ग्रह अनुकूल स्थिति में रहेंगे। चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में, गुरु अपनी उच्च राशि कर्क में, सूर्य अपनी स्वराशि सिंह में और शुक्र अपनी स्वराशि तुला में रहेंगे। वहीं मंगल और शुक्र के बीच नवपंचम योग भी बनने की बात कही जा रही है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ग्रहों की यह स्थिति कुछ राशियों के लिए करियर में प्रगति, आय में बढ़ोतरी और आर्थिक अवसरों के संकेत दे सकती है। जन्माष्टमी के दिन कई ग्रहों की अनुकूल स्थिति को ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चंद्रमा और गुरु की उच्च स्थिति के साथ सूर्य और शुक्र का अपनी-अपनी राशियों में होना इस दिन को विशेष बना रहा है। हालांकि किसी व्यक्ति की कुंडली में ग्रहों की स्थिति अलग होने के कारण परिणाम भी अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए इन ज्योतिषीय संकेतों को सामान्य राशिफल के तौर पर देखना चाहिए। आर्थिक निवेश, नौकरी या कारोबार से जुड़े बड़े फैसले अपनी परिस्थितियों और विशेषज्ञ सलाह के आधार पर ही लेना उचित रहेगा।

**वृषभ राशि:** जन्माष्टमी के दिन चंद्रमा आपकी राशि में उच्च स्थिति में रहेंगे। इसका सकारात्मक असर आपके आत्मविश्वास और मानसिक स्थिति पर पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल रह सकता है। आय के नए स्रोत बनने के साथ अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिल सकता है। वहीं व्यापार करने वाले लोगों को किसी नए संपर्क या योजना से फायदा मिलने की संभावना है। पारिवारिक माहौल भी सकारात्मक रहेगा और घर में सुख-शांति बनी रह सकती है।

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए जन्माष्टमी का ग्रह संयोग विशेष माना जा सकता है। गुरु आपकी राशि में उच्च अवस्था में रहेंगे और चंद्रमा भी लाभ भाव में उच्च स्थिति में होंगे। वहीं सूर्य धन भाव में रहेंगे। इन ग्रह स्थितियों के चलते नौकरी और कारोबार में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से जिस काम या प्रोजेक्ट के पूरा होने का इंतजार था, उसमें प्रगति हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं और आय के साथ बचत पर भी ध्यान देने का मौका मिलेगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के जातकों के लिए भी जन्माष्टमी का दिन करियर और व्यापार के लिहाज से सकारात्मक रह सकता है। लाभ भाव में गुरु की शुभ स्थिति आर्थिक फायदा दिलाने वाली मानी जाती है। कारोबारियों को कोई बड़ा ऑर्डर, नया क्लाइंट या महत्वपूर्ण डील मिल सकती है। विदेश से जुड़े व्यापार में भी नए अवसर सामने आ सकते हैं। नौकरी करने वालों को अपनी मेहनत का बेहतर परिणाम मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से अटके काम पूरे होने से मानसिक संतुष्टि भी मिलेगी।

**धनु राशि:** धनु राशि वालों के लिए जन्माष्टमी का ग्रह संयोग नई योजनाओं को आगे बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी रणनीति का लाभ मिल सकता है और किसी पुराने प्रयास का सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। प्रेम और वैवाहिक जीवन में भी परिस्थितियां बेहतर हो सकती हैं। परिवार की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी और किसी धार्मिक यात्रा की योजना भी बन सकती है।

### रोहिणी नक्षत्र के संयोग में कृष्ण जन्माष्टमी

कृष्ण जन्माष्टमी हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसका इंतजार भक्तों को पूरे साल रहता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप यानी लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है। भक्त मध्यरात्रि में कान्हा के जन्म का उत्सव मनाते हैं और उन्हें माखन-मिश्री का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, श्रीकृष्ण जी का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि के समय हुआ था। इसी वजह से जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मध्यरात्रि को पूजा और इस दिन पर अष्टमी तिथि व रोहिणी नक्षत्र के संयोग को बेहद खास माना गया है। कहते हैं इस शुभ संयोग में विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से जीवन में सुख-सौभाग्य बढ़ता है और अटके हुए काम पूरे होने के योग बनते हैं। इस साल 4 सितंबर 2026 को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस साल भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 4 सितंबर 2026 को रात 2 बजकर 25 मिनट पर होगी। इस तिथि का समापन 5 सितंबर 2026 को रात 12 बजकर 13 मिनट पर होगा। तिथि के अनुसार, 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को ही कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इसी के साथ 4 सितंबर 2026 को जन्माष्टमी के दिन मध्यरात्रि में अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में चंद्रमा का संयोग भी बन रहा है।

**कान्हा जी की सजेगी झांकी :** जन्माष्टमी के दिन कुछ घरों में कान्हा जी की सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई जाती हैं। आप चाहे तो अपने घर में भी श्री कृष्ण की झांकी सजा सकते हैं। रात को 12 बजे श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। भगवान कृष्ण के बाल रूप को झूला झुलाया जाता है। पूजन के बाद बाल गोपाल को भोग लगाएं और आप खुद भी फलाहार कर सकते हैं।

**इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियां शुरूः** राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी। इस्कॉन मंदिर समिति ने धूमधाम से विशेष आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। समितियों का दावा है कि मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधा को देखते हुए ही सारी तैयारियां करने पर जोर दिया जा रहा है। शहीद पथ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इस्कॉन मंदिर के मीडिया कोऑर्डिनेटर श्रवण सिंधु दास ने बताया कि इस बार 4 सितंबर को जन्माष्टमी मनाई जाएगी। वृंदावन से ठाकुर जी के लिए जरी, मोती व जेवरात से सजे विशेष वस्त्र आएंगे। यह वस्त्र उसी दिन भगवान श्रीकृष्ण को पहनाए जाएंगे। उससे पहले वृंदावन से ही संकीर्तन टोली 24 घंटे विशेष पूजा-अर्चना करेगी। भक्तों को ठाकुर जी का अभिषेक करने का मौका भी दिया जाएगा। उनका अभिषेक दूध, दही और 1008 तीर्थों के जल से किया जाएगा। ठाकुर जी का अभिषेक करने के लिए भक्तों को पहले से मंदिर समिति से मिलना होगा। श्री श्री राधारमण बिहारी जी मन्दिर इस्कॉन में वाटिका, गौशाला को धूमधाम से सजाया जाएगा।

# कथक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने 'नमन' को बनाया यादगार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं कथक केन्द्र, लखनऊ द्वारा सुविख्यात कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज जी की स्मृति में दो दिवसीय पारम्परिक कथक नृत्य कार्यक्रम नमन परम्परा कथक की का आयोजन 31 अगस्त और 1 सितम्बर को गोमती नगर विपिन खंड स्थित अकादमी परिसर में स्थित संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह में शाम 5:30 बजे से किया जा रहा है। 31 अगस्त, को कथक केन्द्र लखनऊ की प्रस्तुति के उपरांत लखनऊ की देविका देवेन्द्र एस. मंगलामुखी, पुणे की आभा औटी, प्रयागराज की उर्मिला शर्मा और अहमदाबाद की मौलिक शाह की यादगार प्रस्तुतियां हुईं।

इस समारोह के मुख्य अतिथि पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात (आई.ए.एस.) के रूप में आमंत्रित किया गया था। उद्घाटन सत्र में कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज जी को पुष्पांजलि के उपरांत विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कथक नृत्यांगना प्रो. पूर्णिमा पाण्डे, आकाशवाणी केन्द्र लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना एस. पाण्डेय एवं बिरजू महाराज कथक संस्थान की उपाध्यक्षा डॉ. मिथिलेश तिवारी का स्वागत अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक राज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए बताया कि इस समारोह में भी महिला सशक्तिकरण को महत्व दिया गया है। दो दिवसीय नमन कार्यक्रम की पहली संध्या पर सोमवार को लखनऊ स्थित कथक केन्द्र की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां हुई। नायिका प्रसंग की कथक प्रस्तुति में नायिका-भेद को खूबसूरती के साथ पेश किया गया। इसमें कलाकारों ने नायिका के विभिन्न भावों जैसे प्रेम, विरह, मान, प्रतीक्षा, मिलन को परिपक्वता के साथ पेश किया। इस प्रस्तुति का नृत्य निर्देशन नीता जोशी द्वारा किया गया था। इसमें सृष्टि प्रताप, अदिति जायसवाल, केसर सिंह, वैष्णवी अग्निहोत्री, मानवी वर्मा, स्वरा त्रिपाठी, अंशिका कटियार, दिविक्शा तिवारी, अगन्या कटियार, शिखा शाह, वंदना वर्मा, ईशनूर कौर, वारन्या मेहरोत्रा, नंदिनी श्रीवास्तव ने प्रतिभाग किया।

मीराबाई के लोकप्रिय भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो पर मौसम, एकता कश्यप, सृष्टि पांडे, मौलिषा मिश्रा, साक्षी यादव, प्रिशा यादव, आद्रिजा और आद्विका अवस्थी ने मनोरम नृत्य किया। श्रुति शर्मा के निर्देशन में प्रस्तुत इस भजन में चक्कर, तिहाई और पदसंचालन के साथ भाव पक्ष भी सशक्त रहा। कृष्ण नमन में कथक केंद्र की छात्राओं ने कृष्ण स्तुति, कवित्त, टुकड़े तिहाई, परन पेश कर प्रशंसा हासिल की। इस प्रस्तुति का नृत्य निर्देशन रजनी वर्मा ने किया था। इसमें पूजा, अवंतिका, आरती, आकृति, कनक, किंजल, हंसिका, अंशिका, पूनम, अक्षिता और कमलेश ने उत्साह के साथ भाग लिया। इन प्रस्तुतियों में संगीत निर्देशन एवं गायन का दायित्व कमलकांत ने अदा किया। इसके साथ ही तबला वादन डॉ. राजीव शुक्ला-शहनवाज खान, सारंगी वादन अर्चना, बांसुरी वादन दिगंत सैकिया और सितार वादन डॉ. नवीन मिश्रा ने किया। इस संध्या का कुशल संचालन अलका निवेदन ने बखूबी किया। लखनऊ की प्रतिष्ठित कथक नृत्यांगना देविका देवेन्द्र एस. मंगलामुखी ने पारंपरिक कथक का उम्दा प्रदर्शन करते हुए कवित्व और परन पेश किए। डमरू हर कर बाजे में कलाकार की तैयारी और और जोश का सुंदर संयोजन देखने को मिला। अंत में ठुमरी में उनका सशक्त भाव पक्ष भी निखर कर सामने आया।

पुणे की लोकप्रिय कथक नृत्यांगना आभा औटी ने गणेश वंदना स्तुति सिन्दूर वदना के उपरांत गुरु परंपरा का अनुसरण करते हुए साढ़े सात मात्रा की विशेष रचना नील पेश कर वाहवाही अर्जित की। दोहे की परंपरा के तहत उन्होंने सूर्य छिपे अदरी बदरी, अरु चन्द्र छिपे जो अमावश आए को अत्यंत प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। अंत में उन्होंने उत्तर प्रदेश की होली परंपरा को जीवंत करते हुए देखो होरी के खिलैया पेश किया तो प्रेक्षागृह तालियों से गूंज उठा। प्रयागराज की वरिष्ठ कथक नृत्यांगना उर्मिला शर्मा ने शिव वंदना डमरू हर केर बाजे के उपरांत कथक का पारंपरिक स्वरूप अत्यंत सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया। अंत में उन्होंने महाराज बिंदादीन जी द्वारा रचित लोकप्रिय ठुमरी डगर चलत देखो श्याम कर गहियाँ पर सुंदर भाव पक्षों का प्रदर्शन कर प्रशंसा अर्जित की। उनके साथी कलाकार पं. पूरन मिश्रा, मंजीत कुमार, अनिल कुशवाहा, शुभंकर शर्मा उन्नति मिश्रा ने प्रस्तुति का आकर्षण बढ़ाया। अहमदाबाद के मौलिक शाह ने शिव स्तुति के उपरांत तीन ताल में पारंपरिक कथक किया। अंत में उन्होंने लोकप्रिय ठुमरी पीत पटवारे ने मरोड़ डारी बहिया पर सशक्त भावों का प्रदर्शन किया।

# अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा कजरी तीज का व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पति की दीघार्यु और समृद्धि की कामना के पर्व कजरी तीज पर सोमवार को महिलाओं ने व्रत कर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की। घरों में केले के पत्ते से मंडप बनाकर गौरी गणेश की पूजा की गई।

कजरी तीज पर व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद भगवान शिव और माता गौरी की मिट्टी की मूर्ति बनायी और माता गौरी और भगवान शिव की मूर्ति को एक चौकी पर लाल रंग का वस्त्र बिछाकर स्थापित किया। इसके बाद माता गौरी को सुहाग के 16 सामग्री अर्पित की, और भगवान शिव को बेल पत्र, गाय का दूध, गंगा जल, धतूरा, भांग आदि चढ़ाया। उसके बाद धूप और दीप आदि जलाकर आरती करने के बाद भगवान शिव और माता पार्वती की कथा सुनी और विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि की ओर से पूजन का आयोजन किया है। मां गौरी स्वरूप कजरी की आकृति बना कर व्रती महिलाओं ने पूजन किया। पूजन के दौरान महिलाएं हरे रंग की साड़ी धारण किये हुए थीं।

राजेन्द्र नगर के महाकाल मंदिर में भी महिलाओं ने पूजन किया। संयोजक अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि मंदिर को हरे रंग की रोशनी से सजाया गया था। इंद्रलोक कॉलोनी के इंद्रेश्वर और तुलसी मानस मंदिर में भी पूजन किया गया। आशियाना में पूजा मेहरोत्रा की ओर से पूजन किया गया। पति अमित मेहरोत्रा ने कजरी की कथा सुनाई। महानगर में अनुराधा की ओर से पूजन किया गया।

**इसलिए मनायी जाती है कजरी तीजः** कजरी तीज मुख्य रूप से दांपत्य जीवन में मधुर संबंधों पर आधारित पर्व है। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि इस पर्व को लेकर ये पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने सालों तक अपने कठोर तप से भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया था। तभी से मान्यता अनुसार सभी शादीशुदा महिलाएं अपने दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति हेतु व अपने पति की दीघार्यु के लिए निर्जल रहकर इस दिन मां पार्वती के लिए व्रत करती हैं। इसके साथ ही इस दिन अविवाहित कन्याएं भी भगवान शिव की भांति वर पाने और जल्द विवाह की कामना से इस व्रत को रखती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, महिलाओं के व्रत से प्रसन्न होकर भगवान शिव और माता पार्वती उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती से सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। ऐसी भी माना जाता है कि अगर किसी लड़की की शादी में कोई बाधा आ रही है तो इस व्रत को जरूर रखे।

## बच्चों को मिली रिश्ते जोड़ने की सीख



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी नानी की कहानी जीतेश की जुबानी का 84वां आयोजन सोमवार को बीकेटी स्थित बेसिक विद्यालय कमलाबाद बढ़ौली में हुआ। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने दर्जी की सीख कहानी के माध्यम से बच्चों को रिश्तों को तोड़ने के बजाय जोड़ने और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजक खेल से हुआ। कहानी में दर्जी द्वारा कैंची को नीचे और सुई को ऊपर रखने के माध्यम से समझाया गया कि तोड़ने वाले की जगह नीचे और जोड़ने वाले की जगह हमेशा ऊपर होती है। बच्चों ने कहानी के संदेश को उत्साहपूर्वक आत्मसात किया। अर्चना गुप्ता ने बच्चों को कविता सुनाई जिसे बच्चों ने दोहराया। वरिष्ठ गायिका आशा श्रीवास्तव ने प्रेरक पंक्तियों का सामूहिक गायन कराया। इस अवसर पर संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शम्भू शरण वर्मा, समाजसेवी अवनीश कुमार सिंह, विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक किरन त्रिवेदी, अंजुला चौधरी, एकता श्रीवास्तव, दिनेश यादव, ऊषा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शंकरा गीत को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया लॉन्च




**लखनऊ।** नव म्यूज़िका के नए गीत शंकरा के लॉन्च के साथ ही संगीत प्रेमियों के बीच इसकी चर्चा शुरू हो गई है। गीत को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अभिनेता नवीन कुमार से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और शंकरा गीत को लॉन्च किया। शंकरा गीत को चर्चित गायक सुधीर यदुवंशी ने अपनी आवाज दी है। सुधीर यदुवंशी फिल्म धुरंधर के चर्चित गीत आरी-आरी के लिए भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी दमदार आवाज में तैयार शंकरा गीत को लेकर संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गीत के लॉन्च के दौरान अभिनेता नवीन कुमार ने बताया कि शंकरा को दर्शकों और संगीत प्रेमियों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। गीत में भगवान शिव की भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं को आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गीत की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े गीत नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने शंकरा की सफलता की कामना की।

## गया प्रसाद शुक्ल सनेही की रचनाएं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हैं : शर्मा

- नन्द दुलारे वाजपेयी, गया प्रसाद शुक्ल सनेही एवं वंशीधर शुक्ल स्मृति समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी, गया प्रसाद शुक्ल सनेही एवं वंशीधर शुक्ल की स्मृति में सोमवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के प्रेमचन्द सभागार में पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ0 प्रीति राव द्वारा प्रस्तुत की गयी। डॉ. कैलाश देवी सिंह ने कहा वंशीधर शुक्ल जी एक कालजयी रचनाकार हैं। शुक्ल जी ने देश की स्वतंत्रता में भी योगदान दिया। वे किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी अपनी लेखनी चलायी। उन्होंने जीवन मूल्यों व आदर्शों के साथ कभी समझौता नहीं किया। वे स्वाभिमानी प्रवृत्ति के लेखक थे। शुक्ल जी की रचना बिन्दु में गाँव की प्राथमिकता रही है। वे गाँव व किसानों के पक्षधर थे। वे समाज में फैली दहेज प्रथा के घोर विरोधी थे। उनके काव्य में गाँव व किसानों की समस्याओं का व्यापक वर्णन मिलता है। उनकी रचनाओं में किसानों की दुर्दशा परिलक्षित होती है। उन्होंने कल्पनावाद के कवियों की घोर निन्दा की है।

पद्मकान्त शर्मा प्रभात ने कहा गया प्रसाद शुक्ल सनेही जी की रचनाएं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हैं। उनकी मान्यता थी कि जिसके हृदय में स्वदेश का प्यार नहीं वह हृदय नहीं वह पत्थर के समान हैं। गया प्रसाद शुक्ल सनेही एक कवि निमार्ता के रूप में साहित्य जगत में प्रसिद्ध हैं। सनेही जी ने राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत कविताएं लिखीं। वे छन्दबद्ध ओजस्वी कविताएं लिखते थे। सनेही जी एक युग दृष्टा कवि के रूप में साहित्य जगत में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में स्वतंत्रता, राष्ट्रीयता, मातृभूमि को केन्द्र बिन्दु के रूप में रखा। डॉ. सत्यवान ने कहा साहित्य में आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी ने आलोचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आलोचना के क्षेत्र में नन्द दुलारे वाजपेयी स्वतंत्र विचारों के पक्षधर थे। नन्द दुलारे वाजपेयी मौलिक रचनाकारों की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई है। उनकी रचनाएँ सारगर्भित हैं। उनकी सम्पादकीय टिप्पणियाँ भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रखर आलोचना से परिपूर्ण हैं। उनकी मान्यता थी कि साहित्य ही समाज का सही मार्गदर्शन कर सकता है। इस अवसर पर रतन माला भारती द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी के निबन्ध गीतिका, गया प्रसाद शुक्ल सनेही की कविता, परिचय एवं पावस गीत का वाचन किया गया। वहीं राधिका रावत द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी के निबन्ध श्री रामचन्द शुक्ल तथा वंशीधर शुक्ल की कविता उठ जाग मुसाफिर भोर भई एवं संसार किसी के साथ नही चलता है का वाचन भी हुआ। डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उप्र हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

संक्षेप

## सड़क बनी सुरंग हो सकता है बड़ा हादसा

मीरजापुर। जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य की वर्ष बीतने के बाद भी परवान नहीं चढ़ पाया है। अलबत्ता सड़कों के बैठने का सिलसिला जारी हो गया है जिससे आएं दिनों दुर्घटना होने के साथ बराबर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ रहता है। कुछऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं जहां सड़कों पर चलना जोखिम पूर्ण होने लगा है। आश्चर्य कि बात है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा भी सड़कों में गड्ढ़ों को बेहतर तरीके से दुरुस्त कराने के बजाए कोरम पूरा करने का काम किया जा रहा है। बता दें कि बरसात होते ही नगर में सड़कों के मजबूती, गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। नगर का शायद ही ऐसी कोई सड़क और मार्ग होगा जहां सड़कों में गड्ढा और क्षतिग्रस्त होने का नजारा न दिखाई दे रहा हो। तस्वीर सबसे व्यस्त मार्ग अस्पताल कचहरी मार्ग का है, जहां टीबी अस्पताल तिराहे से पहले सड़क में सुरंग होने का नजारा देख लोगों की सांसे तेज हो जा रही हैं। पाइप लाइन और सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदे गए सड़क की जमीन ठीक ढंग से बैठाए न जाने से सड़कों के बैठने का सिलसिला जारी है।

## नदी में उतराया मिला शरण कोल का शव

मड़िहान, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के बकहर नदी के छहमुहंवा मुहाने में भैंस की पूंछ पकड़कर नदी पार करते समय बहा 70 वर्षीय चरवाहा का शव आखिरकार 48 घंटे बाद मिल गया। संतनगर थाना क्षेत्र के बभनी थपनवा गांव के सामने बकहर नदी में खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने शव को उतराया हुआ देखा। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के शेरुआ ग्राम पंचायत स्थित छहमुहंवा मुहाने में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शीतलगढ़ पटेहरा गांव निवासी शरण कोल 70 वर्ष भैंस की पूंछ पकड़कर नदी पार करते समय तेज बहाव में बह गए थे।रविवार देर शाम सवा पांच बजे ग्रामीण और परिजन की तलाश में संतनगर थाना क्षेत्र के बभनी थपनवा गांव के सामने बकहर नदी में शव उतराया हुआ मिलने से तलाश खत्म हुई। मड़िहान थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि शव का पंचनामा कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं एसडीएम मड़िहान संतोष कुमार ओझा ने बताया कि मृतक के परिवार को दैवीय आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। शासन की प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित परिवार को जल्द सहायता दिलाई जाएगी।

## पांच एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल करते हुए पांच उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अधिकारियों को नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार शुभांशु कटियार को मछलीशहर का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं अजय कुमार उपाध्याय को मड़ियाहूं की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इसके अलावा नवीन कुमार को जौनपुर का अपर जिलाधिकारी प्रथम बनाया गया है। प्रशासनिक स्तर पर यह बदलाव जिले की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

## विश्व नदी दिवस पर दुर्वासा में होगा कार्यक्रम

आजमगढ़। दुवार्सा धाम में गंगा समग्र की बैठक आर्यमगढ़ विभाग के संरक्षक पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पौराणिक तमसा नदी की स्वच्छता पर विचार-विमर्श कर 27 सितंबर को विश्व नदी दिवस पर दुर्वासा में पावन तमसा- मंजूषा के संगम पर पूजन व जन जागरण हेतु भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया और संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। अपने संबोधन में गोरक्ष प्रांत के संयोजक राजकिशोर मिश्र ने कहा कि गंगा को निर्मल करने के लिए सहायक नदी तमसा की स्वच्छता गंगा समग्र के प्रमुख लक्ष्य में है , जो जन सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। काशी प्रांत के सह संयोजक दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि जल और वायु प्रदूषण से अनेक तरह के संकट उत्पन्न हो रहे हैं, जिन्हें दूर करने के लिए गंगा समग्र सतत प्रयासरत है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पद्मनाभ द्विवेदी ने कहा कि सभी प्रमुख संस्कृतियों का उद्गम और विकास नदियों के तट पर ही हुआ है।२

# संभावित बाढ़ को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने संभावित बाढ़ के दृष्टिगत तहसील चुनार अंतर्गत ग्राम बगही, सम्पर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति एवं प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उप जिलाधिकारी चुनार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र में कुल 13 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राहत शिविरों में खाना बनाने वालों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के लिए भोजन की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही तैयार रखी जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में पशुधन की सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही पर्याप्त संख्या में टार्च, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रखने को कहा। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए नावों की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाढ़ से निपटने की तैयारियां पूर्ण रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ चौकियों पर तैनात कार्मिकों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएं। साथ ही बाढ़ चौकियों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की नियमित रूप से जांच की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का

- बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखने के साथ भोजन, पशुओं के चारे, प्रकाश, टार्च, छाता व नाव आदि की व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

उद्देश्य संभावित बाढ़ की स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम करना है। उन्होंने ग्रामीणों से भी वार्ता कर पूर्व में आई बाढ़ की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों के द्वारा बाढ़ के दौरान कहां-कहां के गांव प्रभावित होते हैं उसके बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाढ़ चौकियों पर आवश्यक उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध रखने के साथ-साथ कार्मिकों की सक्रियता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां बाढ़ आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले पूरी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना दें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं संवेदनशील स्थानों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है तथा संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से संपर्क बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आपदा के समय प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समय से राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी।

## बस पलटी, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बंजारी कलां से प्रयागराज सवारियों को लेकर जा रही बस सोमवार दोपहर रतेह गांव स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे जिसमें एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं बस में सवार यात्रियों का आरोप है कि बस चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई नशे में धुत चालक ने सवारियों की जान को जोखिम में डाल दिया।

बस में सवार यात्री ड्रमंडगंज, कोरांव,मेजा और प्रयागराज जाने के लिए बैठे हुए थे।बस में सवार 28 वर्षीया प्रीतू पुत्री रोशन निवासी मड़वा धनावल, 30 वर्षीया करिश्मा पत्नी अशोक निवासी मड़वा धनावल, 14 वर्षीया साध्वी पुत्री शिवराम त्रिपाठी,35 वर्षीया सुमन पत्नी शिवराम त्रिपाठी निवासी हनुमना मध्यप्रदेश, 35 वर्षीय जय प्रकाश तिवारी 28 वर्षीय आशीष तिवारी निवासी बबुरा रघुनाथ सिंह 28 वर्षीय अशोक निवासी बंजारी कलां, 25 वर्षीया ललिता, 36 वर्षीया गुलाब कली निवासी बंजारी कलां, 28 वर्षीया प्रतिमा देवी निवासी महेशपुर, 26 वर्षीया प्रतिभा निवासी बेलवनिया प्रयागराज, 24 वर्षीय रंजीत, 22 वर्षीया चंदा देवी निवासी गड़बड़ा गोकुल, 26 वर्षीया पूजा पाल निवासी बंजारी कलां, 32 वर्षीय अरविंद कुमार निवासी पवांरी कलां व 25 वर्षीया ज्योति निवासी मड़वा धनावल घायल हो गई। बस पलटने की सूचना पर पहुंचे घायलों के परिजन आनन फानन में उपचार हेतु रतेह चौराहा व ड्रमंडगंज स्थित निजी क्लीनिक पर ले गए। वहीं घायल अशोक तिवारी के दाएं पैर में गंभीर चोट को देखते हुए स्वजन निजी साधन से मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर ले गए।सभी घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।ग्रामीणों की सूचना के आधे घंटे बाद स्थानीय पुलिस के पहुंचने पर बस में सवार यात्रियों और ग्रामीणों में आक्रोश रहा। ग्रामीणों का आरोप था कि घटना स्थल से महज डेढ़ किलोमीटर दूर थाना स्थित है। देर से आने पर चालक रामविलास भागने में सफल रहा। बस में सवार महिला यात्री ज्योति ने बताया कि बस चालक ने शराब पी रखी थी और बस को लहराते हुए चला रहा था बस पलटने से सिर में चोट लगी है।

## उद्योग बंधु व व्यापारी बंधु की बैठक में डीएम ने बैंकर्स को दिए निर्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों एवं व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बैंक स्तर पर लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकर्स एवं एलडीएम को कड़े निर्देश दिए कि लाभार्थियों की पत्रावलियों पर अनावश्यक रूप से आपत्तियां लगाकर उन्हें निरस्त न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पत्रावली में कमी है तो लाभार्थी को अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार की कार्रवाई कराई जाए, लेकिन बिना उचित कारण के पत्रावलियों को निरस्त करने की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बैंकर्स एवं एलडीएम को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना उचित कारण के लाभार्थियों की पत्रावलियां निरस्त किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रकरण में उच्च स्तर पर भी पत्राचार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित बैंकर्स को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से संबंधित बैनर एवं पोस्टर सभी बैंक शाखाओं में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में जीएसटी विभाग के अधिकारी द्वारा व्यापारियों के लिए उपलब्ध बीमा सुविधा की जानकारी देते हुए बताया गया कि जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक के बीमा का प्रावधान है। पंजीकृत व्यापारी के साथ दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में नियमानुसार बीमा कंपनी द्वारा 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु ने कार्यभार ग्रहण किया

जौनपुर। वर्ष 2024 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस के अधिकारी शुभांशु कटियार ने प्रशिक्षण के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में मछलीशहर तहसील में उप जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने राजस्व मामलों के प्रभावी निस्तारण और आमजन को समय से न्याय दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताया।उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों को गंभीरता से लेते हुए जमीनी स्तर से निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच कराई जाएगी। प्रयास रहेगा कि विवादों का स्थायी निस्तारण हो, जिससे एक ही मामला बार-बार सामने न आए और लोगों को अनावश्यक रूप से तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

## विद्यालय को दिए पांच कम्प्यूटर



जौनपुर।सिरकोनी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सुई को एक समाजसेवी ने पांच कम्प्यूटर प्रदान किया।सोमवार को हुए कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह मौजूद रहे।कम्प्यूटर देने वाले श्रवण कुमार चैबे के भाई सत्यवान चैबे उक्त कम्प्यूटर को लेकर विद्यालय पहुंचे।उन्होंने कम्प्यूटर ऑपरेटर के जरिये उन्हें विद्यालय के कमरे में स्थापित कराया।इस मौके पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के युग में कम्प्यूटर के बगैर शिक्षा पूर्ण नही है।इस तरह की चीजें प्रत्येक विद्यालय में होनी चाहिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय को कम्प्यूटर देकर एक नजीर पेश किया है।विद्यालय के बच्चे अब कम्प्यूटर के ज्ञान को पाएंगे। प्रधानाध्यापक सूरज कुमार मौर्य, अनिल कुमार चैबे, रत्नेश कुमार यादव, नितिका सिंह, अजय कुमार यादव आदि सहित भारी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## परिषदीय विद्यालयों में मेधावी छात्र चयन परीक्षा का आयोजन

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रतिभा को पहचानने एवं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ह्यमेधावी छात्र चयन परीक्षा-अगस्त 2026 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के माध्यम से कक्षा 3, 5, 6 एवं 8 के मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया जा रहा है।

वर्तमान में विद्यालय एवं संकुल स्तर पर परीक्षा एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया संचालित है। विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। विभागीय कार्ययोजना के अनुसार विद्यालय स्तर पर चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं के पश्चात संकुल स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। संकुल स्तर पर चयनित मेधावी छात्र आगामी ब्लॉक स्तरीय परीक्षा/प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं 9 सितम्बर,2026 को आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिन




विकास खण्डों में वृहद स्तर पर आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है, वहां संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा में संबंधित स्तर के शीर्ष/प्रथम मेधावी छात्र को ही आमंत्रित किया जाए, जिससे चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। मेधावी छात्र चयन परीक्षा के अंतर्गत चयनित एवं सम्मानित छात्र-छात्राओं का विवरण व्यवस्थित रूप से ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल संकुल शिक्षकों एवं संकुल शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने सेवित क्षेत्र के विद्यालयों में सम्मानित किए जाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण विवरण तथा कार्यक्रम की तस्वीरें निर्धारित लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

## भारत विकास परिषद शाखा ने मनाया तीज महोत्सव



जिला संवाददाता

भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वाधान में तीज महोत्सव शहर में स्थित होटल गोल्डन फॉर्चून में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि प्रांतीय संयोजक (महिला सहभागिता) डॉ प्रियंका जायसवाल, प्रांतीय संरक्षक अशोक अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक सूद, प्रांतीय सचिव विनीता सिंह, श्रीमती काजल वालिया, जिला अध्यक्ष डॉक्टर देवेश दूबे, प्रांतीय सह संयोजक संस्कार सीताराम पांडे, सचिव कौशल कुमार राय, कार्यक्रम संयोजक डॉ नेहा दुबे एवं रमाकांत वर्मा ने माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पुष्पारपण पढ़कर किया। सभी अतिथियों को बुके, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। तीज महोत्सव में संस्था की मातृ शक्तियों द्वारा कैसे खेले जईबू सावन में कजरिया, हमसे खेतवा में धान ना रोपाई पिया जैसे कजरी का उत्कृष्ट गायन किया गया, तत्पश्चात हरतालिका तीज पर सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसी क्रम में श्री कृष्ण पर आधारित बेहद मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा भी मनभावन प्रस्तुतियां देखने को मिली। सरोज यादव द्वारा स्वागत गीत एवं वंदे मातरम का गायन किया गया। वही यशा दूबे ने ई गिरी नंदिनी देवी स्तुति का गायन किया। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर नेहा दुबे प्रथम, मधु द्विवेदी द्वितीय एवं नीलम अस्थाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वही तीज क्वीन प्रतियोगिता में अनुराधा पांडे प्रथम, अंशु अस्थाना द्वितीय एवं ज्योति मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल डॉ विभा त्रिपाठी एवं डॉ. मनीष मिश्रा रही जिन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ प्रियंका जायसवाल ने कहा कि कजरी अपने यहां की लोकप्रिय पारंपरिक गीत है, जो विलुप्त होती जा रही है, हमें उसे सहेजने की आवश्यकता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक सूद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम बेहद ही मनभावन है जिसमें हमारे समाज के तीनों ही वर्ग बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक बंधन मजबूत होता है। कार्यक्रम का संचालन अंशु अस्थाना ने किया। इस अवसर पर रेखा अग्रवाल, वेदांती वर्मा, डॉक्टर संध्या वर्मा, मैंना पांडे, अंशु बरनवाल, अमितलता सिंह, ज्योत्सना सिंह, शशिकला यादव, आरती सिंह एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित है।

## कुलपति ने हॉस्टल की छात्राओं संग किया भोजन



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मीराबाई छात्रावास में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और खुद भोजन की गुणवत्ता को परखा। कुलपति के छात्राओं के साथ भोजन करने से छात्राओं में भी उत्साह देखने को मिला। भोजन के दौरान कुलपति ने छात्राओं से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनके पठन-पाठन, अध्ययन के माहौल तथा छात्रावास में आने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।कुलपति ने छात्रावास की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों एवं वार्डन को निर्देश दिया कि छात्राओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कुलपति ने द्रौपदी, मीराबाई एवं रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास की वार्डन डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. निमिषा यादव एवं डॉ. जया शुक्ला से छात्रावासों की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. वनिता सिंह एवं डॉ. श्वेता पांडेय उपस्थित रहीं।

## सेवानिवृत्त चार पुलिसकर्मियों को सम्मान के साथ दी गयी विदाई

आजमगढ़। पुलिस लाइन आजमगढ़ में सोमवार को सेवानिवृत्त हुए चार पुलिसकर्मियों के सम्मान में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग में लंबे समय तक निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी विभाग की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और उत्कृष्ट सेवाएं पुलिस विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति महज एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, जबकि समाज और राष्ट्र के प्रति उनका अनुभव एवं योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा। समारोह में निरीक्षक ना.पु. अभय राज मिश्रा, उपनिरीक्षक ना.पु. सभाजीत, उपनिरीक्षक नापु चन्द्रमा राम तथा मुख्य आरक्षी चालक नरेश चन्द को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षणाधीन) ईश्वर गुज्जर, क्षेत्राधिकारी नगर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस से धक्का-मुक्की और गाली-गलौज के मामले में पांच गिरफ्तार

आजमगढ़। जिला अस्पताल के मुख्य गेट के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन करने, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को सोमवार की देर रात तहबरपुर थाना क्षेत्र के सोहिला गांव से हिरासत में लिया गया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, 28 अगस्त को गेलवारा निवासी रेनू पत्नी शिवम की मृत्यु के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चरी में लाया गया था। पोस्टमार्टम के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोग शव को ससुराल पक्ष के लोगों के साथ ले जाने से रोकते हुए पहले एफआईआर दर्ज कराने की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास करते हुए थाना सिधारी में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने के लिए कहा, लेकिन लोग आक्रोशित हो गए। इसी दौरान शाम करीब 3: 40 बजे शनि पुत्र रामजी, निवासी हासापुर, थाना तहबरपुर, अपने करीब 20-25 अज्ञात पुरुष एवं महिला सहयोगियों के साथ जिला अस्पताल के मुख्य गेट के सामने सड़क पर बैठकर और खड़े होकर जाम लगाने लगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस द्वारा सड़क से हटने और जाम समाप्त करने का प्रयास किए जाने पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। आरोप है कि कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर सड़क पर जमे रहे। घटना के संबंध में थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 0445/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं और 7 सीएलए एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार (28), चन्द्र भान राम (54), अमरनाथ (48), रामचेत (52) और चैतूराम (55), सभी निवासी ग्राम सोहिला, थाना तहबरपुर, आजमगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी रात करीब 12:50 बजे की गई। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## निकायों में जन शिकायतों की हुई सुनवाई

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 5, नगर पंचायत ओबर में 5, नगर पंचायत रेनुकूट में 5, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## नपाप अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने मंत्री ए.के.शर्मा से लखनऊ में की शिष्टाचार भेंट

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट कर नगर विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कीं। श्रीमति प्रसाद ने नगरों के सर्वांगिण विकास, जन



सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को और बेहतर गति देने को लेकर मंत्री से मार्ग दर्शन एवं सुझाव प्राप्त कीं। इस दौरान नगर विकास मंत्री ने नगर विकास करने के साथ आम जनमानस को सहूलियत पहुंचाने का दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सरकार नगरों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नगरों का हर प्रकार से विकास कर नगर के नगरिकों को सभी जरूरी सहूलियत पहुंचाकर सरकार की सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचायें। कहा कि प्रदेश की योगी सरकार नगर को साफ, स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए निरन्तर आगे बढ़ रही है।

## राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करें: डीएम

वाराणसी। नदियों के बढ़ते जलस्तर के बीच काशी में संभावित बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सोमवार को बाढ़ राहत शिविर प्राथमिक विद्यालय, सरैंया और यूनाइटेड पब्लिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय पार्षद एवं नायब तहसीलदार से बाढ़ के हालात तथा शिविर में रह रहे लोगों के भोजन, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

pcf कार्यालय-जिला कार्यालय, यू०पी० कोआपरेटिव फेडरेशन लि.
कार्यालय : जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. प्लाजा भवन, मिन्टहाउस, नदेसर, वाराणसी
मो.नं. 8765984590 ई-मेल-dsvns.pcf@gmail.com

पत्रांक:पी०सी०एफ०/जि.का./प्रा.स./ई.-टेण्डर/2026-27/491 दिनॉक:-31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति

मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-27 एवं गेहूं खरीद वर्ष 2027-28 में पी.सी.एफ. के चयनित धान/गेहूं क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदार के चयन के लिए https://etender.up.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन ई-निविदा संख्या -2026_UPPCF_1180169_1 आमंत्रित की गयी है, आमंत्रित ई-निविदा के सापेक्ष निविदा-दाताओं द्वारा दिनांक 08.09.2026 के अपरान्ह 03.00 बजे तक अपनी निविदा अपलोड की जा सकती है। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र एवं नियम व शर्तें उक्त साईट पर उपलब्ध है।

प्राप्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ. वाराणसी
मो.नं.-8765984590
Email-dsvns.pcf@gmail.com

संक्षेप

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ई.वी.एम-वी.वी.पैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से बलवीर सिंह प्रधान, समाजवादी पार्टी से सोनू ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी से मुनेंद्र सिंह निगम तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया पार्टी से सुरेश कुमार मौजूद रहे। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं बैकअप की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। सतर्कता बनाए रखे तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त

जिला संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राम बदन राम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं सीएमएस सहित सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के एमओआईसी मौजूद रहे समीक्षा के दौरान बताया गया कि मई 2026 में जिला स्वास्थ्य सूचकांकों में फिरोजाबाद को आठवीं तथा जून में 21वीं रैंक मिली थी। अद्यतन स्थिति में जनपद 13वें स्थान पर पहुंच गया है। खराब प्रदर्शन वाले जसराना अरांव, टूंडला एवं शहरी क्षेत्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश देते हुए नोटिस जारी करने को कहा गया।

**सात चिकित्सकों की सेवा समाप्ति के निर्देश**

**जननी सुरक्षा योजना में फिरोजाबाद प्रदेश में प्रथम**

जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पतालों में होने वाले प्रसवों का भुगतान 48 घंटे के भीतर शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। बताया गया कि जेएसवाई भुगतान में 87 प्रतिशत प्रगति के साथ फिरोजाबाद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। हालांकि जिला महिला चिकित्सालय में भुगतान की प्रगति 73.57 प्रतिशत मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित जेएसवाई ऑपरेटरों से स्पष्टीकरण मांगने तथा सुधार न होने पर सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

**आयुष्मान कार्ड में लापरवाही पर सात चिकित्सकों पर कार्रवाई**

आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 10,39,554 लक्षित लाभार्थियों के सापेक्ष 7,27,789 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति 75.3 प्रतिशत मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।आयुष्मान कार्ड बनाने में शून्य प्रगति वाले सात नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के संविदा चिकित्सकों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए गए। इनमें यूएचडब्ल्यूसी ओमनगर के डा.करन उपाध्याय ककरऊ के डा.प्रिंस पाल धनगर संत नगर की प्राची गुप्ता, यादव कॉलोनी की डा.पियूषा यादव दतौजी खुर्द के रामेश्वर दयाल एटा रोड टूंडला की डा.श्रेया सिंह और अजमेरी गेट उर्दू नगर के डा.अभिषेक यादव शामिल हैं।



**आभा आईडी और एचपीवी टीकाकरण में तेजी के निर्देश**

आभा आईडी की समीक्षा में बताया गया कि जिले की 16.55 लाख लक्षित आबादी में से 10.67 लाख लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। जिलाधिकारी ने शेष आभा आईडी शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा में बालिकाओं के टीकाकरण की कम प्रगति पर असंतोष जताते हुए अभियान में तेजी लाने को कहा। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने के लिए विद्यालयों, अभिभावकों और स्थानीय समुदायों के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सीएचसी और पीएचसी पर मरीजों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डेंगू की रोकथाम को लेकर उन्होंने जिले को संवेदनशील बताते हुए कहीं भी जलभराव न होने देने और समय-समय पर दवाओं का छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

## कैंटर और पिकअप की भीषण टक्कर, चालक की मौत

मथुरा। मगोर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसी खुर्द के समीप रविवार देर रात (लगभग पौने 12 बजे) एक कैंटर और पिकअप की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप चालक समेत कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

इलाज के दौरान सोमवार सुबह करीब 11 बजे पिकअप चालक, मथुआ (सासनी, हाथरस) निवासी सतिया की मौत हो गई हादसे में गंभीर रूप से घायलों गुड्डू (निवासी खेरिया, हाथरस जंक्शन), रवि और पुष्पेंद्र (निवासी हडौली, सासनी), संजय (निवासी ततारपुर, सासनी) जिन्हें परिजन बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं, जबकि अजय (निवासी उसवा, सासनी), गौरव (निवासी चंद्रफली, इगलास, हाथरस) का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

गोवर्धन के क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य करा दिया गया था।

## घर के अंदर चल रहा था जुए का फड़,पांच गिरफ्तार



**टूंडला**। थाना टूंडला पुलिस ने ग्राम सिरोलिया में एक मकान के बंद कमरे में जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और 21,362 रुपये बरामद किए। बरामद रकम में 4,260 रुपये मालफड़ तथा 17,102 रुपये जामातलाशी के शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिरोलिया में हरपाल के घर पर दबिश दी गई। यहां जुआ खेल रहे दिनेश पुत्र रामवीर,पप्पू पुत्र एवरन,हरपाल पुत्र लखपत,सुबोध पुत्र राधाकृष्ण और सोपाली पुत्र बंगाली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपी ग्राम सिरोलिया थाना टूंडला क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना टूंडला में धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम एवं 112 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह,उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार तथा हेड कांस्टेबल श्रीकान्त, प्रमोद कुमार और कांस्टेबल भूरी सिंह व यतेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद** ।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना एका पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने जोधपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र श्यामपाल सिंह निवासी सायपुर खुर्द थाना एका को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना एका में धारा 9/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर परंपरागत कृष्ण लीलाओं की तैयारियां पूर्ण

जिला संवाददाता

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली परंपरागत कृष्ण लीलाओं और रासलीलाओं के मंचन की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। यह आयोजन पूरी तरह शास्त्रीय मयार्दाओं, परंपराओं और ब्रज के रसिक बिहारी भाव के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की परंपरागत श्रीकृष्ण लीला का आयोजन श्रीकृष्ण लीला मण्डल जन्मस्थान के भावपूर्ण सहयोग से किया जा रहा है।इन भावमय लीलाओं का मंचन सुप्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी देवकीनन्दन महाराज के विशिष्ट मार्गदर्शन में उनकी मंडली द्वारा किया जाएगा।पहले दिन होगी माखन-चोर लीला

जन्मभूमि पर आयोजित होने वाली इन लीलाओं के पहले दिन माखन-चोर लीला के दर्शन कराए जाएंगे।संतों की मान्यता है कि इस लीला के दौरान रसिक बिहारी से प्राप्त माखन प्रसाद को श्रद्धा और भाव से ग्रहण करने से भगवती अन्नपूर्णा की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

संस्थान का विशेष प्रयास रहेगा कि उत्सव में शामिल होने वाले अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को माखन भोग प्रसाद मिल सके।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में श्रीकृष्ण लीला मण्डल के सदस्य मुकेश खण्डेलवाल (एडवोकेट), कन्हैया लाल रंग वाले, महेश चंद प्रेसवाले, ब्रजकिशोर घी वाले, अनिलभाई और राजीव गुप्ता सहित पूरी कार्यकारिणी पूर्ण निष्ठा से जुटी हुई है। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जन्मभूमि पर होने वाले इन आयोजनों के लिए देश-दूर से श्रद्धालुओं और रसिकजनों का आगमन शुरू हो गया है।

# डीएम ने की ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

फिरोजाबाद। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव के दृष्टिगत ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच एफ0एल0सी0 प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटि रहित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफ0एल0सी0 की संपूर्ण कार्य प्रणाली सुरक्षा व्यवस्था एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों की विस्तृत जानकारी साझा की।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एफ0एल0सी0 प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक मशीन वैलेट यूनिट कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की गहनता से जांच की जाएगी,एक मशीन की जांच में लगभग 25 से 30 मिनट का समय निर्धारित है,जांच के उपरांत जो मशीने पूर्णतः सही पाई जाएगी,उन पर एफ0एल0सी0 ओ0के0 का ग्रीन स्टीकर लगाया जाएगा और उन्हें अलग सुरक्षित रखा जाएगा,जो मशीन खराबी के कारण सही नहीं पाई जाएगी,उन पर रेड स्टिकर लगाकर सम्बन्धित निमार्ता कंपनी को वापस भेज दिया जाएगा।

एफ0एल0सी0 प्रक्रिया की पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हॉल एवं परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाए गए हैं, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 24ग 7 लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी।एफ0एल0सी0 स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे, परिसर के भीतर मोबाइल कैमरा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस गैजेट आदि ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिलाधिकारी ने अपील की कि वह अपने अधिकृत प्रतिनिधियों की सूची तत्काल उपलब्ध करा दें, परिसर में सुचारू प्रबंधन हेतु एक समय में प्रत्येक राजनैतिक दल का एक ही अधिकृत प्रतिनिधि हॉल के अंदर उपस्थित रह सकेगा। प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि एफ0एल0सी0 के दौरान अपनी उपस्थिति में मशीनों का मॉकपोल कराकर प्रक्रिया की शुद्धता की जांच स्वयं कर सकते हैं। अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एफ0एल0सी0 का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है,कि मतदान के दिन कोई भी मशीन खराब न हो,जिससे मतदान प्रक्रिया में कोई बाधा या शिकायत उत्पन्न न हो,एफएलसी की यह प्रक्रिया दिनांक 2 सितंबर से प्रातः 9 से सायं 7 बजे तक की जाएगी।

बैठक के दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम, अंकित वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान आदि उपस्थित रहें।

## राजकीय सम्प्रेक्षण गृह,बालगृह और वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण

**फिरोजाबाद**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने सोमवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह आगरा,राजकीय बालगृह बालक फिरोजाबाद एवं आवासीय वृद्धाश्रम टूंडला का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह आगरा में निरुद्ध बालकों से उनके वाद में नियुक्त अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। बालकों ने बताया कि उनके निजी अधिवक्ता नियुक्त हैं। इस दौरान उनसे किसी अन्य प्रकार की परेशानी के संबंध में भी जानकारी ली गई, जिस पर उन्होंने किसी समस्या से इनकार किया। आवासीय वृद्धाश्रम टूंडला में वरिष्ठ नागरिकों से खानपान,रहने की व्यवस्था,दवाइयों तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। किसी भी वरिष्ठ नागरिक ने किसी प्रकार की परेशानी नहीं बताई। इसके बाद राजकीय बालगृह बालक फिरोजाबाद का निरीक्षण किया गया। यहां भी बालकों से उनकी समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

## श्रावण मास के सभी कार्यक्रम संपन्न

मथुरा। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने बताया कि ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज द्वारा किया जाता है। उसी के तहत तिथि, घड़ी, पल और नक्षत्र के हिसाब से सभी कार्यक्रम निर्धारित होते हैं। इसी क्रम में आज भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया (तीज) के दिन सांयकाल 5:10 से 5:40 उद्यापन केदर्शनों में हिंडोला विजय हुआ। अर्थात आज के बाद ठाकुर जी अगले सावन मास में ही हिंडोला झूले में विराजमान होंगे और इसके साथ ही श्रावण मास के सभी कार्यक्रम संपन्न हो गए हैं। श्री तिवारी ने आगे बताया कि अब भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। 4 सितंबर को होने वाले श्रीकृष्ण जन्म की तैयारियों में मंदिर प्रशासन जुट गया है, और शीघ्र ही जन्माष्टमी व नंद महोत्सव के कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

## मां की भक्ति में श्रवण कुमार बना बेटा, सिर पर तसला रखकर बुजुर्ग मां को कराय बांकेबिहारी के दर्शन

**मथुरा**। वृंदावन नगर स्थित विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में रविवार को श्रद्धा और मातृभक्ति की ऐसी अनोखी तस्वीर देखने को मिली, जिसने वहां मौजूद श्रद्धालुओं का दिल छू लिया।



भीषण भीड़ के बीच एक युवक अपनी अशक्त बुजुर्ग मां को लोहे के बड़े तसले में बैठाकर सिर पर उठाए मंदिर पहुंचा और उन्हें भगवान बांके बिहारी के दर्शन कराए। बेटे के इस समर्पण को देखकर श्रद्धालु भी भावुक हो गए।

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला चलने-फिरने में असमर्थ थीं। इसके बावजूद उनके मन में ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन की प्रबल इच्छा थी। मां की इच्छा पूरी करने के लिए बेटे ने अनोखा तरीका अपनाया। उसने अपनी बुजुर्ग मां को लोहे के बड़े तसले में बैठाया और उसे सिर पर उठाकर भीड़ के बीच मंदिर तक पहुंच गया।

मंदिर परिसर में जब श्रद्धालुओं की नजर इस दृश्य पर पड़ी तो लोग कुछ देर के लिए ठिठक गए। भीड़ के बीच मां को सिर पर उठाकर ले जा रहे युवक की तस्वीर और वीडियो भी श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिए। कई श्रद्धालु युवक के जज्बे को देखकर उसकी प्रशंसा करते नजर आए।

मां को दर्शन कराने के बाद युवक उन्हें लेकर वापस लौट गया।इस दौरान वहां मौजूद लोगों के बीच यही चर्चा रही कि आधुनिक दौर में जहां लोग अपने माता-पिता की जिम्मेदारियों से बचते नजर आते हैं, वहीं इस बेटे ने अपनी मां की इच्छा पूरी करने के लिए जिस तरह का समर्पण दिखाया, वह वास्तव में अनुकरणीय है।

श्रद्धालुओं ने युवक को ह्यकलयुगी श्रवण कुमारह्ण बताते हुए उसके मातृप्रेम और भक्ति को सलाम किया। बांके बिहारी मंदिर में सामने आया यह भावुक दृश्य अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## अनुशासन, ईमानदारी और कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी-शत्रोहन वैश्य



**फिरोजाबाद**। अधिकारियों का साथ सफलता का मार्ग कार्यक्रम की श्रृंखला के क्रम में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने बी0डी0एम0 कन्या इंटर कॉलेज शिकोहाबाद पहुंचकर छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया,कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से 150 छात्राएं उपस्थित रहीं,जबकि ऑनलाइन माध्यम से 4800 से अधिक छात्र-छात्राएं जुड़ी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस उम्र में भटकाव से बचना बेहद जरूरी है,जो बच्चे खुद को भटकाव से बचा लेते हैं, वही प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं, उन्होंने सभी को अपनी ऊर्जा का सदैव सकारात्मक दिशा में उपयोग करने की भी सलाह दी। पढ़ाई के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ी हुई चीजों को हमेशा दोहराते रहे, जिससे वह आपके जहन में से उतरने न पाए। वर्तमान डिजिटल युग पर प्रकाश डालते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है, इसलिए ज्यादा समय सोशल मीडीया पर न बिताकर अपने पठन-पाठन पर ध्यान दें, केवल अच्छी चीजों को पढ़े,जो लक्ष्य के प्राप्ति में सहायक हो,उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में कभी निराश न हो और असफलता से कभी न घबराए, क्योंकि असफलता से होकर ही सफलता का रास्ता तय होता है, उन्होंने सफलता के मूल मंत्र को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुशासन इमानदारी और कठोर परिश्रम किसी भी व्यक्ति को सफलता की सीढ़ियों तक पहुंचा सकता है। आज जो भी व्यक्ति जीवन में सफल हैं,उनके पीछे का मुख्य कारण कठोर अनुशासन और ईमानदारी से किया गया परिश्रम है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद भी किया, जहां पर बच्चों ने अपने जीवन के उद्देश्य और सपनों को साझा किया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उनका सही मार्गदर्शन करते हुए सफलता के उपाय बताए, इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे उपस्थित रहीं।

## फरह के जंगल में मिली रोती नवजात, पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती



मथुरा। थाना फरह क्षेत्र में सोमवार को मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया। नंदनी वरदान कॉलोनी के समीप झाड़ियों में एक नवजात बालिका लावारिस हालत में मिली। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और झाड़ियों से नवजात को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार शुरू किया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि नवजात का जन्म समय से पहले हुआ है और उसका वजन महज करीब 800 से 900 ग्राम है। बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां नवजात को विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (सीएनसीयू) में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है। इधर, नवजात के झाड़ियों में मिलने की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ करने के साथ ही यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बच्ची को झाड़ियों में कौन छोड़ गया। साथ ही बच्ची के माता-पिता और परिजनों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं हैं। फिलहाल पुलिस की जांच और नवजात के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

## झूठा मुकदमा के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

जिला संवाददाता

मथुरा। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकताओं ने सोमवार को दोपहर करीब एक बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए सपा नेता अनिल अग्रवाल के खिलाफ हाल ही में दर्ज मुकदमे को झूठा बताया। कार्यकताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकताओं ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उनका आरोप था कि राजनीतिक दबाव के चलते समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। सपा नेता गौरव कुमार ने राज्य सरकार और सत्ताधारी दल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी दल के नेताओं और कार्यकताओं के खिलाफ राजनीतिक द्वेष की भावना से कार्रवाई की जा रही है। गौरव कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि फर्जी मुकदमों के साथ गैंगस्टर एक्ट जैसी कड़ी धाराओं का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।गौरव कुमार ने सपा नेता अनिल अग्रवाल के मामले का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि अनिल अग्रवाल का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, इसके बावजूद उनके खिलाफ लगातार मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उनका आरोप था कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करना और आगामी चुनावों में भाग लेने से रोकना है। सपा नेताओं ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

# दस हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा**। थाना गोवर्धन पुलिस, स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में 10,000 रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक ओप्पो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

गौरतलब हो कि 28 जनवरी 2025 को थाना गोवर्धन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में पंजाब प्रांत की भारी मात्रा में गैर-कानूनी शराब लादकर दूसरे प्रांत ले जाई जा रही है।

सूचना के आधार पर आबकारी विभाग और गोवर्धन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जमुनावता चैराहा के पास टाटा ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा था। तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 410 पेटी (3,614.4 लीटर) अवैध शराब बरामद हुई थी। शराब की पेटियों को छिपाने का तरीका शातिर था, गत्ते के काटूनों में सैनिटरी पैड के पाउच और उनके अंदर पुरानी रुई व कंबलों के कट-पीस भरे गए थे। जांच में ट्रक का स्वामी रामवीर पाया गया था, जो तभी से लगातार वांछित चल रहा था।



थाना गोवर्धन पुलिस, स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने सोमवार दोपहर 12:55 बजे अडींग से मथुरा जाने वाले मार्ग पर नहर पुल के पास से वांछित रामवीर पुत्र जयनारायण, निवासी झामरी, थाना साल्हावास, जनपद झज्जर, हरियाणा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ थाना गोवर्धन में मु.अ.सं. 51/2025 धारा 318(4)/61(2)/209 बीएनएस एवं 60/63/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. विनय कुमार मिश्र (थाना गोवर्धन, मथुरा), निरीक्षक विकास शर्मा (सर्विलांस प्रभारी, जनपद मथुरा), उ.नि. अमित तोमर (प्रभारी स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम, मथुरा), उ.नि. प्रदीप भदौरिया (थाना गोवर्धन, मथुरा), है.का. 1159 विशाल गौतम (स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम), है.का. 1696 दिनकर चैहान (स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम), का. 2935 सोनू भाटी (स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम), का. 2936 पवन भाटी (स्पेशल टास्क/रिवार्डेड टीम), का. रोहित (सर्विलांस टीम, जनपद मथुरा), का. 730 रामसुन्दर (थाना गोवर्धन, जनपद मथुरा) शामिल रहे।

## मिशन शक्ति केंद्रों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों को मिली गुड एंट्री

मथुरा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन मथुरा स्थित सभागार में मिशन शक्ति केंद्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारी एवं नवनियुक्त पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों को मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित दायित्वों एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, मिशन शक्ति पोर्टल, एंटी रोमियो स्क्वाड की कार्रवाई तथा महिला बीट पुलिसकर्मियों के मैदानी कार्यों की समीक्षा की गई। उत्कृष्ट कार्यशैली एवं सराहनीय प्रदर्शन करने वाली पांच महिला पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए ह्यगुड एंट्रीह्ण प्रदान की गई। सम्मानित होने वालों में पूजा थाना छाता, प्रिया थाना सदर बाजार, गुड़िया थाना जैत, उज्जवला थाना शेरगढ़ तथा शालिनी थाना हाईवे शामिल रहीं।कार्यक्रम के अंतिम चरण में मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित 30 महत्वपूर्ण प्रश्नों की प्रश्नावली के माध्यम से पुलिसकर्मियों का ग्रुप टेस्ट कराया गया।इसका उद्देश्य महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिसकर्मियों की व्यावहारिक जानकारी एवं कार्यकुशलता का मूल्यांकन करना रहा। अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# नेपाल त्रासदी के सबक

नेपाल भयानक जल प्रलय से दो-चार है। जल प्रलय के कारण हजारों लोग अभी भी लापता हैं और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे बिहार के 6 जिलों और उप्र के भी कुछ जिलों को 'अलर्ट' पर रखा गया है। वहां एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। यह प्रलय महाविनाशकारी और इसके दायरे में आने वाले तमाम इलाकों, इंसानों, परियोजनाओं को तहस-नहस करने वाली साबित हुई। करीब 22 पक्के पुल तबाह हो गये, 12 पनबिजली परियोजनाएं तबाह या क्षतिग्रस्त हो गयीं, 431 मेगावाट बिजली की परियोजनाएं भी ध्वस्त हो गईं, राजमार्ग टुकड़े-टुकड़े हो गये, इमारतें, होटल, रेस्तरां, गेस्ट हाउस और गांव के गांव मिट्टी-मलबे में तब्दील हो गये। करीब 60 घर जमींदोज होकर बह गये। 12 अस्पताल भी 'समतल' हो गए और करीब 1000 टन का पुल भी ध्वस्त हो गया। नेपाल में चीन के 'इमिग्रेशन दफ्तर' की खूबसूरत इमारत का भी नामोनिशान शेष नहीं रहा। यह प्रलय कुदरत का गुस्सा है अथवा खुद इंसान अपना 'महाविनाश' तैयार कर रहा है? ऐसी त्रासदियों के बाद भी इस सवाल का जवाब अनसुलझा है, क्योंकि पहाड़ काट-छांट कर खोखले किए जा रहे हैं और विशेषज्ञ उन्हें 'अति संवेदनशील' करार दे रहे हैं, लेकिन सडकें, सुरंगें, पुल, बांध, पनबिजली परियोजनाएं और अन्य निर्माण लगातार जारी हैं। विनाश से भी खौफ नहीं। चीन इस इलाके में पहाड़ काट कर रेलमार्ग बनाने की योजना पर काम कर रहा



है। ऐसा है, तो कुदरत के प्रलय बार-बार आएंगे और एहसास दिलाते रहेंगे कि इनसान बहुत 'बौना' प्राणी है। इस त्रासदी में मृतकों की संख्या हजार पार हो गयी है और अभी भी बड़ी संख्या में लापता हैं। 225 कर्मचारी और मजदूर भी संपर्क से बाहर बताए गए हैं। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ-यात्रियों में 77 ईशा फाउंडेशन के सदस्य भी हैं, जो लापता बताए गए हैं। पहले यह बताया गया कि नेपाल से सटे तिब्बत में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। उसके 3 मिनट बाद ही 'बर्फीला हिमस्खलन' शुरू हो गया। लेकिन बाद में इसकी कहानी बदल गयी। वैसे जो कहानी बतायी जा रही है वह चीन की गढ़ी हुई है, ऐसे में हो सकता है चीन अपनी करतूत छिपाने के लिए ग्लेशियर की कहानी गढ़ रहा हो। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ हुआ है कि ग्लेशियर से 2000 फीट चौड़ा बर्फ का टुकड़ा टूट कर करीब 17,000 फीट की ऊंचाई से गिरा। जहां वह गिरा, वहां बम-विस्फोट जैसा गड्ढा हो गया और ल्हेंदे नदी में पानी जमा होकर एक 'अस्थायी झील' बन गई। दबाव में वह झील टूटी और पानी, बर्फ और मलबे का प्रलयंकारी सैलाब नीचे आया। यह नेपाल-तिब्बत की सीमा पर स्थित भोटेकोशी नदी की ओर बढ़ गया। सैटेलाइट से एक दिन पहले बर्फ की परत तेजी से गायब होती दिखाई दी थी। तापमान बढ़ने से ग्लेशियर पिघलने या 'हिमस्खलन' का कारण हो सकता था। बहरहाल जो भी यथार्थ सामने आया, वह महाविनाशकारी है, बेहद खौफनाक है। हम ऐसा ही विनाश, विध्वंस, तबाही केदारनाथ और उत्तरकाशी के महा प्रलय में देख-महसूस कर चुके हैं। इस महाप्रलय के बीच सुखद खबर यह है कि बचाव ऑपरेशन में 3318 जिंदगियों को बचाया जा चुका है। तबाही, प्रलय की स्थितियों में यह आंकड़ा सुकून देने वाला है। हालांकि प्रलय का प्रकोप शांत हो चुका है, लेकिन कीचड़ है, सड़कें टूट चुकी हैं, मौसम अब भी खराब है, लिहाजा सड़क-मार्ग से ऑपरेशन असंभव-सा था। सैनिकों ने हेलीकॉप्टरों से लोगों की जान बचाई। भारत के ट्रांसपोर्ट विमानों ने 50 टन से अधिक राहत-सामग्री पहुंचा दी है। फंसे लोगों तक उस सामग्री को भेजा जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बात चीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। नेपाल की त्रासदी नेपाल के साथ ही भारत के लिए भी सबक है कि अगर प्रकृति के साथ इसी तरह की छेड़छाड़ होती रही, तो ऐसे दिन में देखने पड़ेंगे। इसलिए इस त्रासदी से सबक लेने की जरूरत है।

## विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश–यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

–बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

–मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

# रोजगार के लिए युवाओं का कौशल पर जोर



शाहिद ए चौधरी

अब समय बदल रहा है। स्किलिंग का नया मॉडल विकसित हो रहा है। जेनेरिक पाठ्यक्रम ऑफर करना व प्रशिक्षु को छोड़ देना कि वह स्वयं अपने लिए काम तलाश करे (अगर वह किस्मत का धनी है तो) की बजाए स्किल केंद्र अब एम्प्लायर्स के साथ मिलकर रिक्त स्थानों की पहचान कर रहे हैं और फिर बस्तियों, आदिवासी गांवों व गरीब समुदायों से लोगों को रेक्रूट करके उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं।

जब पौ फटने के बाद आप मेरठ के बेगम पुल से गुजरेंगे तो आपको पुल के फुटपाथ पर सैंकड़ों लोग बैठे हुए दिखायी देंगे। ये गरीब श्रमिक हैं, जो काम की तलाश में दिन निकलने से पहले ही यहां बैठ जाते हैं कि कोई आयेगा और दैनिक दिहाड़ी पर उन्हें अपने साथ ले जायेगा, जिसके लिए थोड़ा मोल-भाव भी अक्सर देखने को मिलता है। दशकों से यही सिलसिला चलता आ रहा है। लेकिन यह केवल एक शहर की कहानी नहीं है। देशभर के श्रम चौकों पर लोग एकत्र होते हैं, इस उम्मीद में कि कोई ठेकेदार उन्हें काम दे देगा और उनकी रोटी का भी जुगाड़ हो जायेगा। दूसरी ओर गरीब महिलाओं को जो काम मिल जाये- घर में सफाई करना, खाना बनाना, कपड़े धोना आदि वह उसे अपनी जीविकोपार्जन के लिए करती रही हैं। इन श्रमिकों के बच्चे इस सोच के साथ बड़े हुए हैं कि काम इसी तरह से मिलता है।

बहरहाल, अब समय बदल रहा है। स्किलिंग (कौशल विकास या हुनर सिखाना) का नया मॉडल विकसित हो रहा है। जेनेरिक पाठ्द्धक्रम ऑफर करना व प्रशिक्षु को छोड़ देना कि वह स्वयं अपने लिए काम तलाश करे (अगर वह किस्मत का धनी है तो) की बजाए स्किल केंद्र अब एम्प्लायर्स के साथ मिलकर रिक्त स्थानों की पहचान कर रहे हैं और फिर बस्तियों, आदिवासी गांवों व गरीब समुदायों से लोगों को रेक्रूट करके उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं। जो श्रमिक इस तरह अपने परिवारों में औपचारिक रोजगार प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं, वह अनौपचारिक, अनिश्चित कार्य और संगठित कार्यबल के बीच पुल बन रहे हैं- साथ ही उन जॉब्स का भी विस्तार हो रहा है, जो वह कर सकते हैं। दरअसल, उद्योगों में वेकेंसी थीं, लेकिन लोगों को मालूम नहीं था कि उनके लिए अवसर मौजूद हैं। इसलिए अब स्किल केंद्रों ने अपना ट्रेनिंग मॉडल इस तरह से विकसित किया है, जो उद्योग की जरूरतों को पूरा कर सकें। मसलन, आजकल भारतीय बाजार में लक्जरी ब्रांड्स का प्रवेश अधिक हो रहा है, इसलिए एक स्किल केंद्र ने अपने लैब को इस तरह से डिजाइन किया है कि वह लक्जरी बुटीक सा दिखायी देता है, जिसमें पॉलिश किये गये




डिस्प्ले काउंटर और ध्यानपूर्वक ड्रेस किये गये पुतले हैं। इस वातावरण में ऐसे लोग तैयार किये जाते हैं जो फ्लोर स्टाफ की जरूरतें पूरी कर सकें; क्योंकि वह ब्रांड की कहानी को समझ लेते हैं और विजुअल व्यापार के महत्व को भी। कहने का अर्थ यह है कि स्किल केंद्रों पर ऐसे वातावरण में ट्रेनिंग दी जा रही है, जो एक संभावित कर्मचारी को वास्तविक कार्यस्थल पर मिल सकती है। उसे संबंधित रोजगार हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार कर दिया जाता है।

## विमर्श

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के कांदिवली केंद्र ने मुंबई के उत्तरी क्षेत्र में 50 स्लम को मैप किया है। रेक्रूटर रेलवे स्टेशनों पर बैनर लेकर निकलते हैं, व्हाट्सएप्प व इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं और बस्तियों के अंदर काम कर रहे एनजीओ से सहयोग करते हैं, 100 लोगों को रेक्रूट करने की योजना के साथ। फिर चुने गये लोगों को वास्तविक कार्यस्थल जैसे माहौल में ट्रेनिंग दी जाती है (देखें बॉक्स)। महाराष्ट्र में जो सीआईआई के करियर केंद्र हैं, वह अभी तक 67,000 से अधिक जॉब्स उपलब्ध करा चुके हैं, जबकि अकेले कांदिवली केंद्र (देखें बॉक्स) ने 12,000 से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी है। ध्यान रहे कि कुछ पाठ्द्धक्रमों में न्यूनतम शिक्षा 12वीं और थोड़ी सी अंग्रेजी जानने की आवश्यकता होती है, जबकि कुछ में इसकी भी जरूरत नहीं होती है। लोगों को सिर्फ भारत में ही जॉब्स हासिल करने के लिए तैयार नहीं किया जा रहा है। उन्हें विदेशों में रोजगार के लायक भी बनाया जा रहा है। मसलन, एक स्किल केंद्र में जापानी प्रोग्राम भी है, जो निहोन एडूटेक के सहयोग से चल रहा है, जिसमें छात्रों को जापानी भाषा, संस्कृति व एटिकेट की शिक्षा दी जाती है। छह माह बाद यह छात्र चॉपस्टिक्स से खाना सीख लेते हैं। इस केंद्र में ट्रेनिंग प्राप्त 80 इलेक्ट्रीशियन जापान में काम भी कर रहे हैं और रोगियों की देखभाल करने वाले 12 वर्कर्स जल्द ही जापान जाने वाले हैं; बूढ़े होते जापान में ऐसे वर्कर्स की बहुत मांग है। वहां 12वीं कक्षा पास छात्र लगभग 1.5 लाख रुपए प्रति माह कमा लेता है। हर कर्मचारी को 3 से 5 वर्ष के कॉन्ट्रैक्ट पर ही जापान भेजा जाता है। जर्मन पाठ्द्धक्रम में मुख्य फोकस नर्स व इलेक्ट्रीशियन पर है। इस सबका अर्थ यह है कि भारत अब धीरे-धीरे अपनी आबादी का फायदा उठाना सीख रहा है। जितने अधिक भारतीय विदेशों में काम करेंगे, उतनी ज्यादा विदेशी मुद्रा भारत में आयेगी।

एक अच्छी बात यह है कि स्किल ट्रेनिंग का फोकस आदिवासी क्षेत्रों पर भी है। मसलन, दक्षिण राजस्थान की आदिवासी पट्टी में आजीविका ब्यूरो 2004 में शुरू हुआ, जिसने युवा आदिवासियों को इलेक्ट्रिकल वायरिंग व टू-व्हीलर रिपेयर में ट्रेनिंग देना आरंभ किया और अब इसका विस्तार किया जा चुका है व अन्य संगठित सेक्टर्स के लिए भी ट्रेनिंग दी जा रही है। हालांकि शुरू में आदिवासी लड़कियों को ट्रेनिंग देना कठिन था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। उदयपुर की कोटरा तहसील की एक आदिवासी लड़की को जयपुर में फ्लिपकार्ट वेयरहाउस में 12,000 रुपए प्रति माह पर पिकर-पैकर का जॉब मिला है। वह बताती है, 'मेरे पिता दैनिक मजदूर थे। कभी उन्हें 15 दिन का काम मिल जाता तो कभी ठेकेदार उनकी मजदूरी में बेईमानी कर लेता। उन्हें मालूम न था कि महीने में कितने पैसे उन्हें मिल सकते हैं। मासिक वेतन पाने वाली मैं अपने परिवार में पहली हूं।' तथ्य यह है कि जिन गरीबों को आलसी समझा जाता था वह स्किल केंद्रों की मदद से गरीबी के चक्र को तोड़ते हुए विविध भूमिकाएं अपना रहे हैं, जिनमें कंटेंट क्रिएटर व इन्फ्लुएंसर के जॉब्स भी शामिल हैं।

मुंबई के कांदिवली ईस्ट में एक बेनाम सी बिल्डिंग है। इसमें कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के अटल बिहारी वाजपेयी कौशल विकास केंद्र ने पांच मंजिला को 'लैब' या कार्यस्थल में बदला हुआ है। पहले माले पर आईटीसी होटल का मॉडल है, फ्रंट डेस्क, रेस्तरां व सुइट के साथ, जहां ट्रेनी कमरों की श्रेणियों को याद करते हैं, फेटुचिनी व पेने का अंतर सीखते हैं (फेटुचिनी एक चैड़ा, चपटा व लम्बा नूडल्स जैसा पास्ता है, जो क्रीमी सॉस के साथ अच्छा लगता है, जबकि पेने एक छोटी नली के आकार का पास्ता है, जिसके किनारे तिरछे कटे होते हैं और यह गाढ़े टमाटर या क्रीम सॉस के साथ अच्छा लगता है), व साथ ही तौलिया कला में महारत हासिल करते हैं। दूसरे माले पर डोमिनो ने लाइव ओवन स्थापित किये हुए हैं जहां छात्र बेक करते हैं व पिज्जा को डिब्बों में रखते हैं। तीसरे फ्लोर पर लोरिअल के सैलून स्टेशन हैं। एक अन्य फ्लोर पर साइबर सिक्यूरिटी छात्रों को काल्पनिक हमले में हैकर व रक्षकों में विभाजित किया हुआ है। सीआईआई के इस कांदिवली स्किल सेंटर के 14 उद्योग पार्टनर हैं, जिनमें होटलों से लेकर एसी, रेफ्रिजरेशन, रिटेल आदि तक शामिल हैं, जिन्होंने केंद्र में नकली कार्यस्थल स्थापित किये हुए हैं। चूंकि ट्रेनिंग वास्तविकता के काफी करीब है, इसलिए रोजगार मिलना आसान हो जाता है।

## सोशल मीडिया

भाजपा सिर्फ वोटों की सगी है, जाट या किसी अन्य समाज की नहीं। जो जाट नेता भाजपा के साथ अपने स्वार्थवश खड़े हैं, जाट समाज अब उनसे जवाब मांग रहा है। अखिलेश यादव।



आज का युवा स्कूलों की बदहाली ही दर्ज नहीं कर रहा, उस व्यवस्था का वह हिसाब मांग रहा है जिसने इस बदहाली को सामान्य बना दिया। यही नये सत्यशोधन की शुरुआत है। योगेन्द्र यादव.



जनपद कौशाम्बी यूपी में पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जन हानि का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ओम शांति। केशव प्र. म.



# प्रतीकों का महत्व

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

## अंतर्दृष्टि

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है।

– **ओशो**.

# यह हमारे प्रतिकूल है

## व्यंग्यलोक


अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।



पूरन सरमा

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

# रीला मठ का आर्किटेक्चर भी देता है आध्यात्मिक आनन्द



## चिंतन

समीर चौधरी

हम रीला मोनेस्ट्री (मठ) की तरफ जा रहे थे। पहाड़ों पर घुमावदार सड़क पतली थी। मेरे सह-यात्री ने कहा, 'मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया भर में देवता पहाड़ों, गुफाओं या मानवता से दूर ही रहना पसंद करते हैं।' मुझे एकदम से कैलाश मान सरोवर, अमरनाथ की गुफा आदि याद आ गये। उसकी बात में दम था। अधिकतर जगह पर यही हाल है। संभवतः देवता प्रकृति व सुंदर स्थलों के साथ जुड़े रहना चाहते थे। मुझे दूर से ही बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि में एक किला-नुमा शानदार इमारत नजर आने लगी और मुझे एकबार फिर कैलाश पर्वत याद आने लगा। दक्षिण -पूर्व यूरोप व बाल्कन प्रायद्वीप में रीला के पहाड़ सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला हैं। 1,147 मीटर की ऊंचाई पर यह स्मारकीय साईट बुल्गारिया की सबसे बड़ी ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मोनेस्ट्री है।

यह सोफिया के दक्षिण में लगभग 117 किमी के फासले पर स्थित है। यह 8,800 वर्ग मीटर में फैली हुई है। इवान रिल्सकी या सेंट जॉन ऑफ रीला बुल्गारिया के संरक्षक संत हैं और 10वीं शताब्दी में इस पृथ्वी ग्रह पर रहा करते थे। पहले बुल्गारिया साम्राज्य (7 से 11वीं शताब्दी सीई) के दौरान उन्होंने ही इस मठ की स्थापना की थी। इस मठ में ही उनके अवशेष हैं। वैसे वह तो एक गुफा में रहते थे और इस मठ का निर्माण उनके छात्रों ने कराया, जो उनके पास शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे। रीला मोनेस्ट्री काम्प्लेक्स का आर्किटेक्चर मध्ययुग, पुनर्जागरण व बरोक शैलियों का शानदार व सुंदर मिश्रण है। यह चतुष्कोणीय है। पत्थर की ऊंची दीवारों से घिरा हुआ है, जो 24 मीटर ऊंची उठी हुई हैं और दीवारों में पतली खिड़कियां व मेहराबदार प्रवेशद्वार हैं। रिहायशी इमारतें अंदर के आंगन को घेरे हुए हैं, जिसमें लगभग 60 संत रहते हैं। अंदर के कोर्टयार्ड में संतों के कमरे, मेहमानों के लिए कमरे, एक पुस्तकालय, एक डाइनिंग हॉल और एक म्यूजियम है। कोर्टयार्ड को महराबदार पोर्टिको व ओपन-एयर बालकनियां अत्यधिक सुंदर लुक प्रदान करती हैं, विशेषकर अपने ब्लैक एंड वाइट धारीदार पैटर्न व विभिन्न रंगों की वजह से। काम्प्लेक्स के अंदर एक खूबसूरत चर्च है, जो वर्जिन मदर को समर्पित है और इसका पुनर्निर्माण 1834 व 1837 सीई (कॉमन एरा या सामान्य युग) के बीच किया गया था। यह पांच गुम्बदों वाला चर्च है। गुम्बदों को क्रॉस (सलीब) के रूप में बनाया गया है और उनपर भित्तिचित्र बनाये गये हैं जाहरी जोग्राफ जैसे कलाकारों द्वारा और एक विस्तृत नक्काशी किया हुआ लकड़ी का आइकॉन स्क्रीन भी है। चर्च के आर्किटेक्चर में नव-बीजांटिन व बरोक शैलियों का शानदार मिश्रण है। काम्प्लेक्स में हरेल्यो का टावर भी है, जो 23-मीटर ऊंचा मध्ययुग का स्ट्रक्चर है, जिसे बुल्गारिया शैली में डिजाइन किया गया है और इसमें एक चैपल (छोटा चर्च) है, जिसके टॉप फ्लोर पर सुंदर भित्ति चित्र हैं। रिहायशी शरणस्थल को अनेक चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ा है। ओटोमन विजय के दौरान मूल स्ट्रक्चर को बहुत नुकसान पहुंचा था और उसका 1335 व 1343 सीई के बीच फिर से निर्माण कराया गया। इसके बाद बुल्गारियन नेशनल रिवाइवल के दौरान इसका बड़ा हिस्सा आग में नष्ट हो गया था, जिसका पुनर्निर्माण उदार दान के जरिये 1834 व 1862 सीई के बीच कराया गया। ओटोमन के विरुद्ध जंग के दौरान यह मठ विद्रोहियों का शरण स्थल था और इसमें कीमती पांडुलिपियों, पादरियों व विद्वानों को सुरक्षित रखा गया। रीला मोनेस्ट्री के संत व पादरियों ने विद्रोही आंदोलनों का अप्रत्यक्ष समर्थन किया।

जब 1878 में बुल्गारिया को स्वतंत्रता हासिल हुई तो इस मठ को राष्ट्रीय पहचान के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। फिर 1983 में इसे यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित किया। इस क्षेत्र में सात रीला झीलें हैं, जो एक के ऊपर एक स्थित हैं और छोटी छोटी स्ट्रीम्स से जुड़ी हुई हैं, जो झरने व जल-प्रपात बनाती हैं। इन झीलों तक पहुंचने के लिए पहले रोपवे का प्रयोग करना पड़ता है और फिर पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। इस मठ को देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि जीवन को बचाये रखने के लिए इंसान को कैसे कैसे रास्ते तलाश करने पड़ते हैं। ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों के लिए यह मठ तीर्थ स्थल है, इसका सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्किटेक्चरल महत्व इतना अधिक है कि यह देश विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1999 में जारी किया गया 1 लेव बैंकनोट के पिछले हिस्से में इस मठ की तस्वीर है।

## आप की बात

### बेरोजगारी की चुनौती

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक बदलाव

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम सीरौनकलां में सड़क पार कर खेत से घर लौट रही 62 वर्षीय वृद्ध महिला को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखौरा लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा के ग्राम सीरौनकलां कोमल पुत्र भुज्जा सहरिया ने बताया कि 29 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12 बजे उसकी 62 वर्षीय मां श्रीमती इंद्राणी खेत से काम निपटाकर घर लौट रही थीं।

बताया गया कि इंद्राणी जब सीरौनकलां की सड़क पर पहुंचीं, तभी सामने से तेज गति और लापरवाही से मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.जे.5944 चलाते हुए आ रहे सत्यभान उर्फ सत्तू पुत्र वीरन, दत्तक पुत्र देवी सहरिया निवासी ग्राम सीरौनकलां ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से इंद्राणी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# जमीन की जुताई के विवाद में दो लेखपालों समेत आठ पर मुकदमा

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम खिरिया भारन्जू में जमीन की जुताई को लेकर हुए विवाद के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर दो हल्का लेखपालों समेत आठ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। काश्तकार ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दोनों लेखपालों पर अन्य आरोपियों से मिलीभगत कर जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है।

- मिलीभगत कर जमीन पर कब्जे का प्रयास करने का भी आरोप, सीजेएम के आदेश पर एफआईआर
- काश्तकार ने लगाया गाली-गलौज, मारपीट और धमकी का आरोप

तहसील महरौनी के ग्राम कुम्हैड़ी निवासी बली मोहम्मद पुत्र मौरखा ने बताया कि 21 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे वह ग्राम खिरिया भारन्जू स्थित अपने खेत में अन्य काश्तकारों से जुताई करवा रहे थे। संबंधित भूमि आराजी संख्या 447 मि., रकबा 0.640 हेक्टेयर में से 0.405 हेक्टेयर बताई गई है। आरोप है कि इसी दौरान ऊदल, रेखा और कन्छेदी निवासीगण ग्राम खिरिया भारन्जू तथा प्रीतम, अंशुल और जूनागढ़वारी निवासीगण ग्राम कोरवास मौके पर पहुंच गए। शिकायत के मुताबिक उनके साथ लेखपाल पंकज यादव और लेखपाल रवि पायक भी मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने एकराय होकर बली मोहम्मद के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उससे पूछा कि बिना पूछे जमीन की जुताई क्यों कराई जा रही है।

बली मोहम्मद ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि विवादित भूमि उसकी पत्नी तराना उर्फ तरन्नुम ने 16 अक्टूबर 2018 को पंजीकृत बैनामे के माध्यम से खरीदी थी। आरोप है कि जब उसने मौके पर मौजूद लोगों की बात का विरोध किया तो दोनों लेखपालों ने भूमि पर पट्टा होने की बात कही। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उसने संबंधित पट्टा दिखाने के लिए कहा तो लेखपाल कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। आरोप है कि दोनों लेखपालों ने अन्य आरोपियों के साथ मिलीभगत कर उसके साथ गाली-गलौज की और कथित रूप से उसे बड़ा नेता बनने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतकर्ता का कहना है कि घटना के संबंध में थाने और उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम मयंक जायसवाल की अदालत ने थाना सौजना पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(1), 191(2), 131, 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों की जानकारी अहम: डॉ. महेश

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यानन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी, ललितपुर में आधुनिक अनुसंधान पद्धति विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को वर्तमान समय में विकसित हो रही आधुनिक अनुसंधान तकनीकों, शोध प्रक्रिया, डेटा संग्रह, विश्लेषण, शोध लेखन तथा डिजिटल एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शोध उपकरणों के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक डॉ. पारसनाथ यादव, डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा, कृषि विभागाध्यक्ष असि.प्रो. भजनलाल साहू एवं महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागणों द्वारा गूगल मीट ऐप पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विषय विशेषज्ञों, प्रवक्तागणों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्यों एवं वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में अनुसंधान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने कहा कि वर्तमान समय ज्ञान एवं तकनीक आधारित युग है। उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शोध न केवल शैक्षणिक विकास का आधार है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों की जानकारी अत्यंत आवश्यक हो गई है। कार्यशाला के दौरान रिसर्च मेथोडोलॉजी की मूल अवधारणा से लेकर आधुनिक शोध की विभिन्न प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि किसी भी सफल शोध के लिए सबसे पहले उपयुक्त रिसर्च प्रोब्लम का चयन, शोध के उद्देश्य निर्धारित करना तथा शोध प्रश्न एवं परिकल्पना तैयार करना आवश्यक है। इसके बाद विषय से संबंधित उपलब्ध साहित्य का व्यवस्थित अध्ययन करते हुए लिटरेचर रिव्यू तैयार करना तथा पूर्व में किए गए शोधों में मौजूद रिसर्च गेप की पहचान करना शोध की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि विभागाध्यक्ष असि.प्रो. भजनलाल साहू ने आधुनिक तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला।

## जिला जज ने की समस्त विभागो, बैंकों, फाइनेन्स कम्पनी प्रबन्धकों के साथ बैठक



बाराबंकी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर की सफलता हेतु जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने समस्त विभागो, बैंकों, फाइनेन्स कम्पनी के शाखा प्रबन्धकों के साथ बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश ने अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया। जिससे अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक मे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्जवल उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी राज कुमार सिंह, सीओ संगम कुमार, सौरभ मौर्य आदि मौजूद रहे।

## वाहनों की चेकिंग करने जनपद के दर्जनों स्कूलो में पहुंचे मोटरयान निरीक्षक



बाराबंकी। स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये मोटर यान निरीक्षक ने मिशन सेफ फ्यूचर अभियान 2.0 के तहत जनपद में दर्जनों स्कूलों पर पहुंच स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान मोटर यान निरीक्षक बलवत सिंह यादव ने बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने वाले बस, वैन की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, वाहनों में फायर उपकरणों, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वारों की गहनता से जांच की। तथा स्कूल संचालकों, प्रबंधकों को ड्राइवरों के लाइसेंस और चरित्र सत्यापन कराने पर जोर दिया। मोटर यान निरीक्षक ने मानकों का उल्लंघन मिलने व सड़को पर अनफिट पाये जाने पर वाहनो को चालान एवं सीज किये जाने की चेतावनी भी दी। चेकिंग के दौरान वरिष्ठ सहायक आनंद वर्मा मौजूद रहे।

## निजी विद्यालयों पर लगाए जा रहे लाइसेंस शुल्क संबंधी नोटिस के विरोध में सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को जिला पंचायत द्वारा जारी किए जा रहे विद्यालय लाइसेंस/लाइसेंस नवीनीकरण संबंधी नोटिसों के विरोध में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।

एसोसिएशन अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 400-500 निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बीच बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में विद्यालयों पर जिला परिषद द्वारा लगभग 6 हजार रुपये वार्षिक कर लगाए जाने तथा लाइसेंस/लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालने से विद्यालय संचालकों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत आय अथवा लाभ कमाने वाली व्यावसायिक फर्म के रूप में संचालित नहीं होते, बल्कि विद्यालयों की प्राप्तियां शिक्षण कार्य, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन, भवन किराया/रख-रखाव, बिजली-पानी, शिक्षण सामग्री, परीक्षा, सुरक्षा, छात्र सुविधाओं एवं अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं पर खर्च होती हैं। एसोसिएशन ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों के निजी विद्यालयों को जारी किए गए 6 हजार रुपये वार्षिक कर संबंधी नोटिसों पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही विद्यालयों को सामान्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान मानकर लाइसेंस निर्धारित करने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाए तथा सोसाइटी द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं की गैर-लाभकारी प्रकृति को ध्यान में रखा जाए।

# छात्राएं अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें जानकारियां: एसपी

ललितपुर। छात्र-छात्राओं को कानून, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पुलिस की पाठशाला अभियान के तहत सोमवार को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी ने स्थानीय एक महाविद्यालय में छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान साइबर क्राइम थाना पुलिस की मौजूदगी में छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी ने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाते का विवरण, एटीएम या डेबिट कार्ड की जानकारी, ओटीपी और पासवर्ड साझा न करें। उन्होंने संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने तथा अज्ञात एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ठगी की रकम को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई की दिशा में समय रहते कदम उठाए जा सकें। छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड ? अथवा असुरक्षा महसूस होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181 और आपातकालीन पुलिस सेवा 112 के संबंध में जानकारी दी गई। एसपी ने छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल को लेकर भी छात्राओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी आपत्तिजनक, भ्रामक अथवा अपुष्ट सामग्री को साझा या फॉरवर्ड करने से बचें। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और जिज्ञासाओं को सुना तथा आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कानून का पालन करने, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने का आह्वान किया।

- पुलिस की पाठशाला में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके
- एसपी संजीव कुमार बाजपेयी ने महाविद्यालय में छात्राओं से किया संवाद



## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का जनपद प्रथम आगमन पर स्वागत



बाराबंकी। भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं असम प्रदेश भाजपा प्रभारी, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के जनपद प्रथम आगमन पर विधानसभा जैदपुर अंतर्गत सफदरगंज चैराहा पर प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व सांसद डॉ0 उपेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने पुष्प वर्षा व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री द्विवेदी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि 2027 में योगी एवं मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में फिर से कमल खिलाकर भाजपा सरकार बनानी है।

## अभिनेता व रंगकर्मी शरद राज सिंह का भारतेंदु नाट्य अकादमी रंगमंडल में चयन



बाराबंकी। विधानसभा रामनगर के ग्राम सेमराय के रहने वाले स्वः पृथ्वीराज सिंह के पुत्र जनपद के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं लोकप्रिय रंगकर्मी शरद राज सिंह का चयन संस्कृति विभाग के अंतर्गत भारतेंदु नाट्य अकादमी रंगमंडल में होने पर जनपद के कलाकारो ने बधाई दी। बताते चले कि अभिनेता शरद राज सिंह पिछले कई वर्षो से कला के क्षेत्र में सक्रिय है। तथा भारतेंदु नाट्य अकादमी में कई बार रंगमंडल के चयनित कलाकार रहे है। उन्हे जनपद के बाहर कई मंचों पर सम्मान मिल चुका है। उन्होने अपनी मेहनत से लगातार बाराबंकी जनपद का नाम पूरे प्रदेश व देश में रोशन किया है। अभी तक सैकड़ों फिल्मों व वेबसीरीज में भी अपना अभिनय दिखा चुके है।

# टीआसी लॉ कॉलेज में साइबर एक्सपर्टो ने लगायी जागरूकता कार्यशाला

सतरिख, बाराबंकी। बढ़ते साइबर अपराधो को रोकने के लिये साइबर सेल टीम ने टीआरसी लॉ कालेज सतरिख मे जागरूकता कार्यशाला शुभारम्भ मुख्य अतिथि साइबर एक्सपर्ट एम0एच0 जैदी, बृजमोहन विशिष्ट अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी पंकज सिंह व आरक्षी दुर्वेश यादव ने छात्र-छात्राओ को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सावधानी, साइबर बुलिंग, एआई से जुड़े फ्रॉड, जीआरएम, एमआरएम, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, पार्ट-टाइम जॉब फ्रॉड एवं मोबाइल चोरी, गुम होने की स्थिति में सीईआईआर पोर्टल के सम्बन्ध मे विस्तार से जानकारी दी। साइबर एक्सपर्टो ने उपायो व बचाव की जानकारी देते हुये बताया कि ऑनलाइन परेशान या धमकी दिये जाने पर घबराये नही बल्कि परिजनों, शिक्षकों को जानकारी दे। एआई जनरेटेड वीडियो, वाइस क्लोनिंग, डीपफेक से सावधान रहने, ऑनलाइन गेमिंग एवं फर्जी रिवार्ड के नाम पर होने वाली ठगी से बचने, पार्ट-टाइम जॉब, वर्क फ्रॉम होम के नाम पर आने वाले फर्जी ऑफर्स से सावधान रहने, किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने, मोबाइल फोन गुम, चोरी होने पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से आईएमईआई को ब्लॉक करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। तथा किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करने या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। कार्यशाला मे प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता डॉ0 अविनाश मिश्रा, डॉ0 दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ0 मंजय कुमार यादव, डॉ0 नवीन कुमार सिंह, डॉ0 अमजद अंसारी, डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, डॉ0 रत्ना, अंकित मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी, अजय कुमार, डॉ0 शिवम् शर्मा, वैशाली सिंह आदि मौजूद रहे।



# राजकीय बाल गृह एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर सीडीओ ने देखीं व्यवस्थाएं



ललितपुर। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान ने राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरू नगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनो संस्थाओं में बच्चों को दी जाने वाली चिकित्सा, शिक्षा, खानपान, खेल, व्यायाम आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके कक्षों सहित रसोई व शौचालय आदि को देखा गया। इसके साथ ही संस्थाओं की पंजिकाओं व पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया।

संस्थाओं में सीसीटीवी कैमरे संचालित हैं, व बच्चों को नियमित रूप से पठन-पाठन, भोजन, व्यायाम, खेल आदि व्यवस्थाएं ठीक पायी गईं। दोनों संस्थाओं के अधीक्षकों को निर्देश दिये गए कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, साथ ही समय-समय पर बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया जाए ताकि बच्चों को कोई समस्या न हो। बच्चों को नियमित योग एवं व्यायाम कराया जाए ताकि ये स्वस्थ रहें।

इसके अलावा बच्चों को हुनरमंद बनाने के लिए उनकी रुचि के अनुसार उनका कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि संस्थाओं में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे सुचारु रखें और कण्ट्रोल रूम से निगरानी भी करायें। इसके अलावा 24 घंटे गार्डों की ड्यूटी लगायी जायें। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बिना झिझक, संकोच के लगातार मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र: विद्याँशु शेखर



बाराबंकी। डर ही सबसे बड़ा रोग है। इसे दूर करना होगा। बिना किसी झिझक और संकोच के लगातार मेहनत ही सफलता का मूल मन्त्र है। आप सभी प्रतिभाशाली हैं। अपने को किसी से कम मत ऑकिये। सबसे पहले मेहनत कर इण्टरमीडिएट तक की पढ़ाई पूरी करे। तदुपरान्त पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाईये सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त उद्गार पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज स्थित डा0 राधाकृष्णन सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विद्याँशु शेखर आईएएस ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहे। कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने छात्रों से उनके करियर से सम्बन्धित विभिन्न मनोभावों को समझा। तथा इण्टरमीडिएट करने के बाद स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करनी आवश्यक बताया।

उन्होने जेईई, नीट, आरआरबी, एसएससी, पेट तथा उप्र पुलिस आदि विभागों में सेवा का अवसर कैसे प्राप्त तथा उसकी तैयारी करने पर छात्रो को जानकारी दी। इस दौरान कई छात्रो द्वारा प्रश्न पूछे गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधेश्याम, उप प्रधानाचार्य अरविन्द प्रकाश त्रिपाठी, सुशील कुमार द्विवेदी, कृष्ण देव, त्रिलोकी नाथ, उदयवीर सिंह, राम अधार भारती, सुमिता सिंह, पूजा कटियार, राजलक्ष्मी सिंह आदि शिक्षक, शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## डीएम ने की छात्राओ को चश्मे पहनाकर किया हँसता बचपन, खिलता जीवन अभियान का शुभारंभ



बाराबंकी। बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय से पहचान एवं उनके निराकरण को लेकर जनपद में मिशन विजन फॉर चिल्ड्रेन के अंतर्गत हँसता बचपन, खिलता जीवन अभियान का शुभारम्भ कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय संदौली की कक्षा 8 की छात्राओं सीमा, सायमा, इकरा को चश्मे पहनाकर किया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत आगामी एक वर्ष में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चो की दृष्टि की जांचकर 6,000 बच्चों को प्रदेश सरकार एवं विभिन्न संगठनों के सीएसआर सहयोग से टेस्टेड चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। आज अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित 556 बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अभियान के प्रथम चरण में लगभग 500 चश्मे आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 जैन के सहयोग से उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त पेट्रोल पंप एसोसिएशन सहित अन्य सामाजिक एवं प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा भी आगे बढ़कर सहयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रतिष्ठित नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से अपील करते हुये कहा कि वे बच्चों के लिए चश्मे उपलब्ध कराने जैसे पुनीत एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य में आगे आएं। जिलाधिकारी ने कहा अभियान का उद्देश्य ऐसे बच्चों की समय से पहचान कर उन्हें आवश्यक दृष्टि सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी बच्चा कमजोर दृष्टि के कारण शिक्षा एवं विकास के अवसरों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक यह सुनिश्चित करवाये की बच्चे विद्यालय चश्मे पहनकर आये व घर पर भी उसे पहने। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम, नेत्र सर्जन डॉ0 संजय आदि मौजूद रहे।

- एक वर्ष में 6,000 जरूरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराए जाएंगे टेस्टेड चश्मे: डीएम
- प्रथम चरण में 556 चिन्हित बच्चों को चश्मे उपलब्ध कराने की हुई शुरूआत

# फांसी के फंदे पर लटके मिले देवर-भाभी के शव

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम थनवारा में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव से बाहर स्थित एक पुराने मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक और उसकी ममेरी भाभी के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों के बीच कथित प्रेम संबंध होने की बात सामने आ रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस मामले को आत्महत्या से जोड़कर देख रही है, हालांकि घटना की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय महेंद्र पुत्र प्रागी कुशवाहा निवासी ग्राम थनवारा तथा 24 वर्षीय छाया उर्फ सोमवती के रूप में हुई है।

छाया महेंद्र की ममेरी भाभी बताई गई है। परिजनों के अनुसार महेंद्र 29 अगस्त की शाम करीब तीन बजे बाइक ठीक कराने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद 30 अगस्त को परिजनों ने थाना जखौरा में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया गया है कि सोमवार सुबह महेंद्र ने अपने मामा के लड़के के मोबाइल पर मैसेज भेजकर बताया कि वह अपनी ममेरी भाभी छाया के साथ गांव के बाहर स्थित पुराने मकान में है और उसे वहां आने के लिए कहा। मैसेज की जानकारी मिलने के बाद परिजन पुलिस को लेकर पुराने मकान पर पहुंचे। वहां कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस और परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया तो दोनों के शव फंदे पर लटके मिले। कमरे में महेंद्र की बाइक भी खड़ी मिली।

- प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की आशंका
- दो दिन से लापता था युवक, भोपाल से लापता हुई थी महिला

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों के मुताबिक छाया पिछले करीब सात वर्षों से भोपाल में अपने पति बाबूलाल के साथ रह रही थी और मजदूरी करती थी। बताया गया है कि वह 30 अगस्त की सुबह करीब चार बजे भोपाल से लापता हुई थी। इसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी। छाया का मायका थाना बार क्षेत्र के ग्राम पारौन में बताया गया है, जबकि उसके माता-पिता और भाई भी भोपाल में रहते हैं। छाया की कोई संतान नहीं थी। महेंद्र के परिवार में उसकी पत्नी और तीन पुत्रियां हैं।

उसकी पत्नी गर्भवती बताई गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में भी शोक का माहौल है।

पुलिस दोनों की मौत के कारणों और घटनाक्रम की जांच कर रही है। परिजनों एवं संबंधित लोगों से पूछताछ के साथ पुलिस अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है।

## विधायक और सीओ ने सराहा ब्रह्माकुमारी बहनों का सेवा अभियान

ललितपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन द्वारा आयोजित विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों ने विधायक रामरतन कुशवाहा, सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ सभी पत्रकार बंधुओं को रक्षासूत्र बांधकर परमात्मा का दिव्य संदेश दिया। विधायक एवं सदर क्षेत्राधिकारी ने ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक, नैतिक एवं जनसेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम में अनेक पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी बहन ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि राखी केवल धागा नहीं, बल्कि परमात्मा से आत्मिक सुरक्षा, पवित्रता और विकारों से मुक्त जीवन का दिव्य संकल्प है। पत्रकार बंधुओं को संदेश दिया गया कि सत्य और सकारात्मकता से भरी कलम समाज को नई दिशा दे सकती है। रक्षासूत्र, तिलक और परमात्मा संदेश के साथ कार्यक्रम ने पत्रकारिता और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

संक्षेप

## फोनपे ने लॉन्च किया यूपीआई पेमेंट

नई दिल्ली। फोनपे ने आज 'फोनपे यूपीआई 123पे' लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी पूरे भारत में फीचर फोन (कीपैड वाले बेसिक फोन) यूजर्स के लिए यूपीआई पेमेंट की सुविधा उपलब्ध हो गई है।इसके साथ ही, फोनपे भारत के 200 मिलियन+ कीपैड फोन यूजर्स के लिए यूपीआई पेमेंट की सुविधा देने वाला पहला प्रमुख थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर बन गया है। यह कदम वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और अब तक डिजिटल सुविधाओं से दूर रहे समुदायों को डिजिटल पेमेंट से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल है।यह सर्विस नोकिया, एचएमडी, लावा इंटरनेशनल, आईटेल मोबाइल - ट्रांशन होल्डिंग्स डिवाइसेज के साथ प्री-बंडल्ड होगी, तथा आने वाले महीनों में अन्य मोबाइल हैंडसेट्स पर भी उपलब्ध हो जाएगी।इस सर्विस का लॉन्च हमारे प्रोप्रायटरी टेक्नोलॉजी स्टैक पर किया गया है, जिसे खासकर फीचर फोन से यूपीआई पेमेंट करने के लिए विकसित किया गया है।विश्वसनीयता के लिए डिजाइन किया गया फोनपे यूपीआई 123पे एक मजबूत एसएमएस-आधारित आर्किटेक्चर का उपयोग करता है, जिससे लिमिटेड 2जी कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी ट्रांजेक्शन सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है। यह प्लेटफॉर्म मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी के माध्यम से आसान 'पीयर-टू-पीयर' ट्रांसफर, और यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड स्कैनिंग के माध्यम से 'पीयर-टू-मर्चेंट' पेमेंट की सुविधा देता है। पेमेंट के अलावा, कीपैड फोन यूजर्स अपना बैंक अकाउंट मैनेज कर सकते हैं, अकाउंट बैलेंस चेक कर सकते हैं और पुराने पेमेंट्स भी देख सकते हैं।

## सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट का 2027 पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2027 के लिए पंजीकरण अब शुरू हो गया है, जो देशभर के विधि (लॉ) की पढ़ाई के इच्छुक अभ्यर्थियों को कानूनी शिक्षा की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए आमंत्रित करता है। परीक्षा की तारीखें 19 दिसंबर, 2026 (शनिवार) और 26 दिसंबर, 2026 (शनिवार) हैं। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा आयोजित, एसएलएटी पुणे, नोएडा, हैदराबाद सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों द्वारा दिए जाने वाले प्रमुख अंडरग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम्स का प्रवेश द्वार है।एसएलएटी 2027 पूरे भारत में 62 केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा और यह किसी अभ्यर्थी की विधि अध्ययन (लीगल स्टडीज) के प्रति योग्यता का आकलन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह परीक्षा निम्नलिखित प्रोग्राम्स का प्रवेश द्वार बनी हुई है जिसमें कुल 60 प्रश्न होते हैं जिन्हें 60 मिनट में हल करना होता है।यह परीक्षा प्रतिवर्ष केवल दिसंबर में आयोजित की जाती है और इसमें पांच खंड शामिल हैंः लीगल रीजनिंग, लॉजिकल एप्टीट्यूड, एनालिटिकल स्किल्स, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और जनरल नॉलेज। अभ्यर्थी परीक्षा दो बार दे सकते हैं, जिसमें मूल्यांकन के लिए दोनों में से अधिक अंक वाला स्कोर माना जाएगा। पंजीकरण शुल्क का भुगतान पूरा करना होगा।

## आपूर्ति संकट की चिंताओं से कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली।कच्चे तेल की वायदा कीमतों में लगातार चौथे सत्र में तेजी रही और सोमवार को इसकी कीमत 232 रुपये की बढ़त के साथ 8,216 रुपये प्रति बैरल पर पहुँच गए। इसकी वजह अमेरिका और ईरान के बीच नए सैन्य हमलों से होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा की आपूर्ति में रुकावट की आशंका थी।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का सितंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 232 रुपये या 2.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,216 रुपये प्रति बैरल हो गया।इसमें 6,578 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चातेल के अक्टूबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 100 रुपये या 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,947 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 1,749 लॉट के लिए कारोबार हुआ।एमसीएक्स कच्चा तेल वायदा में तेजी आई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वॉशिंगटन द्वारा तेहरान के रॉकेट-लॉन्चर ठिकानों पर हमले के बाद, अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के जवाबी हमलों से बड़े टकराव का डर फिर से पैदा हो गया है। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल करीब 3 प्रतिशत की तेजी के साथ 85.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# सेंसेक्स में 307 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 307 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 95 अंक टूटा।

विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी, वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 307.24 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 76,957.27 अंक पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 513.19 अंक तक नीचे आ गया था।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में रहे जबकि 10 में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 95.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,080.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 4.11 प्रतिशत की गिरावट आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक 1.53 प्रतिशत नुकसान में रहा। वह अपने मौजूदा कार्यकाल की समाप्ति के बाद पुनर्नियुक्ति का विकल्प नहीं चुनेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 26 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 3.63 प्रतिशत बढ़कर 91.30 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा कूटनीतिक समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई।कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से ऊर्जा की अगुवाई में मुद्रास्फीति बढ़ने और ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ी है।इससे कंपनियों की आय प्रभावित हो सकती है। जैक्सन होल संबोधन के बाद फेडरल रिजर्व के चेयरमैन की हाल की टिप्पणियों से सितंबर में संभावित ब्याज दर वृद्धि की संभावना बढ़ी है। इससे वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचा बना हुआ है और उभरते बाजारों में निकट अवधि में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। महीने के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी माह के निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल कई साल के उच्चस्तर पर पहुंच गया।इससे यह चिंता बढ़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दर को लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रखना पड़ सकता है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.40 प्रतिशत और मझोली कंपनियों मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.12 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक तनाव के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव के बीच यह तेजी संभावित रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप के कारण आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सितंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाने की संभावना बढ़ने के बाद अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ा और डॉलर में व्यापक मजबूती आई। ऐसा हो सकता है कि आरबीआई ने रुपये को समर्थन देने के लिए निचले स्तर पर हस्तक्षेप किया हो। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.56 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 95.11 से 95.56 के दायरे में रहा। अंत में यह 95.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.43 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। डॉलर सूचकांक में शुक्रवार को आई तेजी और फेडरल रिजर्व के प्रमुख की सख्त रुख वाली टिप्पणियों के बाद शुरुआती गिरावट के बावजूद रुपये ने दो दिन में मजबूत वापसी की और पांच अगस्त के बाद के अपने सबसे मजबूत स्तर पर रहा। इस सुधार में आरबीआई के समय पर किए गए संभावित हस्तक्षेप के साथ-साथ एमएससीआई पुनर्संतुलन और विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) योजनाओं से जुड़े डॉलर प्रवाह की अहम भूमिका रही। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.52 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.70 प्रतिशत बढ़कर 91.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में बड़ी गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई बाजार में हस्तक्षेप कर रहा है। इसके अलावा, एफसीएनआर (बी) योजना के तहत उम्मीद से बेहतर विदेशी मुद्रा प्रवाह से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य के 26.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक 2026-27 के पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 26.8 प्रतिशत रहा है। पिछले वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में यह घाटा 2025-26 के बजट अनुमान (बीई) का 29.9 प्रतिशत था।

वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जुलाई अवधि में सरकार के खर्च और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा 4,55,144 करोड़ रुपये रहा। केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत यानी 16.96 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तय किया है। सीजीए के अनुसार, जुलाई-2026 तक केंद्र का शुद्ध कर राजस्व लगभग 8.45 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2026-27 के लिए कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान का 29.5 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में शुद्ध कर राजस्व उस साल के बजट अनुमान का 23.3 प्रतिशत था।

चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान कुल व्यय लगभग 17.62 लाख करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 32.9 प्रतिशत है। एक साल पहले की समान अवधि में यह बजट अनुमान का 30.9 प्रतिशत था। इस दौरान केंद्र ने करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 3,72,354 करोड़ रुपये दिए।

# सरकार ने 1.27 लाख करोड़ रुपये की सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित की

नयी दिल्ली। सरकार ने सेमीकॉन 2.0 योजना को सोमवार को अधिसूचित किया। इसके साथ ही 1,27,500 करोड़ रुपये की इस योजना के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। योजना का उद्देश्य चिप विनिर्माण से आगे बढ़कर स्वदेशी डिजाइन तथा बौद्धिक संपदा (आईपी), उपकरण, सामग्री, उन्नत पैकेजिंग, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और प्रतिभा विकास सहित समग्र सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार करना है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दुनियाभर में सेमीकंडक्टर एक महत्वपूर्ण रणनीतिक संसाधन बन गए हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से उन्नत चिप व मेमोरी की मांग अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को लेकर बढ़ती चिंताओं और बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों ने वैश्विक कंपनियों को सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता बढ़ाने तथा कुछ सीमित उत्पादन केंद्रों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 जुलाई, 2026 को सेमीकॉन 2.0 योजना को मंजूरी दी थी। सोमवार को जारी अधिसूचना में नई योजना का खाका स्पष्ट किया गया है। इसमें 1,27,500 करोड़ रुपये के परिव्यय को लागू करने के तरीके, प्रोत्साहनों की संरचना और विभिन्न श्रेणियों के लिए पात्रता मानदंड का ब्योरा दिया गया है। अब सेमीकॉन 2.0 के जरिये सेमीकंडक्टर परिवेश के विकास के अगले चरण में जाने का समय आ गया है। योजना का उद्देश्य आत्मनिर्भरता हासिल करना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्योग को बढ़ावा देना है। वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए चिप डिजाइन के मामले में स्टार्टअप और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के स्वामित्व वाली कंपनियां पात्र होंगी।

## सेवा उत्पादन सूचकांक की आठ उप श्रेणियों में जून में दहाई अंक की वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में 19 सेवा श्रेणियों में से आठ में जून महीने में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 2024-25 को आधार वर्ष मानकर जून, 2026 के लिए 19 उप-क्षेत्रों के सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) जारी किए हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हवाई परिवहन को छोड़कर जून में सभी श्रेणियों में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। हवाई परिवहन में छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेवाओं के उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) के अनुसार, जून, 2026 में मजबूत वृद्धि दर्ज करने वाले प्रमुख उप-क्षेत्रों में रियल एस्टेट में 24.7 प्रतिशत, खुदरा व्यापार में 18 प्रतिशत, थोक व्यापार में 15.1 प्रतिशत, प्रशासनिक एवं सहायता सेवाओं में 14.4 प्रतिशत और आईटी एवं कंप्यूटर संबंधी सेवाओं में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल, 2026 के लिए पहला उप-क्षेत्रवार प्रायोगिक आईएसपी 14 जुलाई, 2026 को जारी किया गया था। मंत्रालय का कहना है कि मासिक आईएसपी को प्रायोगिक आधार पर जारी किया जा रहा है। परीक्षण श्रृंखला के प्रकाशन से एमओएसपीआई को आंकड़ों की गुणवत्ता की जांच करने, उनकी विश्वसनीयता को परखने तथा हितधारकों और उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रिया प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# बैंकों में अतिरिक्त नकदी हुई पांच लाख करोड़ रुपये




मुंबई। बैंकों में अतिरिक्त नकदी अगस्त के अंत में बढ़कर करीब पांच लाख करोड़ रुपये हो गई। यह चार महीने से अधिक का उच्चतम स्तर है। महीने के अंत में सरकारी खर्च और विदेशी मुद्रा जमा में मजबूत वृद्धि से बैंकों में नकदी बढ़ी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के पीटीआई-भाषा द्वारा किए गए संकलन के अनुसार, 30 अगस्त को बैंकों में अतिरिक्त नकदी 5.05 लाख करोड़ रुपये थी। यह 15 अप्रैल, 2026 के बाद का उच्चतम स्तर है। उस समय यह 5.22 लाख करोड़ रुपये थी। एफसीएनआर (बी) जमा से जुड़े विदेशी मुद्रा अदला-बदली की अवधि पूरी होने के करीब आने के साथ बैंकों में शुद्ध नकदी बढ़कर करीब पांच लाख करोड़ रुपये हो गई है। एफसीएनआर (बी) जमा में बढ़ता प्रवाह और महीने के अंत में सरकारी खर्च ने भी नकदी अधिशेष को बढ़ाया है। आरबीआई की विशेष डॉलर-रुपया अदला-बदली सुविधा के तहत बैंकों ने 21 अगस्त तक एफसीएनआर (बी) यानी विदेशी मुद्रा प्रवासी जमा (बैंक) जमा के जरिये करीब 65.4 अरब डॉलर जुटाए थे। इससे बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा आई, जबकि आरबीआई के साथ की गयी अदला-बदली सुविधा के जरिये बैंकों को रुपये की नकदी उपलब्ध हुई। एफसीएनआर (बी) जमा के अलावा महीने के अंत में वेतन और पेंशन भुगतान समेत सरकारी खर्च ने भी बैंकों में नकदी बढ़ाने में योगदान दिया। एचडीएफसी बैंक की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, रियायती अदला-बदली सुविधाओं के तहत कुल प्रवाह 90-95 अरब डॉलर के करीब रहने का अनुमान है। इस प्रवाह से बैंकों में करीब 8.5 से नौ लाख करोड़ रुपये की नकदी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, 21 अगस्त तक रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत कुल प्रवाह 72.8 अरब डॉलर पहुंच गया था, जिससे करीब सात लाख करोड़ रुपये की नकदी बैंकों में आई। हालांकि, अगस्त में अधिकांश समय बैंकों में अतिरिक्त नकदी करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये रही। अतिरिक्त नकदी में तेज वृद्धि के बीच आरबीआई ने अधिशेष राशि को वापस लेने और एक दिन के लिए मुद्रा बाजार की दरों को रेपो दर के अनुरूप रखने के लिए परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय बैंक ने अब तक 23 वीआरआरआर नीलामी की हैं और ज्यादातर में बैंकों ने आरबीआई के पास पर्याप्त पैसा रखा। हालांकि, आरबीआई के नकदी लेने के कदम के बावजूद बैंकों के पास बड़ी मात्रा में नकदी बनी रही। संतोषजनक नकदी स्थिति से ऋण देने की परिस्थितियों को समर्थन मिला है।

## मुख्यमंत्री पटेल ने गुजरात में निवेश के लिए घरेलू, वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित किया

नयी दिल्ली। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को उद्यमियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और घरेलू एवं वैश्विक निवेशकों से गुजरात में निवेश करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही पटेल ने कहा कि विनिर्माण, नई प्रौद्योगिकियों और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने 11वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के बारे में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि गुजरात स्थिर नीतियों, प्रतिभाशाली युवाओं, प्रभावी शासन, बड़े स्तर पर काम करने की क्षमता और पारदर्शिता की पेशकश करता है। गुजरात सरकार का तीन-दिवसीय निवेशक सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात 10 जनवरी, 2027 से शुरू होगा। पटेल ने कहा कि आज मैं घरेलू और वैश्विक निवेशकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के दिग्गजों को गुजरात आने का निमंत्रण देता हूं। कृपया आएं, राज्य के विकास में भागीदार बनें और नई प्रौद्योगिकियों में निवेश करें। विनिर्माण की नई क्षमताएं स्थापित करें और हरित विकास के अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात वैश्विक निवेश के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। जनवरी, 2000 से मार्च, 2026 के बीच राज्य में 74.6 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात-सूत्री सुधार ढांचे सप्तधारा का उल्लेख करते हुए पटेल ने कहा कि गुजरात 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में इन सभी क्षेत्रों में योगदान देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि गुजरात देश में निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं। मांडविया उन्होंने कहा कि राज्य ने मजबूत निवेश तंत्र तैयार किया है। कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य निवेशकों के साथ भागीदार के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि देश में मंजूर किए गए 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों में से छह गुजरात में स्थापित हो रहे हैं और इनमें से तीन ने उत्पादन शुरू कर दिया है। मैं उद्योग जगत को गुजरात आने और निवेश करने का निमंत्रण देता हूं।

## पेज एक का शेष

### मानवता को

महत्वपूर्ण है। सभी मुद्दों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान मानवता की पुकार है और यही भारत का संदेश है। गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है- शांति का मार्ग।'

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि युद्ध का हर गुजरता दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, जो महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध की धरती है, शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करता है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन संघर्ष के अलावा व्यापार और निवेश के क्षेत्र में जारी सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी बातचीत के केंद्र में रहे। बैठक की शुरूआत में प्रसारित अपने संबोधन में मोदी ने कहा, 'हम यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं। जब पिछली बार हमारी मुलाकात हुई थी, तब आपने मुझे इस मामले के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। जैसा कि आप जानते हैं, भारत शांति की दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। मोदी और पुतिन की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। पुतिन वार्षिक इफकउर शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल पुतिन की भारत यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'पिछले साल आपकी भारत यात्रा बेहद सफल और वास्तव में यादगार रही थी। हमारे लिए यह संतोष की बात है कि हमारा सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हम दोनों देशों के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना भारत और रूस का साझा दृष्टिकोण रहा है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारा साझा दृष्टिकोण रहा है और भविष्य में भी यही हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना रहेगा।

### सीएम योगी

समेत अनेक नई ट्रेनें चलीं, फिर भी यह खंड मीटरगेज के रूप में उन सरकारों की संकीर्ण सोच का प्रतीक बनी रही, जिन्होंने इसे बॉर्डर का क्षेत्र मानकर पिछड़ेपन का पर्याय बना दिया था। उनके लिए भले ही यह अंतिम क्षेत्र रहा हो, लेकिन हमारे लिए रूपईडीहा बहराइच-नानपारा का यह क्षेत्र भारत के प्रवेश द्वार के रूप में रहा। इस क्षेत्र के लोग दशकों से यह दिन देखने को लालायित थे। पीढ़ियां चली गईं, लेकिन यह सपना और संकल्प आज साकार हो रहा है। सीएम ने कहा कि रेल सेवाओं से यहां की कनेक्टिविटी मजबूत होने जा रही हैं। कनेक्टिविटी गति देती है। जब गति सकारात्मक दिशा में गंतव्य की ओर बढ़ती है तो वह प्रगति का आधार बनती है। यह भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों को और सुदृढ़ करेगी। यह कनेक्टिविटी बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा व सुविधा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की प्रॉस्पैरिटी के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे व्यापार बढ़ेगा, उद्योग लगेंगे, पर्यटन व कृषि को नया आयाम मिलेगा। ईको टूरिज्म के बेहतरीन केंद्र कतर्निया तक पहुंच होगी। अयोध्या, वाराणसी व गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों को जोड़ने में भी मदद मिलेगी। नेपालगंज रोड, नानपारा, बाबागंज, मटेरा, रिसिया, बहराइच समेत पूरे क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक प्रगति में इसकी बड़ी भूमिका होगी। बहराइच से खलीलाबाद के लिए नई रेललाइन बिछाई जा रही है। नई रेल सेवा के तहत गोरखपुर से सिद्धार्थनगर, शोहरतगढ़, बलरामपुर होते हुए बहराइच तक की कनेक्टिविटी के जरिए नेपालगंज रोड को जोड़ने की गतिविधि भी प्रारंभ हो रही है। इससे क्षेत्र की नई संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया जाएगा। सीएम ने कहा कि पिछली सरकार हर जनपद में माफिया पालती थी। अब बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर समेत हर जनपद में मेडिकल कॉलेज हैं। बालार्क ऋषि के नाम पर हॉस्पिटल है। श्रावस्ती में एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। कभी यह सीजन इस क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी की कहर लेकर आता था, जिसमें मासूम दम तोड़ते थे। पिछली सरकार उसे अज्ञात बीमारी बताते हुए मासूमों की मौत पर पर्दा डालकर आंखों में धूल झोंकती थी। लेकिन, सरकार बनने के बाद हमने न आंखें फेरीं और न ही धूल झोंकी। हमने बीमारी का उन्मूलन किया। यूपी से माफिया व इंसेफेलाइटिस, दोनों समाप्त हो गए। अब यह सीजन किसी माता-पिता के लिए चिंता लेकर नहीं आता। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्य जमीन पर दिखाई देते हैं। अब यूपी में किसी बेटी-व्यापारी को माफिया से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ से बहराइच की रोड कनेक्टिविटी को फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति दी है। नए भारत में चारों ओर रोड व रेल कनेक्टिविटी हो रही है। रैपिड रेल, नमो भारत, अमृत भारत, वंदे भारत के रूप में नई रेल सेवाएं विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करती दिखाई दे रही हैं।

### अंकित बालियान

वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही तय की जाएगी। डीजीपी ने प्रदेश की सीमा से बाहर बैठकर, जेलों व विदेशों से साजिश रचने, शूटर भेजने वाले अपराधियों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी किसी गलतफहमी में न रहें और प्रदेश की जमीन को किसी भी गैंग की रंजिश या शरणस्थली नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने बेहतर अंतरराज्यीय समन्वय और सहयोग को इस घटना के कम समय में सफल अनावरण का महत्वपूर्ण कारण बताया। उन्होंने कहा कि कानून के लंबे हाथ उन सभी अपराधियों तक जरूर पहुंचेंगे, जो कहीं भी छिपने की कोशिश कर रहे हैं।

### पूर्व नियोजित

हत्या में गोगी गैंग से जुड़े नेटवर्क की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। कृष्ण ने कहा जांच में सामने आया है कि हत्या से पहले अंकित बालियान की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई गई थी। यह भी पता चला है कि शूटरों को बाहर से हथियार उपलब्ध कराए गए और चार हमलावरों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

### चलती बस में

थी और उसे एहसास हुआ कि वह अपने रिश्तेदार के घर से लगभग 25 किमी दूर है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि जब वह परिवहन के साधन की तलाश कर रही थी, तब एक बस उसके पास आकर रुकी।

पुलिस के अनुसार, परिचालक ने कथित तौर पर लड़की से कहा कि वे नोएडा सेक्टर 63 जा रहे हैं और उसे वहां छोड़ देंगे। पुलिस के मुताबिक, उसकी बातों पर भरोसा कर वह बस में चढ़ गई। पुलिस के अनुसार, हालांकि, बस उस रात नियमित यात्री सेवा के रूप में नहीं चल रही थी। ट्रैवल कंपनी और जांचकर्ताओं के मुताबिक, तकनीकी खराबी आने के बाद इसे मरम्मत के लिए ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित एक कार्यशाला में ले जाया गया था। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने शाम करीब पांच बजे कार्यशाला से बस ली और रात करीब नौ बजे रवाना हुए। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने बताया कि चार अगस्त की रात को कश्मीरी गेट थाने में 17 वर्षीय लड़की ने आकर सूचना दी कि उसके साथ नोएडा में एक बस में दुष्कर्म हुआ है।

### कौशांबी : पटाखा

लोगों के घायल होने की आशंका है। विस्फोट की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के बगल से गुजर रही दिल्ली-हावड़ा लाइन पर रेलगाड़ियों का संचालन एक घंटे के लिए रोक दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए कौशांबी के जिलाधिकारी डॉ अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत, प्रयागराज परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय मिश्रा मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल की गाड़ियां, तथा अन्य संबंधित विभागों के कर्मी राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं। घटनास्थल के पास पहुंची अजमेर सियालदह एक्सप्रेस को मनोरी रेलवे स्टेशन पर वापस भेज दिया गया। दिल्ली से बनारस जा रही वंदे भारत ट्रेन को एक स्टेशन पीछे सैयद सरावा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। इसके साथ ही एक घंटे तक रेलवे यातायात भी प्रभावित रहा। पहले बताया गया था कि करीब 15 लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि अभी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

### जेम खरीद

मिली है। 10 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को सार्वजनिक खरीद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश को मिले पुरस्कारों में- जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड, हाईएस्ट जेम प्रोक्योरमेंट वैल्यू और बेस्ट आउटरीच बिल्डिंग अवार्ड शामिल हैं। इन पुरस्कारों को उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव शशिभूषण लाल सुशील ने प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि केवल सरकारी खरीद के आंकड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे योगी सरकार के गुड गवर्नेंस और डिजिटल गवर्नेंस मॉडल की महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

### विकास को

जब उनके सार्वजनिक जीवन की शुरूआत और शुरूआती संघर्षों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सफलता व्यक्ति की पारिवारिक या सामाजिक पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि परिस्थितियां प्रतिकूल हों तब भी यदि व्यक्ति अपने उद्देश्य से विचलित न हो और मेहनत जारी रखे तो उसके लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुलते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी। संगठन के बूथ स्तर पर कार्य करने के साथ महाविद्यालय और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाने का अवसर मिला।

### राजनाथ सिंह

आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और जरूरी सहायता उपलब्ध कराई गई, ताकि वृद्धजनों और वंचित वर्ग के लोगों को उनके घर-आंगन के करीब ही सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। अभियान के अंतिम दिन विराज सागर दास ने संत रविदास मंदिर, भीम नगर, विश्वास खंड, गोमती नगर में संचालित जनसेवा शिविर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आए लाभार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद किया, आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए और उनका हालचाल जाना।

### अनाथ छात्र को

विशेषकर वृद्धजनों और असहाय परिवारों को सीधे स्वास्थ्य सुरक्षा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। विराज सागर दास के नेतृत्व में चला यह अभियान सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ-साथ जनसेवा को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने की पहल के रूप में सामने आया।

### हापुड़ : गंगा

बताया कि इन लोगों को सिखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।




# दिलीप ट्रॉफी : दक्षिण क्षेत्र का उत्तर क्षेत्र पर दबदबा

## तिलक का नाबाद शतक, उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कप्तान तिलक वर्मा की धैर्य और संयम से भरी नाबाद 106 रन की पारी के बूते दक्षिण क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। तिलक को इस दौरान श्रेयस गोपाल (87) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 285 रन बना लिये। उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी।

तिलक की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी पारी का पहला चौका 154वीं गेंद पर लगाया। वह दिन का खेल खत्म होने तक 225 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 106 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत 40 रन पर दो विकेट से आगे से की लेकिन गुरनूर बराड़ (70 रन पर चार विकेट) ने पहले सत्र में तीन विकेट झटककर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। बराड़ ने बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज एन जगदीशन (36) को बोल्ड करने के बाद आर स्मरण (27) और कोडिमेला हिमतेजा (शून्य) को पवेलियन की राह दिखाई।



तिलक और गोपाल ने इसके बाद मोर्चा संभाला और उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। गोपाल ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए नियमित अंतराल पर चौके लगाए, जबकि तिलक ने संयम के साथ बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा किया। अंशुल कंबोज (53 पर दो विकेट) की गेंद पर तिलक के खिलाफ पगबाधा की करीबी अपील को मैदानी अंपायर ने खारिज कर दिया लेकिन दिन के अंतिम सत्र में अर्शदीप (59 रन पर दो विकेट) ने गोपाल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। गोपाल ने 169 गेंदों की पारी में 11 चौके लगाये।

इसके बाद दक्षिण क्षेत्र ने जल्दी-जल्दी तीन और विकेट गंवा दिये। कंबोज ने तनय त्यागराजन को छह रन पर आउट किया। वहीं अर्शदीप ने विद्वथ कावेरप्पा का विकेट चटकाया। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच तिलक के हौसले नहीं डिगे। दिन का खेल खत्म होने पर वह कावुरी साईतेजा के साथ क्रीज पर थे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने कहा कि भारत के खिलाफ लंबे समय से लंबित सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के लिए भारत से बातचीत चल रही है और दोनों देश अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उपयुक्त समय की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### हमें यह पता करना होगा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमसे कहां गलती हुई: शेफाली वर्मा

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि थाईलैंड की कमजोर टीम के खिलाफ महिला एशिया कप के पहले मैच में 94 रन की आसान जीत के बावजूद टीम की बल्लेबाजी इकाई को टर्न लेती पिचों पर अपनी कमियों का आकलन करना होगा। शेफाली ने 36 गेंदों में 64 रन बनाकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। लेकिन भारत के मध्य क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। एक विकेट पर 91 रन के बाद उसका स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 127 रन हो गया और आखिर में उसने नौ विकेट पर 159 रन बनाए। थाईलैंड की टीम इसके जवाब में 65 रन पर आउट हो गई।

### सूर्यवंशी की पारी के बावजूद पूर्व क्षेत्र बढ़त लेने में नकाम रहा

बेंगलुरु। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 92 रन की आक्रामक पारी खेलकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया लेकिन दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पूर्व क्षेत्र की टीम मध्य क्षेत्र पर पहली पारी की बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (66 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (66 रन पर तीन विकेट) तथा आर्यन पांडे (43 रन पर तीन विकेट) ने पूर्व क्षेत्र के सभी 10 विकेट आपस में साझा किये जिससे पूर्व क्षेत्र की पूरी टीम 266 रन पर सिमट गई। इस तरह दोनों टीमों का पहली पारी का स्कोर बराबर रहा, क्योंकि मध्य क्षेत्र ने भी अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य क्षेत्र ने तीन विकेट पर 45 रन बना लिये थे। दिन का खेल खत्म होते समय अमन मोखाड़े (23) और आर्यन पांडे (04) क्रीज पर मौजूद थे।

स्टंप्स से कुछ मिनट पहले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर बड़ा झटका दिया। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने इस दौरान दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक जड़ने वाला सबसे कम उम्र का बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 1969 में 16 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की पारी की खासियत महज यह रिकॉर्ड नहीं था। 118 मिनट और 81 गेंदों तक चली उनकी पारी शुरुआत से ही पूरी तरह सहज नहीं दिखी लेकिन बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने शानदार धैर्य और जुझारूपन दिखाते हुए बल्लेबाजी जारी रखी।

# अंकुर ने अपना पहला डब्ल्यूटीटी खिताब व युगल में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य ने चेक गणराज्य में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीटी पुरुष एकल खिताब जीता और आकाश पाल के साथ युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके दोहरी सफलता हासिल की। विश्व रैंकिंग में 78वें नंबर के खिलाड़ी अंकुर ने एकल फाइनल में स्लोवेनिया के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेनी कोजुल को 3-1 (9-11, 11-4, 11-5, 11-6) से हराया।



इससे पहले उन्होंने आकाश के साथ मिलकर पुरुष युगल फाइनल में हंगरी के साबा एंड्रास सैंटोसी और पोलैंड के एलन कुलज़्की ज़ालेव्स्की को 3-1 (11-8, 4-11, 13-11, 11-9) से हराया था। अंकुर के लिए एकल फाइनल की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि कोजुल ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और अगले तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

पुरुष युगल में अंकुर और आकाश ने पहला गेम 11-8 से जीता, लेकिन सैंटोसी और ज़ालेव्स्की ने दूसरे गेम में 11-4 से जीत हासिल करके स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे गेम में कड़ी टक्कर के बाद भारतीय जोड़ी ने 13-11 से जीत हासिल करके फिर से बढ़त हासिल ली और फिर चौथे गेम में भी अपना संयम बनाए रखते हुए 11-9 से जीत दर्ज की। अंकुर ने इस तरह से डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में शानदार सत्र का समापन किया। यहां खिताब जीतने से पहले उन्होंने 2026 में दो टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल और दो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने फिनलैंड में 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया

नयी दिल्ली। भारत ने फिनलैंड में आयोजित आईटीटीएफ विश्व पैरा फ्यूचर लाहटी टूर्नामेंट से छह स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने एकल स्पर्धाओं में 10 पदक जीते थे। इसके बाद उन्होंने युगल में दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए। रमेशभाई चौधरी और सुमित सहगल ने पुरुष युगल के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के इब्राहिम अब्दुल्ला और रकन अब्दुल रहमान पर 3-0 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने दीपिका रानी रामनाथन के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित युगल का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। फाइनल में इस जोड़ी ने फिनलैंड के टिमो कालावेई और ऐनो तापोला को 3-0 से हराया। सोनल पटेल और रमेशभाई ने मिश्रित युगल में रजत पदक जीता, जबकि तीन भारतीय जोड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किए। शुभम वधवा और जेडी मदन ने पुरुष युगल में, प्राची पांडे और सविता अज्जनकट्टी ने महिला युगल में और शिवम पाल और नूरअली जमानी ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

## संक्षेप

### दिशा कुमार, आहिदा प्री क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु। कर्नाटक की तीसरी वरीयता प्राप्त दिशा कुमार ने सोमवार को यहां केएसएलटीए विश्व टेनिस टूर जूनियर जे30 बेंगलुरु के मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में सिद्धि पांडे को कड़े मुकाबले में 6-1, 6-7, 7-5 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त आहिदा सिंह ने भी शाजफा वानिया एसके को 6-3, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-18 वर्ग में खेल रहे कर्नाटक के 14 वर्षीय पुनीत मनोहर को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद परंजय सिवाच के खिलाफ 6-7,1-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यश कुमार को भी कड़े मुकाबले में श्लोक चौहान के खिलाफ 6-1 रहा।

### आईएएफ स्क्वाश चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी मैदान में

चंडीगढ़। भारत और विदेश के कुछ शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुई चार दिवसीय भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अंतरराष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा ले रही हैं जिनमें ब्रिटेन और श्रीलंका की अंतरराष्ट्रीय टीम तथा वेटरन्स टीम भी शामिल हैं। यह चैंपियनशिप यहां वायुसेना स्टेशन में आयोजित की जा रही है। इसमें टीम स्पर्धाओं के साथ ओपन एकल वर्ग भी रखा गया है जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ियों को एक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार चैंपियनशिप का समापन शुक्रवार को होगा। उद्घाटन समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### प्रणवी उर्स आयरिश ओपन में संयुक्त 17वें स्थान पर रहीं

किल्डारे (आयरलैंड)। प्रणवी उर्स अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहीं। कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी का कुल स्कोर आठ अंडर 280 रहा। उन्होंने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं। इससे पहले भारत की दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और हिताक्षी बख्शी कट हासिल करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका की कसांद्रा एलेक्जेंडर ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

# विश्व कप : डच किला फतेह, भारत ने फिर गंवाया मौका

एजेंसी

**वॉवरे एम्सटेलवीन।** पिछले सोलह दिन से चल रहे विश्व हॉकी के महासमर में एक ओर महिला वर्ग में डच दबदबा टूटा तो पुरूष हॉकी में जर्मनी ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया

**जर्मनी का दबदबा कायम**

जबकि भारतीय टीमें पांच दशक बाद पदक के करीब पहुंचकर एक बार फिर चूक गई। यूट्रेक्ट में 1998 में हुए विश्व कप के बाद पहली बार महिला और पुरूष टूर्नामेंट एक साथ खेले गए लेकिन दो देशों में और दो शहरों में।

नीदरलैंड ने पहली बार एम्सटेलवीन में हॉकी के लिये खास तौर पर बनाये गए वेगनेर स्टेडियम में विश्व कप की मेजबानी की तो बेल्जियम के वॉवर में बेलफियस हॉकी एरेना के रूप में खेल को नया ठिकाना मिला। एम्सटेलवीन में खचाखच भरे स्टेडियम में संगीत के साथ हॉकी जलसे की तरह लगी तो ब्रसेल्स शहर से दूर वॉवरे में बीयर और वॉफेल्स के साथ हॉकी सुकून की तरह नजर आई। लेकिन दोनों ही मेजबान दिग्गज खिताब से वंचित रह गए।



क्वार्टर फाइनल की बजाय पहले दौर के बाद क्रॉसओवर मुकाबलों वाले प्रारूप पर भी सवाल उठे। महिला हॉकी में नौ बार की चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को अर्जेंटीना की साहसी टीम ने नारंगी रंग से सराबोर खचाखच भरे स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने पेनल्टी शूटआउट में पटखनी दी। रोसारियो में 2010 में अर्जेंटीना जीती थी लेकिन उसके बाद से लगातार नीदरलैंड ने ही तीन विश्व कप जीते।

बेल्जियम ने आस्ट्रेलिया को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई दिग्गज और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन की टीम आठवें स्थान पर रही। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन ने सर्वाधिक आठ गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय गोल का शतक भी पूरा किया। महिला हॉकी में शीर्ष टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का आकलन इसी से किया जा सकता है कि दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले का फैसला एक गोल के अंतर से हुआ।

### भारत ने सीरिया को 1-0 से हराया

ताशकंद। भारत ने सोमवार को यहां डोस्तलिक स्टेडियम में शमी सिंगामायुम के 86वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत सीरिया को 1-0 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2027 फुटबॉल क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सिंगामायुम ने स्थानापन्न खिलाड़ी एमडी अरबाश के साथ मिलकर बने बेहतरीन मूव को गोल में तब्दील किया और ग्रुप बी के मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाई। यह अंडर-19।अंडर-20 स्तर पर सीरिया के खिलाफ भारत की पहली प्रतिस्पर्धी जीत भी है। मैच में अधिकांश समय भारत को सीरिया के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने धैर्य नहीं खोया। कोच महेश गवली की टीम ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए सीरियाई हमलों को झेला और शानदार रक्षात्मक खेल का परिचय देते हुए।

# चाइना मास्टर्स में भारत की अगुवाई करेंगे लक्ष्य

एजेंसी

शेनझेन। विश्व चैंपियनशिप में शुरुआत में ही बाहर होने वाले लक्ष्य सेन अपनी इस निराशा को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले।,250,000 अमेरिकी डॉलर के चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सेन को हालांकि पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वह अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के विश्व चैंपियन एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। जून में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत पहले मैच में चीनी ताइपे के ची यु-जेन का सामना करेंगे। इस सत्र में उनका प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है।

कनाडा ओपन में चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा, जिसके बाद कोरिया मास्टर्स में भी वे पहले ही दौर में बाहर हो गए। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भारत को काफी उम्मीद होगी। सात्विक और चिराग ने इस साल की शुरुआत में सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल का अंतरराष्ट्रीय खिताब का इंतजार खत्म किया।

वे चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। महिला एकल में भारत की निगाहें तीन युवा खिलाड़ियों उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और देविका सिहाग पर टिकी रहेगी। रोहतक की 18 वर्षीय उन्नति का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा।

**महिला एकल में तीन युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर**

तन्वी का मुकाबला डेनमार्क की अमाली शुल्ज़ से होगा और देविका का बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष जोड़ी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा, जो 2021 के विश्व चैंपियन हैं।

### एसएलसी को महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन श्रीलंका में ही होने की उम्मीद

कोलंबो। श्रीलंका के अंतरिम क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह खेल प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच अगले साल होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी देश में बनाए रखने के लिए बुनियाद से ही सुधारवादी कदम उठाएगा। देश के खेल मंत्री द्वारा नियुक्त अंतरिम समिति के अध्यक्ष एरन विक्रमरत्ने ने कहा कि उनकी समिति श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के प्रशासन में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमरत्ने ने कहा, हम बुनियाद से ही सुधार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। छह टीम का यह टी20 टूर्नामेंट फरवरी 2027 में आयोजित होना है लेकिन ऐसी संभावना है कि एसएलसी के प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण इसे श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अंतरिम समिति में शामिल अधिकारी प्रकाश शाफ्टर ने कहा कि करीब ढाई महीने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संकेत दिया था कि वह श्रीलंका के अलावा किसी वैकल्पिक स्थल की तलाश कर रहा है।

# जोकोविच यूएस ओपन से बाहर, पेगुला व मेद्वेदेव आगे बढ़े

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दिग्गज खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अपने करियर में पहली बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। रविवार को चार घंटे 36 मिनट तक चले पांच सेटों के इस मैराथन मैच में जोकोविच को अर्जेंटीना के मारियानो नावोन से 7-6 (5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन के पहले दौर में इससे पहले जोकोविच का रिकॉर्ड 19-0 था और उन्होंने 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच नहीं हारा था।

लेकिन फ्लशिंग मीडोज में चौथी वरीयता प्राप्त और चार बार के चैंपियन 39 वर्षीय जोकोविच काफी परेशान नजर आए। मैच के दौरान उन्हें उल्टी हुई और पैरों में भी तकलीफ हुई। इस बीच उन्होंने 70 बेजा गलतियां की। जोकोविच यूएस ओपन में तीसरे दौर से पहले कभी नहीं हारे थे। यह उनके करियर में किसी ग्रैंड



स्लैम टूर्नामेंट के पहले दौर में सबसे लंबी अवधि का मैच था। यूएस ओपन में अपने पदार्पण के ठीक 21 साल बाद मिली इस हार से अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह इस या किसी भी ग्रैंड स्लैम में जोकोविच का आखिरी मैच था। पहले सेट के दौरान उनका मैच बीच में ही रोक दिया गया ताकि बारिश के कारण आर्थर ऐश स्टेडियम की छत को बंद किया जा सके।

बचपन से ही जोकोविच को अपना आदर्श मानने वाले नावोन ने मैच के बाद कहा, मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि आप इस कोर्ट पर सर्वकालिक महान खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से कोर्ट पर यह मेरा अब तक का सबसे बेहतरीन अनुभव रहा है। यह शानदार कोर्ट है और सबसे बड़ा मंच है। जिस तरह से हमने खेल दिखाया वह अद्भुत था। मेरे कहने का मतलब है की पांच सेट तक मैच चला। मैं बहुत खुश हूं और यह बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-2 से हराया। इस सत्र में सर्वाधिक 46 मैच जीतने वाली पेगुला का अगला मुकाबला वीनस विलियम्स और वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। पेगुला ने कहा, मैदान में उतरने से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी।

# यूपी टी-20 लीग के प्लेऑफ मैच अब लखनऊ में

खेल संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में लगातार हो रही बारिश और मौसम की स्थितियों को देखते हुए यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस के आगामी प्लेऑफ व फाइनल के मैचों को कानपुर से लखनऊ स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। अब लीग के प्लेऑफ

**खिलाड़ियों की सुरक्षा, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और बेहतर खेल स्थितियां सर्वोच्च प्राथमिकता : संजय कपूर**

और फाइनल मैच पूर्व निर्धारित तिथियाँ में लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने इस बारे में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित प्रेस



वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लीग प्रबंधन के लिए खिलाड़ियों के हित, सभी टीमों को समान एवं खेल के लिए बेहतर स्थितियां देना और मैचों की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कानपुर में लगातार बारिश से मैचों को पूरा कराना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण खेल व खिलाड़ियों की प्रतिभाओं पर असर पड़ रहा है। ऐसे में प्लेऑफ जैसे महत्वपूर्ण और निर्णायक मैचों में सभी टीमों को पूरे 20 ओवर खेलने का समान और उचित अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। हमने आने वाले दिनों में मौसम के पूर्वानुमान का अवलोकन किया जिसमें कानपुर में लगातार बारिश दिखाई जा रही है। उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए प्लेऑफ के मैच व फाइनल को लखनऊ में स्थानांतरित करने का निर्णय बड़े भारी मन से लिया गया है। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यह निर्णय किसी एक टीम के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि खेल की निष्पक्षता और खिलाड़ियों के हित में लिया गया है।

### मयंक अग्रवाल काउंटी टीम डरहम की ओर से खेलेंगे

डरहम। भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन-दो के बाकी चार मुकाबलों के लिए डरहम टीम से जुड़ गए। डरहम क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर इस जानकारी को साझा करते हुए लिखा कि दाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अग्रवाल दो सितंबर से नॉर्थम्पटनशर के खिलाफ होने वाले मुकाबले में डरहम के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह मुकाबला काउंटी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

डरहम की टीम इस समय काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-दो की अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन ड्रॉ के साथ कुल 191 अंक हासिल किए हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 21 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 41.33 की औसत से करीब।,500 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

# मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से लिया संन्यास

एजेंसी

**अर्जेंटीना।** मेसी ने 2016 में भी संन्यास लिया था। तब वे 3 वर्ल्ड कप में कप्तानी कर चुके थे, लेकिन जीत नहीं सके थे। उन्होंने अपना फैसला बदला और टीम को 2022 का वर्ल्ड कप जिताया। लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम से इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। उनका आखिरी मैच वर्ल्ड कप फाइनल था, जिसमें अर्जेंटीना को स्पेन से हार मिली थी। मेसी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर हाथ से लिखे नोट की तस्वीर के साथ संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद 21 जुलाई को उन्होंने संन्यास का फैसला लिख लिया था। 39 साल के मेसी ने कहा कि उनके पिता जॉर्ज मेसी की मौत के बाद उन्हें लगा कि अर्जेंटीना के लिए करियर खत्म करने का यही सही समय है।' जॉर्ज मेसी का 8 अगस्त को सेंट्रल अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में निधन हुआ था। वे 68 साल के थे।

मेसी ने लिखा, यह फैसला लेना तकलीफदेह था और आज भी दिल के अंदर तक दुख देता है, लेकिन मैं समझता हूं कि अब समय आ गया है। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है। सिर्फ उन पिछले कुछ सालों में नहीं, जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने इस जर्सी के लिए हमेशा संघर्ष किया। मैदान पर अपना सब कुछ छोड़ा, ताकि आपको खुशी दे सकूं। फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीनियन होने पर गर्व महसूस करा सकूं। समय कम बचा है और अध्याय खत्म होते हैं। यह भी ऐसा ही एक अध्याय है, जो मुझे बहुत दुख देता है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना पसंद था, पसंद है और हमेशा रहेगा। मैंने अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है। अब मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। इसके अलावा, कई बेहतरीन युवा खिलाड़ी आ रहे हैं, जो यहां होने के हकदार हैं। मेसी ने अपने पिता की मौत के बाद एक पोस्ट में लिखा था कि उन्हें इस बात को लेकर 'काफी संदेह' था कि वे ज्यादा समय तक अर्जेंटीना के लिए खेलना जारी रख पाएंगे या नहीं। उन्होंने स्पेन के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में अपने प्रदर्शन को लेकर भी लिखा था, ह्यमेरे पैर अब आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। इस बार मैंने अपनी



शारीरिक सीमाओं से आगे जाने की कोशिश की, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मेसी ने अपने नोट में बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा लिखी थी। उन्होंने कहा कि पिता के साथ हुई घटना के बाद वे इस फैसले को लेकर पहले से ज्यादा पक्के हो गए। मेसी ने अर्जेंटीना के फैंस को पिछले 20 साल के प्यार के लिए शुक्रिया कहा।

# खिल उठा भारत, निराशावादी हुए नाकाम

## जीडीपी में 7.8 प्रतिशत वृद्धि पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि की सराहना की और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसते हुए कहा, निराशावादी नाकाम हुए और भारत एक बार फिर खिल उठा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि एक असाधारण उपलब्धि है।

मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच तेल की कीमतों में झटकों और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्याओं के बावजूद हमारे लोगों की सामूहिक ताकत ने भारत को इतनी मजबूत वृद्धि दर्ज करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि निराशावादी नाकाम हुए और भारत खिल उठा... एक बार फिर। ईरान में युद्ध और उसके चलते पैदा हुई वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता से वृद्धि दर प्रभावित होने की आशंकाओं के बावजूद, अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती प्रदर्शित की और उम्मीद से अधिक तेजी से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अनुमान से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह अमेरिका-ईरान युद्ध और इसकी वजह से उपजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू आर्थिक गतिविधियों की मजबूती को दर्शाता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 की जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही के 8.6 प्रतिशत के मुकाबले कम रही है। लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने और ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल के बाद लगाए गए अनुमानों से भारत की जीडीपी वृद्धि अधिक रही है। सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 6.9 प्रतिशत थी। पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सात प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। ईरान संघर्ष से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी, महंगाई के दबाव और वैश्विक मांग कमजोर होने की आशंका पैदा हुई थी। ऐसे में उम्मीद से बेहतर वृद्धि दर से संकेत मिलता है कि बाहरी झटकों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि की गति अब तक कायम रही है। यह आंकड़ा नीति-निर्माताओं के लिए कुछ राहत लेकर आया है, क्योंकि वे वृद्धि को बनाए रखने के प्रयासों के साथ भू-राजनीतिक तनाव और जिंस बाजारों में उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों के बीच संतुलन बनाने में जुटे हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 81.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में यह 75.46 लाख करोड़ रुपये था।

# अब उज्बेकिस्तान में भी यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे भारतीय यात्री





नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय इकाई एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और उज्बेकिस्तान के नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर (एनआईपीसी) ने पूरे उज्बेकिस्तान में यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी की है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार, इस साझेदारी के तहत भारतीय पर्यटक, कारोबारी यात्री और विद्यार्थी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड यूजेडक्यूआर को स्कैन कर दुकानों और अन्य कारोबारियों को तत्काल भुगतान कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि एनआईपीएल ने 30 अगस्त, 2026 को उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली एचयूएमओ का संचालन करने वाली नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर जेएससी (एनआईपीसी) के साथ वाणिज्यिक समझौता किया। इस साझेदारी की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान की गई।

समझौते को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उज्बेकिस्तान के केंद्रीय बैंक (सीबीयू) समेत वित्तीय नियामकों से औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद लागू किया गया है। सीबीयू ने एचयूएमओ को सीमा पार कारोबारी भुगतान स्वीकार करने के लिए एनआईपीएल के अधिकृत भागीदार के रूप में नामित किया है। मंत्रालय ने कहा कि सीबीयू द्वारा अनिवार्य एकीकृत राष्ट्रीय क्यूआर ढांचे (यूजेडक्यूआर) के साथ जुड़ने से उज्बेकिस्तान में खुदरा, आतिथ्य और सेवा क्षेत्र के कारोबारियों के यहां यूपीआई उपयोगकर्ताओं को लगभग हर जगह भुगतान की सुविधा मिलेगी। भारतीय पर्यटक, कारोबारी यात्री और छात्र अपने भारतीय बैंक खातों से सीधे व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इससे विदेशी मुद्रा पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क से बचने और अंतरराष्ट्रीय कार्ड या नकदी पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाती है और दोनों देशों के व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप है।

**संक्षेप**

### आईओसी ने एलपीजी उत्पादन 30 प्रतिशत बढ़ाया

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित होने और ऊर्जा आपूर्ति के जोखिम के बीच रसोई गैस (एलपीजी) उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तथा अपनी रिफाइनरियों को 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित किया। कंपनी की 67वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए साहनी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कच्चे तेल की आपूर्ति में चुनौतियों के बावजूद आईओसी ने कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता, रिफाइनरी संचालन में बदलाव किया और वैकल्पिक आपूर्ति सुनिश्चित की। इस अभूतपूर्व संकट के दौरान इंडियन ऑयल की प्राथमिकता स्पष्ट रही है...सीमित आपूर्ति विकल्पों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखना। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसमें से करीब 45 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात और लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा है। ऐसे में इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में किसी भी बाधा का देश की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता है।

# आर्थिक वृद्धि दर सरकार के सुधारों, कुशल आर्थिक प्रबंधन का परिणामः सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की आर्थिक वृद्धि दर केंद्र की राजग सरकार के सुधारों और अर्थव्यवस्था के कुशल प्रबंधन के सकारात्मक परिणाम को दर्शाती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। पहली तिमाही में देश की यह आर्थिक वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से कहीं अधिक है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय भारत के लोगों और उनकी मेहनत को जाता है। राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार के सुधारों और अर्थव्यवस्था के कुशल प्रबंधन के परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सभी नागरिकों के लिए आर्थिक अवसरों का और विस्तार करने को प्रतिबद्ध है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मौजूदा मूल्य पर जीडीपी में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

### रिकॉर्ड 7.5 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

नयी दिल्ली। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक रिकॉर्ड 7.5 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। कारोबार या पेशेवर आमदनी वाले और ऑडिट के दायरे में नहीं आने वाले करदाताओं के लिए आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा 31 अगस्त मध्यरात्रि को समाप्त हो रही है। ऐसे में आज रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सोमवार दोपहर तक 7.5 करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके थे। इनमें 31 जुलाई की समयसीमा तक दाखिल किए गए 5.9 करोड़ से अधिक आईटीआर-। और आईटीआर-2 भी शामिल हैं।

### भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में 3317 खरीदारों ने कराया पंजीकरण

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर में होने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन 2026 के लिए अब तक 138 देशों के 3,317 खरीदारों ने पंजीकरण कराया है। इससे भारतीय चावल की किस्मों में बढ़ती वैश्विक रुचि का पता चलता है। बीआईआरसी 2026 का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर तक भारत मंडपम में होगा। आयोजक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त तक 138 देशों के 3,317 खरीदारों ने पंजीकरण कराया है। बीआईआरसी 2026 को मिल रही प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से बताती है कि वैश्विक बाजारों का भारत की ओर कितना व्यापक रुझान है। 138 देशों के 3,317 खरीदार पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। इस अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को भारतीय चावल निर्यातकों के लिए नए व्यापार मार्गों में बदलने पर है।





# रक्षा क्षेत्र में एफडीआई नियमों में ढील देने पर विचार कर रही है सरकार






नयी दिल्ली। सरकार विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में और ढील देने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) इस मुद्दे पर संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से संबंधित नियमों में कुछ ढील देने पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल रक्षा क्षेत्र में 74 प्रतिशत तक एफडीआई की स्वतः मंजूरी मार्ग से और इससे अधिक विदेशी निवेश की सरकारी मंजूरी मार्ग से अनुमति है। हालांकि, आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिलने की संभावना वाले मामलों में ही 74 प्रतिशत से अधिक एफडीआई की अनुमति दी जाती है। इस नीति के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी और रक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अधीन है। भारत में अप्रैल, 2000 से मार्च, 2026 के बीच रक्षा उद्योगों में 3.23 करोड़ डॉलर का एफडीआई आया है। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश का रक्षा बजट 2013-14 के 2.53 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 में 7.85 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। रक्षा क्षेत्र से निर्यात 2013-14 के 686 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये हो गया। इसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 17,353 करोड़ रुपये यानी 45.16 प्रतिशत और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी 21,071 करोड़ रुपये यानी 54.84 प्रतिशत रही। सरकार ने वर्ष 2029 तक सालाना तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा है।

**इंटरटेनमेंट...**

# 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश ने कमाये 42 करोड़





**मुंबई।** इन दिनों तीन बड़ी फिल्में आवारापन 2, टॉक्सिक और बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में हैं। तीनों ही फिल्मों में बड़ी स्टारकास्ट है, किसी में सनी देओल, किसी में केजीएफ स्टार यश और एक में इमरान हाशमी। बॉक्स ऑफिस क्लेश में आवारापन 2 और टॉक्सिक आगे निकल गईं और बंटवारा 1947 पीछे रह गई। इसी बीच एक लड़की का सिनेमाघरों में खड़े रोते हुए वीडियो वायरल हो गया।

> टॉक्सिक हटाकर इसे स्क्रीन दी गई, जय संतोषी मां के साथ यही हुआ, जानिए एक्सपर्ट की राय

हर किसी ने माना की लड़की इन तीनों में से कोई एक फिल्म की टिकट न मिलने से भावुक हो गई। लेकिन पूछे जाने पर उसने कहा मैं फिल्म हनुमान अंश देखने आई थी, लेकिन टिकट नहीं मिले। हैरानी की बात है कि जहां टॉक्सिक जैसी 500-1000 करोड़ में बनी फिल्मों के सिनेमाघर खाली पड़े हैं, वहां महज 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश हाउसफुल कैसे हुई। इस फिल्म के हीरो का न तो इससे पहले किसी ने नाम सुना और न ही डायरेक्टर का। फिल्म का न तो भव्य प्रमोशन किया गया और न ही इसके फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर की कोई खबर थी। इन्हें फिल्म के ही सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया गया। नीम करोली बाबा पर बनी ये फिल्म शुरूआती 2 हफ्तों तक कोई कमाई नहीं कर सकी, लेकिन चौथे हफ्ते कुछ ऐसा हुआ कि टॉक्सिक जैसी बड़ी फिल्म से क्लैश के बावजूद इसने 800 प्रतिशत मुनाफा कमाते हुए 42 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। बड़ी-बड़ी फिल्में हटाकर अब इसे स्क्रीन्स दी जा रही हैं। टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर भी इसकी बुकिंग ज्यादा हैं। आज से 50 साल पहले 15 अगस्त 1975 को अमिताभ बच्चन-धर्मेंद्र की फिल्म शोले रिलीज हुई। बड़े बजट, बड़ी स्टारकास्टिंग और बड़े डायरेक्टर रमेश सिप्पी की इस फिल्म पर हर किसी की नजरें थीं। कोई बड़ा फिल्ममेकर इस फिल्म के आसपास अपनी फिल्में रिलीज नहीं करना चाहता था। लेकिन इस फिल्म के साथ ही 25 लाख में बनी धार्मिक फिल्म जय संतोषी मां रिलीज की गई।

### हॉलीवुड पर टेक कंपनियां हावी

**मुंबई।** हॉलीवुड में टेक का दखल नया नहीं है। अमेजन, एपल, सोनी और नेटफ्लिक्स पहले ही स्टूडियो व्यवस्था का हिस्सा हैं। हॉलीवुड हमेशा अपने दौर के ताकतवर लोगों और संस्थाओं की कहानियां बेखौफ चित्रित करता आया है। लेकिन, बड़ी टेक कंपनियां नई चुनौती हैं। मार्क जुकरबर्ग की मेटा, सैम ऑल्टमैन की ओपनएआई और एलन मस्क जैसे टेक दिग्गजों की जिंदगी ड्रामा, सत्ता संघर्ष, विवाद और मुकदमों से भरपूर है।

# कंगना रनोट-बाबा रामदेव की सुलह की इनसाइड स्टोरी



**मुंबई।** बाबा रामदेव और कंगना के बीच जेन जी को गटरछाप कहने पर विवाद हुआ था। योगगुरु बाबा रामदेव और बीजेपी सांसद-एक्ट्रेस कंगना रनौत के बीच पिछले दिनों से चल रहा विवाद अब खत्म हो गया है। रक्षाबंधन के मौके पर दोनों के बीच पैचअप की पूरी कवायद दिल्ली के 14 जनपथ स्थित कंगना रनौत के आवास पर हुई। बाबा रामदेव की ओर से उनके प्रवक्ता एस.के. तिजारावाला गिफ्ट लेकर कंगना के घर पहुंचे। दोनों ने बात कर सहमति जताई है कि वह सार्वजनिक तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी नहीं करेंगे। कंगना ने सुलह के बाद अब बाबा रामदेव को राखी भी भिजवाई है। कंगना से मुलाकात के बाद बाबा रामदेव और कंगना की फोन पर भी बात कराई गई। कंगना के करीबी और उनके राजनीतिक सलाहकार मयंक मधुर के मुताबिक, इस बातचीत के साथ दोनों के बीच चल रही नाराजगी और सार्वजनिक बयानबाजी को खत्म करने पर सहमति बन गई है।





Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com